शुक्रवार, 31 जनवरी 2025

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 31 – 21 |
| आर्द्रता | 75% |
| सूर्योदय: 6:16 | सूर्यास्त: 17:24 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, माघ शुक्लपक्ष द्वितीया, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : भरोसा रुका तो इंसान पराया होता है और सांसे रुकी तो शरीर।




मुख्य सचिव और डीजीपी ने महाकुंभ नगर में घटनास्थल का निरीक्षण किया –पृष्ठ 6


**RED-X**
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555


## विपक्ष ने महाकुंभ में भगदड़ पर चर्चा की मांग की

### सरकार बोली: बजट सत्र का एजेंडा बीएसी तय करेगी

**नयी दिल्ली :** बजट सत्र से पहले बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में विपक्षी दलों ने बृहस्पतिवार को कहा कि महाकुंभ में भगदड़ तथा इस आयोजन में अतिविशिष्ट लोगों को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कथित तौर पर अधिक तवज्जो दिए जाने के विषय पर संसद में चर्चा होनी चाहिए तथा शोक प्रस्ताव लाना चाहिए। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि बजट सत्र के एजेंडे के बारे में फैसला कार्य मंत्रणा समिति (बीएसी) निर्णय करेगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई सर्वदलीय बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत में रीजीजू ने कहा कि बैठक सकारात्मक रही। बैठक में 36 दलों के 52 नेताओं ने भाग लिया। रीजीजू ने कहा, ''पार्टी नेताओं ने कुछ मुद्दे उठाए और उन मुद्दों पर चर्चा की मांग की। कार्य मंत्रणा समिति (बीएसी) तय करेगी कि किन मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।'' सत्र की शुरुआत शुक्रवार को दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति के अभिभाषण से होगी और बजट एक



फरवरी को पेश किया जाएगा। सत्र का पहला चरण 13 फरवरी को समाप्त होगा और दूसरा चरण 10 मार्च से शुरू होकर चार अप्रैल तक चलेगा। इस सत्र के विधायी एजेंडे में वक्फ (संशोधन) विधेयक समेत कुल 16 विधेयक शामिल हैं। सूत्रों ने कहा कि जब कांग्रेस और समाजवादी पार्टी जैसे विपक्षी दलों ने भगदड़ का मुद्दा उठाया तो राजनाथ सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार महाकुंभ त्रासदी की जांच कर रही है। महाकुंभ में भगदड़ पर चर्चा की विपक्ष की मांग के बारे में पूछे जाने पर मंत्री ने कहा कि निर्णय बीएसी द्वारा लिया जाएगा। रीजीजू ने कहा, ''कई महत्वपूर्ण मुद्दे हैं... महाकुंभ का भी उल्लेख किया गया।'' यह पारंपरिक बैठक राजनीतिक दलों को सरकार के विधायी एजेंडे के बारे में सूचित करने और सत्र के दौरान उनके द्वारा उठाए जाने वाले मुद्दों पर जानकारी प्राप्त करने के लिए बुलाई जाती है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''आज सुबह संसद सत्र से पहले हुई सर्वदलीय बैठक में विपक्षी दलों के नेताओं ने सरकार से महाकुंभ में मची भगदड़ के कारण हुई दुर्भाग्यपूर्ण मौतों पर सामूहिक शोक व्यक्त करने के लिए एक प्रस्ताव लाने का आग्रह किया।'' इससे पहले, राज्यसभा में कांग्रेस के उप नेता प्रमोद तिवारी ने बृहस्पतिवार को कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' ('इंडिया') संसद के बजट सत्र में सभी मुद्दों को उठाएगा। सर्वदलीय बैठक में भाजपा के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जे पी नड्डा, कांग्रेस के गौरव गोगोई और जयराम रमेश, द्रविड़ मुनेत्र कषगम के टी. आर. बालू, तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंद्योपाध्याय और डेरेक ओ ब्रायन समेत कई नेताओं ने भाग लिया।

## अमृत स्नान, सभी प्रमुख स्नान पर्वों पर वीआईपी आवाजाही पर प्रतिबंध

**महाकुंभ नगर :** महाकुंभ मेले में भारी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए प्रदेश सरकार ने अमृत स्नान और सभी प्रमुख स्नान पर्वों पर विशिष्ट और अति विशिष्ट व्यक्तियों (वीआईपी व वीवीआईपी) के प्रोटोकॉल पर प्रतिबंध लगा दिया है। सरकार द्वारा जारी बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अमृत स्नान और प्रमुख स्नान पर्वों पर तथा इसके समीप की तिथियों पर मेला प्रशासन किसी प्रकार का वीआईपी प्रोटोकॉल लागू नहीं करेगा। उल्लेखनीय है कि महाकुंभ मेला–2025 के प्रारंभ में ही योगी सरकार ने अमृत स्नान और प्रमुख स्नान पर्वों पर तथा उसके एक दिन पहले और एक दिन बाद की तिथियों पर विशिष्ट व्यक्तियों का आवागमन रोकने को लेकर एक सर्कुलर जारी किया था। बयान के मुताबिक, इस पहल से आम श्रद्धालु विशिष्ट व्यक्तियों के आने–जाने के कारण होने वाली असुविधा से चिंता मुक्त होकर मेला क्षेत्र में घूम फिर सकेंगे। ऐसे में, बसंत पंचमी, माघी पूर्णिमा और महाशिवरात्रि को और इसके एक दिन पहले एवं एक दिन बाद तीर्थराज प्रयागराज में आवागमन के इच्छुक विशिष्ट और अति विशिष्ट व्यक्तियों को प्रोटोकॉल नहीं मिल सकेगा।

### प्रयागराज में वाहनों के प्रवेश पर रोक हटाई जा रही है : जिला मजिस्ट्रेट

**प्रयागराज :** महाकुंभ मेले से श्रद्धालुओं की भीड़ की सुगम वापसी सुनिश्चित करने के मद्देनजर जिला मजिस्ट्रेट रवींद्र कुमार मांदड़ ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रयागराज कमिश्नरेट से 'डायवर्जन स्कीम' (वाहनों के प्रवेश और निकास) हटाई जा रही है। उन्होंने कहा, ''सोशल मीडिया पर एक समाचार तेजी से वायरल हो रहा है कि चार फरवरी तक प्रयागराज में वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। यह समाचार पूरी तरह से निराधार है। प्रयागराज में वाहनों का प्रवेश (डायवर्जन स्कीम) मौनी अमावस्या को देखते हुए प्रतिबंधित किया गया था।'' मांदड़ ने कहा, आज 30 जनवरी को सभी श्रद्धालु वापस लौट रहे हैं। पुलिस द्वारा 'डायवर्जन स्कीम' को हटाया जा रहा है और बैरिकेड हटाने के निर्देश पुलिस को दिए गए हैं। 31 जनवरी, एक फरवरी और चार फरवरी को किसी प्रकार वाहनों के प्रवेश पर कोई प्रतिबंध नहीं रहेगा। उन्होंने कहा, केवल दो और तीन फरवरी (बसंत पंचमी स्नान पर्व) को 'डायवर्जन स्कीम' लागू रहेगी। मेला क्षेत्र में वाहनों के प्रवेश की एक अलग प्रक्रिया है।

### महाकुंभ के बीच प्रयागराज के लिए किराया हुआ स्थिर, उड़ानें बढ़ाईं : इंडिगो

**नयी दिल्ली :** एयरलाइन कंपनी इंडिगो ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रयागराज के लिए उड़ानों का किराया स्थिर हो गया है और उसने महाकुंभ के लिए इस मार्ग पर उड़ानों की संख्या बढ़ाकर 900 कर दी है। यात्रियों की बढ़ती मांग के चलते प्रयागराज की उड़ानों पर किराये में बढ़ोतरी को लेकर लगातार चिंता बनी हुई है और सरकार ने एयरलाइन कंपनियों से टिकट की कीमतें स्थिर रखने के साथ–साथ इस मार्ग पर और अधिक उड़ानें संचालित करने को कहा है। महाकुंभ 13 जनवरी से शुरू हुआ है और 26 फरवरी को समाप्त होगा। कंपनी ने बयान में कहा, इस अवधि के दौरान, इंडिगो प्रयागराज को भारत में 10 स्थानों से जोड़ेगी। इनमें दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद, लखनऊ, रायपुर और भुवनेश्वर से मौजूदा संपर्क के अलावा अहमदाबाद, कोलकाता और जयपुर से उड़ानें भी शामिल होंगी।

### देश को मध्यम आय के जाल में फंसा रही है मोदी सरकार: कांग्रेस

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस ने केंद्रीय बजट पेश किए जाने से दो दिन पहले बृहस्पतिवार को अर्थव्यवस्था की स्थिति को लेकर एक रिपोर्ट जारी की और दावा किया कि मोदी सरकार भारत को मध्यम आय के जाल (मिडल इनकम ट्रैप) में फंसा रही है, जिससे देश अप्रतिस्पर्धी होने के साथ अल्प उत्पादन और असमानता की चपेट में आ जाएगा। मुख्य विपक्षी दल ने यह भी कहा कि सरकारी आंकड़ों में भले ही वर्ष 2024–25 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि 6.4 प्रतिशत होने की उम्मीद जताई गयी है, लेकिन यह दर कोई जश्न मनाने वाली स्थिति नहीं है क्योंकि यदि भारत अपनी आबादी का लाभ लेना चाहता है तो उसे आठ प्रतिशत वृद्धि हासिल करनी होगी।

## जयशंकर ने ट्रंप को 'अमेरिकी राष्ट्रवादी' कहा; भारत, अमेरिका के बीच मजबूत संबंधों का जिक्र किया

**नयी दिल्ली :** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत–अमेरिका के बीच मजबूत द्विपक्षीय संबंधों का उल्लेख करते हुए बृहस्पतिवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को एक ''अमेरिकी राष्ट्रवादी'' बताया। दिल्ली विश्वविद्यालय(डीयू) के हंसराज कॉलेज में एक संवाद सत्र में जयशंकर ने वैश्विक कूटनीति की उभरती प्रकृति और इसके प्रति भारत के दृष्टिकोण को रेखांकित किया। ट्रंप भारत के मित्र हैं या शत्रु, इस बारे में पूछे गए प्रश्न का उत्तर देते हुए जयशंकर ने कहा, ''मैंने हाल ही में उनके (ट्रंप के) शपथ ग्रहण समारोह में भाग लिया था और हमारे साथ अच्छा व्यवहार किया गया। मेरा मानना है कि वह एक अमेरिकी राष्ट्रवादी हैं।'' उन्होंने स्वीकार किया कि ट्रंप की नीतियां वैश्विक मामलों में महत्वपूर्ण बदलाव ला सकती हैं, लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत की विदेश नीति राष्ट्रीय हित से निर्देशित होती रहेगी। जयशंकर ने



कहा, ''हां, वह (ट्रंप) बहुत सी चीजें बदलेंगे, हो सकता है कि कुछ चीजें उम्मीद के अनुरूप नहीं हों, लेकिन हमें देश के हित में विदेश नीतियों के संदर्भ में खुला रहना होगा।'' उन्होंने कहा, ''कुछ मुद्दे हो सकते हैं जिन पर हम एकमत न हों, लेकिन कई क्षेत्र ऐसे होंगे जहां चीजें हमारे दायरे में होंगी।'' जयशंकर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ट्रंप के बीच मजबूत व्यक्तिगत संबंधों पर भी जोर देते हुए कहा, ''अमेरिका के साथ हमारे संबंध मजबूत हैं और मोदी के ट्रंप के साथ अच्छे व्यक्तिगत संबंध हैं।'' सत्र के दौरान, जयशंकर ने भारत के बढ़ते वैश्विक प्रभाव और देश के बारे में बदलती धारणाओं के बारे में बात की। उन्होंने कहा, ''यहां तक कि अब गैर–भारतीय भी खुद को भारतीय कहते हैं, उन्हें लगता है कि इससे उन्हें विमान में सीट मिलने में मदद मिलेगी।'' जयशंकर ने शिक्षा क्षेत्र और कूटनीति से राजनीति में आने का उल्लेख करते हुए कहा, ''मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं नौकरशाह बनूंगा। राजनीति में मैं अचानक आ गया, या तो इसे भाग्य कहें, या इसे मोदी कहें। उन्होंने (प्रधानमंत्री मोदी) मुझे इस तरह से आगे बढ़ाया कि कोई भी मना नहीं कर सका।'' उन्होंने रेखांकित किया कि विदेश में रहने वाले भारतीय अभी भी समर्थन के लिए अपनी मातृभूमि पर निर्भर हैं और कहा, ''जो भी देश के बाहर जाते हैं, वे हमारे पास ही आते हैं। बाहर हम ही रखवाले हैं।''

## देश में कोई भी कानून से ऊपर नहीं: उच्चतम न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने एक व्यक्ति और उससे अलग रह रहीं उनकी पत्नी व भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी के बीच विवाद को लेकर बृहस्पतिवार को कहा कि इस देश में कोई भी कानून से ऊपर नहीं है। न्यायमूर्ति बी. आर. गवई, न्यायमूर्ति ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह और न्यायमूर्ति विनोद चंद्रन ने व्यक्ति के वकील की इस आशंका पर यह टिप्पणी की कि उसे जीवन भर कष्ट भोगना पड़ेगा, क्योंकि उनकी पत्नी एक आईपीएस अधिकारी हैं। पीठ ने कहा कि मामले से जुड़े पक्षों को न्याय के हित में अपने विवादों का समाधान कर लेना चाहिए। पीठ ने वकील से कहा, वह आईपीएस अधिकारी हैं। आप कारोबारी हैं। अदालत में समय बर्बाद करने से अच्छा है कि आप समझौता कर लें। अगर आपको कोई परेशान करेगा तो आपकी रक्षा करने के लिए हम यहां हैं। न्यायालय ने कहा, इस देश में कोई भी कानून से ऊपर नहीं है। वकील ने कहा कि उनके मुवक्किल और मुवक्किल के पिता को महिला द्वारा दर्ज कराए गए मामलों में जेल में जाना पड़ा है। वकील ने आरोप लगाया कि अलग रह रही पत्नी ने यह गलतबयानी की है कि उनके खिलाफ कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं है, जबकि पुलिस सेवा में शामिल होने के समय जिस दिन उन्होंने फॉर्म भरा था, उसी दिन उनके खिलाफ दो प्राथमिकी दर्ज की गई थीं। पीठ ने कहा, आपकी रुचि इस बात में ज्यादा है कि उनकी नौकरी चली जाए। वकील ने कहा कि यदि उनके मुवक्किल की पत्नी ने अपने फॉर्म में कोई गलत घोषणा की थी तो गृह मंत्रालय को कार्रवाई करनी चाहिए थी। पीठ ने कहा कि यह बहुत स्पष्ट है कि व्यक्ति को समझौते में कोई रुचि नहीं है। न्यायालय ने कहा, आप अपनी जिंदगी बचाने के इच्छुक नहीं हैं बल्कि आपकी रूचि किसी और का जीवन बर्बाद करने में है।

## महाकुंभ भगदड़ में मरने वालों में बंगाल की दो वृद्ध महिलाएं भी शामिल

- कोलकाता के गोल्फग्रीन की बसंती पोद्दार और पश्चिम मेदिनीपुर के सालबनी की निवासी उर्मिला भुनिया की गईं जान

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ मेले में मची भगदड़ में मरने वालों में बंगाल की दो बुजुर्ग महिलाएं भी शामिल हैं। उनके परिवार के सदस्यों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। कोलकाता के गोल्फग्रीन की बसंती पोद्दार (65) की मौत बुधवार को मौनी अमावस्या के अवसर पर कुंभ स्नान के लिए उमड़ी भीड़ के दौरान लगी चोटों के कारण हुई। बसंती के बेटे ने यह यह जानकारी दी। वह अपनी बहन, बेटे और बेटी के साथ महाकुंभ में शामिल होने गई थीं। परिवार के अनुसार, भगदड़ के दौरान भारी भीड़ के दबाव में गिरने से उन्हें गंभीर चोटें आईं, जिसके कारण उनकी मौत हो गई। बेटे ने बताया कि वह प्रयागराज में हैं और उनकी मां के शव को बंगाल में उनके पैतृक स्थान पर लाने की व्यवस्था की जा रही है। इसके अलावा, पश्चिम मेदिनीपुर जिले के सालबनी की रहने वाली उर्मिला भुनिया (78) की भी बुधवार को महाकुंभ में मची भगदड़ में मौत हो गई। परिवार के एक सदस्य ने यह जानकारी दी। वह अपनी बेटी और दामाद के साथ महाकुंभ गई थीं। उल्लेखनीय है कि महाकुंभ के संगम क्षेत्र में बुधवार के तड़के मची भगदड़ में कम से कम 30 श्रद्धालओं की मौत हो गई जबकि 60 अन्य घायल हो गए। यह भगदड़ मौनी अमावस्या के मौके पर हुयी।

### परिवारों का शव बिना मृत्यु प्रमाण पत्र के सौंपे जाने का दावा

महाकुंभ मेले में भगदड़ में मारे गए 30 श्रद्धालुओं में शामिल बंगाल की दो महिलाओं के परिजनों ने गुरुवार को आरोप लगाया कि प्रयागराज में बिना मृत्यु प्रमाण पत्र के शव उन्हें सौंप दिए गए। परिजनों ने दावा किया कि केवल एक कागज का टुकड़ा दिया गया जिसमें लिखा था कि शव उन्हें दे दिया गया है। घटना को याद करते हुए बसंती पोद्दार के बेटे सुरजीत ने कहा कि उन्हें अपनी मां को अस्पताल ले जाने का समय नहीं मिला। सुरजीत ने कहा कि बाद में, हमें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। मुझे एक वाहन और एक पुलिसकर्मी दिया गया। कोई मृत्यु प्रमाण पत्र जारी नहीं किया गया। उन्होंने मुझे बताया कि मृत्यु प्रमाण पत्र यहां के स्थानीय पुलिस थाने को भेजा जाएगा। उन्होंने दावा किया कि कागज का जो लिखित टुकड़ा सौंपा गया उस पर न तो कोई आधिकारिक मुहर थी और न ही उत्तर प्रदेश सरकार के किसी अधिकारी के हस्ताक्षर थे। सुरजीत ने बताया कि उनकी मां का शव उन्हें सौंपने से पहले उनसे एक कागज पर हस्ताक्षर करवाए गए। उनका बयान दूसरी मृतक महिला उर्मिला भुनिया के परिवार के साथ घटित घटना से मिलता–जुलता था। उनके भाई दुलाल ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने उनकी बहन के लिए कोई मृत्यु प्रमाण पत्र जारी नहीं किया। दुलाल ने कहा कि मुझे घटना के बारे में तब पता चला जब मेरे भतीजे ने मुझे फोन किया। वे एक वाहन से वापस आ रहे थे। उसने मुझे बताया कि कोई मृत्यु प्रमाण पत्र जारी नहीं किया गया था और शव उसे एक नोट के साथ सौंप दिया गया था।

**कुप्रबंधन के कारण हुई यह तबाही : मंत्री अरूप विश्वास**

इस पर, राज्य के मंत्री अरूप विश्वास ने आरोप लगाया कि पूरे कुप्रबंधन के कारण यह तबाही हुई है। मंत्री अरूप विश्वास ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार मेला आयोजित करने में विफल रही है। यह केवल एक विज्ञापन है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए कोई योजना नहीं थी। उन्हें मृत्यु प्रमाण पत्र सौंपना चाहिए था। यह प्रक्रिया नहीं है।

## कोलकाता पुलिस आयुक्त ने पुलिस कर्मियों को फिटनेस के लिए दिए अहम निर्देश

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के पुलिस आयुक्त मनोज वर्मा ने पुलिस कर्मियों को शारीरिक फिटनेस को लेकर कड़ा संदेश दिया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य ही सबसे बड़ी संपत्ति है। वर्मा ने इस बात पर जोर दिया कि लोग इस महत्वपूर्ण तथ्य को जानते हुए भी इसे नजरअंदाज कर देते हैं, जिसके कारण शरीर में वसा जमा होने लगती है और बीमारिया पैदा होती हैं। इसे रोकने के लिए वह खुद प्रतिदिन ट्रेडमिल पर चलते हैं और इसी तरह पुलिस कर्मियों को भी व्यायाम करने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का उदाहरण देते हुए, उन्होंने कहा कि राज्य के शीर्ष नेतृत्व में भी फिटनेस का खास ध्यान रखा जाता है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की फिटनेस को लेकर वर्मा ने कहा कि वह खुद बहुत फिट हैं और उनकी तरह पुलिस कर्मियों को भी शारीरिक रूप से सक्रिय रहना चाहिए। वर्मा ने अपने संदेश में कहा कि, 2024 में उत्तर बंगाल में हुई एक प्रशासनिक बैठक में एक भारी–भरकम पुलिस अधिकारी को शारीरिक व्यायाम करने की सलाह दी गई थी। हालांकि, उन्होंने जवाब दिया कि वह इस मामले में और कोई टिप्पणी नहीं करेंगे, लेकिन पुलिस आयुक्त ने इस मुद्दे पर गंभीरता से ध्यान दिया है और इसे अधिकारियों के लिए एक आदेश के रूप में लागू किया है। कोलकाता पुलिस आयुक्त ने यह स्पष्ट किया कि अब से हर पुलिस अधिकारी को प्रतिदिन डेढ़ से दो घंटे तक शारीरिक व्यायाम करना होगा।

## बापू के आदर्श हमें विकसित भारत के निर्माण के लिए प्रेरित करते हैं: प्रधानमंत्री मोदी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 77वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उनके आदर्श हमें विकसित भारत के निर्माण के लिए प्रेरित करते हैं। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''पूज्य बापू को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि। उनके आदर्श हमें विकसित भारत के निर्माण के लिए प्रेरित करते हैं। मैं हमारे राष्ट्र के लिए शहीद हुए सभी लोगों को भी श्रद्धांजलि देता हूं और उनकी सेवा एवं बलिदान को याद करता हूं।'' राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 1948 में आज ही के दिन नाथूराम गोडसे ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। बाद में मोदी ने महात्मा गांधी के समाधि स्थल राजघाट जाकर बापू को नमन



किया और उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसकी तस्वीरें साझा करते हुए उन्होंने 'एक्स' पर कहा, ''इससे पहले राजघाट पर पूज्य बापू को श्रद्धांजलि अर्पित की। हम अपने राष्ट्र के लिए उनके दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं।'' प्रधानमंत्री मोदी ने राजघाट पर आयोजित सर्वधर्म प्रार्थना सभा में भी हिस्सा लिया। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर सहित कई अन्य नेता भी मौजूद थे।

## चंडीगढ़ में मेयर चुनाव जीती बीजेपी

- आप–कांग्रेस मिलकर भी नहीं रोक पाए, 3 पार्षदों ने की क्रॉस वोटिंग



**चंडीगढ़ :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बृहस्पतिवार को हुए चंडीगढ़ नगर निगम महापौर चुनाव में जीत हासिल की। वहीं, आम आदमी पार्टी (आप) समर्थित कांग्रेस के प्रत्याशियों ने क्रमश: वरिष्ठ उपमहापौर और उपमहापौर पद अपने नाम किया। महापौर चुनाव के लिए मुकाबला भाजपा और आप–कांग्रेस गठबंधन के बीच था। आप महापौर पद के लिए लड़ रही थी, जबकि कांग्रेस वरिष्ठ उपमहापौर और उपमहापौर के पदों के लिए चुनाव लड़ रही थी। आप–कांग्रेस गठबंधन को झटका देते हुए भाजपा की हरप्रीत कौर बबला ने 'आप' उम्मीदवार प्रेम लता को हरा दिया। बबला को 19 और लता को 17 मत मिले। कोई भी मत अवैध नहीं पाया गया। पीठासीन अधिकारी रमणीक सिंह बेदी ने महापौर पद के परिणाम की घोषणा की। कांग्रेस उम्मीदवार तरुणा मेहता ने भाजपा उम्मीदवार लखबीर सिंह बिल्लू को हराकर उपमहापौर के पद पर जीत हासिल की। मेहता को 19 और बिल्लू को 17 मत मिले। महापौर पद के लिए हुए चुनाव में आप–कांग्रेस गठबंधन को करारी हार का सामना करना पड़ा जबकि दोनों दलों के पास 20 मत थे, लेकिन इसके बावजूद वे जीत नहीं पाए। चंडीगढ़ नगर निगम में सदस्यों की संख्या 35 है। इसके चुनाव में जीत हासिल करने के लिए कुल 19 मतों की आवश्यकता होती है। महापौर पद के चुनाव में भाजपा उम्मीदवार को मिली जीत से पता चलता है कि मतदान के दौरान 'क्रॉस वोटिंग' हुई थी। चंडीगढ़ नगर निगम के 35 सदस्यीय सदन में आप के 13 पार्षद हैं और उसकी सहयोगी कांग्रेस के छह पार्षद हैं। वहीं, भाजपा के पार्षदों की संख्या 16 है।

### अमेरिका : यात्री विमान की सेना के हेलीकॉप्टर से टक्कर, 64 लोगों के मारे जाने की आशंका

**अर्लिंगटन (अमेरिका) :** सेना के एक हेलीकॉप्टर से अमेरिकन एयरलाइंस के विमान की टक्कर होने से उसमें सवार सभी 64 लोगों के मारे जाने की आशंका है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस दुर्घटना को अमेरिका के गत 25 साल के इतिहास का सबसे भीषण विमान हादसा माना जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार रात को पोटोमैक नदी के बर्फीले पानी से कम से कम 28 शव निकाले गए। यह घटना उस समय हुई जब वाशिंगटन के निकट रोनाल्ड रीगन हवाई अड्डे पर उतरते समय हेलीकॉप्टर यात्री विमान के रास्ते में आ गया। बचावकर्मी अब भी 60 यात्रियों और चालक दल के चार सदस्यों की तलाश कर रहे थे, लेकिन आशंका है कि शायद ही कोई जिंदा बचा हो। अमेरिका की राजधानी में अग्निशमन प्रमुख जॉन डोनेली ने कहा, ''हम अब उस स्थिति में पहुंच गए हैं जहां हम बचाव अभियान से लाशों की तलाश की ओर बढ़ रहे हैं। हमारा मानना है कि अब किसी के जीवित होने की संभावना नहीं है।''

## भारत अपना खुद का एआई मॉडल तैयार करेगा: वैष्णव

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बृहस्पतिवार को देश की एआई (कृत्रिम मेधा) महत्वाकांक्षाओं को रेखांकित करते हुए कहा कि भारत आने वाले महीनों में अपना खुद का आधारभूत मॉडल तैयार करेगा। उन्होंने कहा कि भारत स्टार्टअप और शोधकर्ताओं के उपयोग के लिए 18,693 ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट (जीपीयू) द्वारा संचालित सबसे सस्ती कॉमन कम्प्यूट सुविधा तैयार करेगा, जिसकी मदद से चैटजीपीटी, डीपसीक आर1 और ऐसे ही दूसरे एआई मॉडल को टक्कर दी जा सकती है। भारत का यह साहसिक कदम ऐसे समय में सामने आया है, जब चीनी कंपनी डीपसीक ने अपने एआई मॉडल से लोगों का ध्यान खींचा है।



डीपसीक ने एआई के क्षेत्र में अमेरिकी कंपनियों के प्रभुत्व को चुनौती दी है। वैष्णव ने भरोसा जताया कि भारत एक ऐसा आधारभूत मॉडल बनाएगा, जो विश्वस्तरीय होगा और दुनियाभर के सर्वश्रेष्ठ मॉडल के साथ मुकाबला कर सकेगा। भारत ने बृहस्पतिवार को अपने एआई मसौदे में अगले चरणों की घोषणा की, जिसमें शामिल बोलीदाताओं (जियो प्लेटफॉर्म्स, सीएमएस कंप्यूटर, टाटा कम्युनिकेशंस, ई2ई नेटवर्क, योटा डेटा सर्विसेज और अन्य शामिल हैं) ने 18,693 जीपीयू की पेशकश की। इसके अलावा आठ परियोजनाओं को भी मंजूरी दी गई। आईटी मंत्री वैष्णव ने भारत को वैश्विक एआई केंद्र में लाने का वादा करते हुए कई घोषणाएं की और कहा कि एक एआई सुरक्षा संस्थान शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा, ''आधुनिक तकनीक को सभी के लिए सुलभ बनाना, यही हमारे प्रधानमंत्री की आर्थिक सोच है... इस समय हमारे पास सबसे सस्ती कंप्यूटिंग सुविधा है।''

## निर्मला सीतारमण लगातार 8वें बजट के साथ रचेंगी इतिहास

**नयी दिल्ली :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को लगातार 8वां बजट पेश करने का रिकॉर्ड बनाएंगी। उम्मीद है कि आम बजट में कमजोर पड़ती आर्थिक वृद्धि को सहारा देने तथा महंगाई और स्थिर वेतन वृद्धि से जूझ रहे मध्यम वर्ग को राहत देने के उपाय किए जाएंगे। इसके साथ ही सीतारमण पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई द्वारा अलग–अलग समयावधि में पेश किए गए 10 बजटों के रिकॉर्ड के करीब पहुंच जाएंगी। देसाई ने 1959–1964 के दौरान वित्त मंत्री के रूप में कुल छह बजट और 1967–1969 के बीच चार बजट पेश किए थे। सीतारमण को 2019 में भारत की पहली पूर्णकालिक महिला वित्त मंत्री बनाया गया था। इसी साल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केंद्र में लगातार दूसरी बार सरकार बनाई थी। तब से सीतारमण ने सात बजट पेश किए हैं। स्वतंत्र भारत का पहला आम बजट 26 नवंबर, 1947 को देश के पहले वित्त मंत्री आर के शनमुखम चेट्टी ने पेश किया था। पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई ने प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और बाद में प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के कार्यकाल में वित्त मंत्री के तौर पर कुल 10 बजट पेश किए हैं।

**सीतारमण आज संसद में पेश करेंगी आर्थिक समीक्षा**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण शुक्रवार को 2024–25 की आर्थिक समीक्षा पेश करेंगी। समीक्षा चालू वित्त वर्ष में अर्थव्यवस्था के प्रदर्शन के आकलन के साथ देश के सामने आने वाली चुनौतियों को बयां करती है।

## हादसों से सबक ले भीड़ प्रबंधन

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर तड़के हुए हादसे में कुछ श्रद्धालुओं की मौत की घटना निश्चित रूप से दुर्भाग्यपूर्ण है। यूं तो अतीत में भी प्रयागराज, हरिद्वार, नासिक व उज्जैन के कुंभों के दौरान भी कई दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं हुई हैं, लेकिन सवाल है कि क्या हम अतीत के हादसों से कोई सबक ले पाए हैं? यूं तो उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा मेला प्रबंधन व सुरक्षा के चाकचौबंद बंदोबस्त के दावे किए गए थे, लेकिन मौनी अमावस्या की घटना ने यह दुखद स्थिति पैदा कर दी है। करोड़ों तीर्थयात्रियों का अचानक किसी धार्मिक आयोजन में पहुंचना निश्चित रूप से शासन व प्रशासन के लिये बड़ी चुनौती बन जाती है। लेकिन इसके बावजूद शासन-प्रशासन की प्राथमिकता दुर्घटना मुक्त आयोजन ही होना चाहिए। दरअसल, ऐसे आयोजनों में तीर्थयात्रियों की जल्दीबाजी और पहले स्नान करने की होड़ अकसर ऐसी भगदड़ पैदा कर देती है। जो बताती है कि हम सार्वजनिक जीवन में ऐसे बड़े आयोजनों में अनुशासित व्यवहार करने से चूक जाते हैं। दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम इस बात का भी संकेत है कि कुंभ के आयोजनों में पिछले बड़े हादसों के सबक हम पूरी तरह सीख नहीं पाए हैं। हालांकि, शासन-प्रशासन को इस बात का अंदाज था कि इस बार करोड़ों की भीड़ जुटेगी, लेकिन फिर भी कहीं न कहीं सावधानी में चूक तो हुई है। निस्संदेह, महाकुंभ का आयोजन भारतीय सनातन परंपरा का अटूट हिस्सा रहा है। बिना चिट्ठी व तार देश के कोने-कोने से तीर्थयात्री महाकुंभ में जुटते हैं। कल्पवास में संयमित जीवन से आध्यात्मिक लाभ अर्जित करते हैं। लेकिन बदलते वक्त के साथ यातायात के साधनों की उपलब्धता से ऐसे आयोजनों पर भीड़ का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। मीडिया की सक्रियता ऐसे आयोजन के प्रति अतिरेक आकर्षण पैदा कर देती है, जिससे श्रद्धालुओं का अप्रत्याशित सैलाब कुंभ नगरी की तरफ मुड़ जाता है। निश्चित रूप से समय के साथ आये सामाजिक बदलावों के मद्देनजर शासन-प्रशासन को महाकुंभ के आयोजन में अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत है।

निश्चित रूप से महाकुंभ के आयोजन से जुड़े तंत्र को उन कारकों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए, जिसके चलते इस त्रासदी की छाया प्रयागराज महाकुंभ पर पड़ी। उन तमाम संभावनाओं पर विचार करने की जरूरत है जो कुंभ जैसे बड़े आयोजनों को दुर्घटनाओं से निरापद बनाने में सहायक हो सकती हैं। हालांकि, प्रयागराज महाकुंभ में एआई, ड्रोन व कंप्यूटरों के जरिये व्यापक सुरक्षा प्रबंधों की निगरानी की जा रही है, लेकिन अभी भी अफवाहों व भगदड़ की प्रवृत्ति पर रोक लगाने के लिये और अधिक प्रयास करने की जरूरत है। तीर्थयात्रियों को भी जागरूक करने की जरूरत है कि वे धैर्य के साथ अपनी स्नान की बारी का इंतजार करें। साथ ही अफवाहों व जल्दीबाजी से बचें। बताया जाता है कि प्रयागराज हादसे में भी कुछ तीर्थयात्रियों द्वारा स्नान में जल्दीबाजी करने तथा अखाड़ा मार्ग पर लगे बैरिकेड्स पर चढ़ने पर मची अफरातफरी को कारण बताया गया। लेकिन इसके बावजूद पुलिस व अधिकारियों की चूक को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। निश्चित रूप से वे भीड़ के मिजाज को समय रहते भांप लिया जाता तो शायद हादसे को टाला जा सकता। हालांकि, मृतकों के परिजनों व घायलों को मुआवजा देने की घोषणा की गई है। साथ ही न्यायिक जांच के भी आदेश दिए गए हैं। इसके बावजूद इस बात की गहन जांच जरूरी है कि स्थिति कैसे नियंत्रण से बाहर हो गई। यह एक निर्विवाद सत्य है कि गोपनीयता का पर्दा डालने से केवल अफवाहों व गलत सूचनाओं को ही बढ़ावा मिलता है। बहरहाल, आने वाले समय में श्रद्धालुओं को मनोवैज्ञानिक रूप से तैयार करने की भी जरूरत होगी कि वे अपने आसपास के घाट पर ही स्नान करके समान पुण्य अर्जित कर सकते हैं। यह भी कि संगम के सभी घाट समान रूप से पवित्र हैं। इससे चुनिंदा घाटों पर तीर्थयात्रियों का दबाव नहीं बनेगा। साथ ही श्रद्धालुओं को अनुशासित व्यवहार के लिये प्रेरित किया जाना भी बेहद जरूरी है। ताकि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं को टाला जा सके।

# वीआईपी कल्चर खत्म करता है लोगों के बीच समानता का भाव



संजय सक्सेना

मौनी अमावस्या प महाकुंभ में भगदड़, जिसके चलते तीस लोगों की मौत ने ऐसे मौकों पर कुछ विशेष लोगों को मिलने वाले वीआईपी सम्मान पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया है। सवाल यह पूछा जा रहा है कि हिन्दुओं के धार्मिक स्थलों और आयोजनों में क्यों भक्तों के बीच भेदभाव होता है ? महाकुंभ में 29 जनवरी को मौनी अमवस्या के स्नान के दिन भगदड़ के कारण जो दर्दनाक हादसा हुआ उसने वाईआईपी कल्चर पर एक बार फिर से नये सिरे से बहस छेड़ दी है। सवाल उठ रहा है कि जब गुरुद्वारे में वीआईपी दर्शन नहीं, मस्जिद में वाआईपी नमाज नहीं, चर्च में वीआईपी प्रार्थना नहीं होती है तो सिर्फ मंदिरों में कुछ प्रमुख लोगों के लिये वीआईपी दर्शन क्यों जरूरी हैं ? क्या इस पद्धति को खत्म नहीं किया जाना चाहिए, जो हिन्दुओं में दूरियों का कारण बनता है ? खैर, योगी सरकार ने मौनी अमावस्या के दिन हुए हादसे से सबक लेते हुए वीआईपी सिस्टम पर रोक लगा दी है। महाकुंभ के लिये सभी वीआईपी पास भी रद्द कर दिये गये। काश यह व्यवस्था पहले ही खत्म कर दी जाती। यह इस लिये भी जरूरी था क्यों भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 07 जनवरी को ही धार्मिक स्थलों पर होने वाली वीआईपी व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े कर चुके थे।बब तो उन्हें ऐसे हादसे की उम्मीद भी नहीं रही होगी। उन्होंने कहा था कि कि वीआईपी व्यवस्था समानता के सिद्धांत के खिलाफ है और इसे धार्मिक जगहों से पूरी तरह समाप्त कर देना चाहिए। उपराष्ट्रपति ने आगे कहा कि धार्मिक स्थल समानता के प्रतीक हैं, जहां हर व्यक्ति ईश्वर के सामने बराबर होता है. वहीं उन्होंने जोर देकर ये भी कहा कि वीआईपी दर्शन की अवधारणा भक्ति के खिलाफ है. यह एक असमानता का उदाहरण है, जिसे तत्काल समाप्त किया जाना चाहिए. वहीं, उन्होंने धर्मस्थलों पर समानता को स्थापित करने की बात कही थी।

धनखड़ ने अपने संबोधन कहा था कि धार्मिक स्थलों को समानता के प्रतीक के रूप में देखा जाना चाहिए. जब किसी को विशेषाधिकार दिया जाता है, या वीआईपी या वीवीआईपी का दर्जा दिया जाता है, तो यह समानता के विचार का अपमान है. इस दौरान उन्होंने कर्नाटक के एक धर्मस्थल का उदाहरण भी बताया, जो समानता का संदेश देता है.

तब उपराष्ट्रपति ने कहा था कि पिछले कई सालों में धार्मिक स्थलों के बुनियादी ढांचे के विकास में एक सकारात्मक बदलाव आया। वहीं, उन्होंने कहा कि ये विकास केवल भौतिक सुधार नहीं हैं, बल्कि हमारी सभ्यता और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का एक महत्वपूर्ण कदम भी हैं.हाल यह है कि कई मंदिरों के भीतर तो वहीं का स्टाफ और पुरोहित ही धन उगाही करके भक्तों को वीआईपी सुविधा प्रदान करने से नहीं चूकते हैं। ऐसे भक्तों को बिना लाइन के और मंदिर का प्रोटोकॉल तोड़कर गर्भगृह में प्रवेश कराकर भी दर्शन करा दिये जाते हैं। आम श्रद्धालु घंटों कतार में खड़े रहते हैं, जबकि वीआईपी को सीधे गर्भगृह में प्रवेश मिल जाता है। बड़े मंदिरों में वीआईपी पास या दान के बदले विशेष दर्शन की व्यवस्था होती है, जबकि साधारण भक्तों को धक्का-मुक्की झेलनी पड़ती है। वीआईपी भक्तों को विशेष प्रसाद, बैठने की जगह और पुजारियों का अलग से आशीर्वाद मिलता है, जबकि आम भक्त को कुछ ही सेकंड में दर्शन कर आगे बढ़ने को कहा जाता है।

तीर्थ स्थलों और गंगा स्नान में वीआईपी संस्कृति की बात कि जाये तो महाकुंभ मेले प्रयागराज, हरिद्वार या वाराणसी जैसे तीर्थ स्थलों पर आम श्रद्धालुओं को अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता है, लेकिन वीआईपी के लिए अलग घाट बना दिए जाते हैं।जहां आम लोग भीड़ में संघर्ष करते हैं, वहीं खास लोगों के लिए विशेष स्नान व्यवस्था, सुरक्षा घेरा और सुविधाएं मुहैया कराई जाती हैं।कई बार वीआईपी के स्नान के लिए आम श्रद्धालुओं को घंटों रोका जाता है, जिससे भीड़ में अफरा-तफरी तक मच जाती है। महाकुंभ हादसे की असली वजह क्या थी, ये तो न्यायिक जांच के बाद ही पता चलेगा लेकिन सवाल ये है कि जहां करोड़ों लोग जुट रहे हों, वहां आम श्रद्धालुओं की असुविधा को बढ़ाकर वीआईपी स्नान जैसी व्यवस्था क्यों? वीआईपी स्नान के नग्न प्रदर्शन की टीस महाराज प्रेमानंद गिरि के शब्दों में भी दिखी जब उन्होंने कहा कि प्रशासन का पूरा ध्यान वीआईपी पर था। आम श्रद्धालुओं को उनके हाल पर छोड़ दिया गया था। उनका आरोप है कि पूरा प्रशासन वीवीआईपी की जी-हुजूरी में लगा रहा, तुष्टीकरण में लगा रहा।

वीआईपी की भी आस्था होती है, इससे कहां कोई इनकार कर सकता है लेकिन आम लोगों की कीमत पर वीआईपी ट्रीटमेंट क्यों? अगर हजारों करोड़ रुपये खर्च किए गए तो वीआईपी लोगों के लिए कुछ ऐसी व्यवस्था क्यों नहीं की गई कि उनके मूवमेंट की वजह से आम श्रद्धालुओं को दिक्कत न हो? आम श्रद्धालु15-15, 20-20 किलोमीटर पैदल चलकर स्नान करने पहुंचे और कथित वीआईपी गाड़ियों के रेले के साथ सीधे तट तक पहुंचे, ये तो आम श्रद्धालुओं में रोष, खींझ और असंतोष पैदा करने वाला ही होगा। भगदड़ से एक दिन-दो दिन पहले तक ऐसी खबरें आ रही थीं कि पीपे के तमाम पुलों को आम श्रद्धालुओं के लिए बंद कर दिया गया ताकि कथित वीआईपी अपने वीआईपीपने का प्रदर्शन कर सकें। वैसे वीआईपी कल्चर का दायरा काफी बड़ा है। वीआईपी कल्चर धार्मिक स्थलों तक ही नहीं सीमित है। लोकतंत्र से आस्था तक, हर जगह कुछ लोगों को कई मौकों पर विशेषाधिकार मिल ही जाता है। लोकतंत्र के मूल सिद्धांत कहते हैं कि सभी नागरिक समान हैं, लेकिन व्यवहार में कुछ लोग 'विशेष' हो जाते हैं, फिर चाहे वह सड़क पर हों, सरकारी दफ्तर में, अस्पताल में, या फिर मंदिर में!

इसी प्रकार से अक्सर बड़े नेताओं और अधिकारियों की सुरक्षा के नाम पर ट्रैफिक रोका जाता है, जबकि आम जनता घंटों जाम में फंसी रहती है। अस्पतालों में वीआईपी वार्ड अलग से बनाए जाते हैं, जबकि आम मरीजों को बिस्तर तक नहीं मिलता। एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशनों पर वीआईपी यात्रियों के लिए विशेष सुविधाएं होती हैं, जबकि आम जनता लंबी कतारों में खड़ी रहती है। वीआईपी कल्चर एक नासूर की तरह है।इसी लिये हर सरकार वीआईपी कल्चर खत्म करने के वादे और बात करती है, लेकिन असल में इसे बनाए रखने के नए तरीके ढूंढे जाते हैं। मंदिरों और तीर्थ स्थलों में भी यह भेदभाव खत्म होना चाहिए, क्योंकि भगवान के दरबार में वीआईपी और आम आदमी का भेद न्यायसंगत नहीं हो सकता।

सबसे बड़ी बात यह है कि जब तक जनता खुद इस संस्कृति को स्वीकार करती रहेगी, तब तक वीआईपी कल्चर खत्म नहीं होगा। बदलाव तभी आएगा जब लोग अपने अधिकारों को समझेंगे और भक्ति से लेकर लोकतंत्र तक समानता की मांग करेंगे।अनेक धर्मस्थलों में 400-500 रुपए तक का अतिरिक्त शुल्क लेकर मंदिरों में देवताओं के विग्रह के अधिकतम निकटता तक जल्दी पहुंचा जा सकता है। यह व्यवस्था शारीरिक और आर्थिक बाधाओं का सामना करने वाले वी.आई.पी. प्रवेश शुल्क देने में असमर्थ साधारण भक्तों के प्रति असंवेदनशील है। इससे शुल्क देने में असमर्थ भक्तों से भेदभाव होता है। विशेष रूप से इन वंचित भक्तों में महिलाएं तथा बुजुर्ग अधिक बाधाओं का सामना करने वाले शामिल हैं।

# क्या बजट आम आदमी की उम्मीदों पर खरा उतरेगा?



ललित गर्ग

केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को लगातार अपना आठवां बजट पेश करेंगी। यह केंद्रीय बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार का अपने तीसरे कार्यकाल का दूसरा पूर्ण वित्तीय बजट होगा। इस बार के बजट से हर सेक्टर की बड़ी उम्मीदें टिकी हुई हैं, इस बजट की घोषणाओं से भविष्य में राष्ट्र किन दिशाओं में आगे बढ़ेगा, उसकी मंशा एवं दिशा अवश्य स्पष्ट होगी। टैक्सपेयर्स भी इस बार वित्तमंत्री से इनकम टैक्स में राहत देने की उम्मीद कर रहा है। मिडिल-क्लास और वेतनभोगियों को भी राहत की उम्मीद है। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण की एक मौलिक सोच एवं दृष्टि से यह बजट दुनिया में भारतीय अर्थव्यवस्था को एक चमकते सितारे के रूप में स्थापित करने एवं सुदृढ़ आर्थिक विकास के लिये आगे की राह दिखाने वाला होगा। संभावना है कि इस बजट में समावेशी विकास, वंचितों को वरीयता, बुनियादी ढांचे में निवेश, क्षमता विस्तार, हरित विकास, महिलाओं एवं युवाओं की भागीदारी, मोदी की गारंटियों पर बल दिया जायेगा। इंफ्रास्ट्रक्चर, मैन्युफैक्चरिंग, डिजिटल और सामाजिक विकास की दृष्टि से देश को आत्मनिर्भर बनाने की रफ्तार को भी गति दी जायेगी। यह बजट देश को न केवल विकसित देशों में बल्कि इसकी अर्थव्यवस्था को विश्व स्तर पर तीसरे स्थान दिलाने के संकल्प को बल देने में सहायक बनेगा।

आम आदमी बढ़ती महंगाई, बेरोज़गारी और घटती खपत के बीच कुछ राहत की उम्मीद लगा रहा है। बजट, शिक्षा, रक्षा, उद्योग, महिलाओं और गरीब वर्गों के लिए सुधारों और प्रोत्साहनों का खाका तैयार करेगा। वित्त मंत्री से उम्मीद की जा रही है कि वे आयकर स्लैब में बदलाव करेंगी, जिससे वेतनभोगियों एवं करदाताओं को राहत मिलेगी। इस समय वेतनभोगी एवं करदाता की 15 लाख रुपये से अधिक की आमदनी पर 30 प्रतिशत टैक्स लगता है। सरकार 10 लाख रुपये तक की आय को पूरी तरह टैक्स-फ्री करने और 15 से 20 लाख रुपये की आमदनी पर 25 प्रतिशत का नया टैक्स स्लैब लाने पर विचार कर रही है। इससे मध्यम वर्ग के लोगों की खर्च करने की क्षमता बढ़ेगी, जो अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहित करेगा। केंद्र सरकार बजट सत्र 2025 में नया आयकर कानून पेश करने की योजना बना रही है, जो करदाताओं को लाभान्वित करेगा और कर प्रणाली को सरल बनाएगा। इसके अलावा, सरकार इस बार के बजट में शेयर से होने वाली कमाई पर टैक्स लगाने का प्रावधान कर सकती है। इसमें शेयरों से मिलने वाले लाभांश, ब्याज से होने वाली कमाई और पूंजीगत लाभ पर भी टैक्स लगाया जा सकता है।

यह बजट न केवल देश की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करेगा, बल्कि सामाजिक और तकनीकी विकास की दिशा में भारत को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। बढ़ती महंगाई पर नियंत्रण की भी संभावनाएं हैं। इस बजट से विभिन्न क्षेत्रों में कई महत्वपूर्ण घोषणाओं की उम्मीद है, जो अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने और आम जनता को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से की जा सकती हैं। आम आदमी के लिए सबसे पीड़ादायक टैक्स का बोझ है। हालांकि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) जैसे टैक्स का फ़ैसला समय-समय पर जीएसटी काउंसिल में लिया जाता है, लेकिन सरकार से उम्मीद की जाती है कि वो इन शुल्कों को और तर्कसंगत बनाकर आम लोगों को कुछ राहत दे। अर्थव्यवस्था की रफ़्तार धीमी पड़ने के कारण निवेशकों में घबराहट है और इसने रोज़गार के अवसरों को भी कम किया है जबकि महंगाई के हिसाब से मज़दूरी और वेतन में बढ़ोतरी नहीं होने से ख़ासकर सीमित आमदनी वाले परिवारों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। पिछली तिमाहियों में कंपनियों के निराशाजनक प्रदर्शन ने भी इन हालात को मुश्किल बनाया है। जिससे नौकरी चाहने वाले युवाओं को पर्याप्त संख्या में रोज़गार नहीं मिल पा रहा है। इन सारे कारकों के कारण मध्य वर्ग ने अपने खर्चों में कटौती की है जिससे पिछले कुछ महीनों में उपभोग में गिरावट आई है। इन परेशानियों एवं चिन्ताओं को कम करने में इस बार का बजट राहतभरा होने की उम्मीदे हैं।

बजट में विभिन्न उद्योगों, विशेषकर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए प्रोत्साहन योजनाओं की घोषणा से रोजगार सृजन और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। सड़कों, रेल, बंदरगाहों और हवाई अड्डों के विकास के लिए बड़े पैमाने पर निवेश की योजना बनाई जा सकती है, जिससे लॉजिस्टिक्स में सुधार होगा और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने और शिक्षा के स्तर में सुधार के लिए बजट में विशेष प्रावधान किए जा सकते हैं, जिससे मानव संसाधन का विकास हो सके। महिलाओं के लिए विशेष योजनाओं की घोषणा की जा सकती है, डिजिटल बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा देने के लिए नई योजनाएं लाई जा सकती हैं। उच्च शिक्षा और अनुसंधान संस्थानों के लिए अतिरिक्त अनुदान दिया जा सकता है। विज्ञान, प्रौद्योगिकी, और चिकित्सा के क्षेत्र में इनोवेशन को प्रोत्साहित करने के लिए नई योजनाएं लाई जा सकती हैं। मेक इन इंडिया पहल के तहत स्वदेशी हथियार निर्माण को प्रोत्साहित किया जाएगा। साइबर खतरों से निपटने के लिए रक्षा बजट का एक हिस्सा डिजिटल सुरक्षा पर केंद्रित हो सकता है। बुलेट ट्रेन परियोजनाओं और रेल नेटवर्क के आधुनिकीकरण को गति दी जाएगी। इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के लिए सब्सिडी और बैटरी निर्माण में निवेश बढ़ाने की योजनाएं पेश की जा सकती हैं। गरीब कल्याण अन्न योजना का विस्तार कर मुफ्त राशन वितरण को जारी रखा जाएगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में घर उपलब्ध कराने के लिए बजट बढ़ाया जाएगा।

यह बजट इसलिए विशेष रूप से उल्लेखनीय होगा क्योंकि मोदी सरकार ने देश के आर्थिक भविष्य को सुधारने पर ध्यान दिया, न कि लोकलुभावन योजनाओं के जरिये प्रशंसा पाने अथवा कोई राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश की है। राजनीतिक हितों से ज्यादा देशहित को सामने रखने की यह पहल अनूठी है, प्रेरक है। अमृत काल का विजन तकनीक संचालित और ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था का निर्माण करना है। मोदी के विजन में जहां 'हर हाथ को काम' का संकल्प साकार होता हुआ दिखाई दे रहा है, वहीं 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' का प्रभाव भी स्पष्ट रूप से उजागर हो रहा है। श्रम शक्ति की ओर ज्यादा तवज्जों देने की जरूरत है। बहुत सारे लोग औसत से अधिक कमाते हैं और बहुत सारे लोग कम। देखना यह है कि आम आदमी को कितना लाभ पहुंचता है। उम्मीद है कि निर्मला सीतारमण के बजट से क्या-क्या निकलता है। किसी भी देश की अर्थव्यवस्था के आकार का मानक उस देश की जीडीपी होती है और बीते 12 वर्षों में भारत की जीडीपी ने तेज उछाल दर्ज की है। तमाम चुनौतियों को पार करते हुए अर्थव्यवस्था 7 फीसदी से अधिक विकास दर से दौड़ने की अपेक्षा है। तमाम तरह की अनुकूलताओं एवं गुलाबी अर्थ रंगों के बावजूद हमें आर्थिक गति की बाधाओं पर भी ध्यान देना होगा। निजी बचत को बढ़ाये बगैर विकास की तेज रफ्तार का टिके रहना मुश्किल होगा। इसलिए इस ओर अभी से ध्यान देना जरूरी है। श्रम-शक्ति में महिलाओं की कम भागीदारी आर्थिक ही नहीं सामाजिक और अन्य दृष्टियों से भी चिंता की बात है। इस मामले में हम पड़ोस के बांग्लादेश और पाकिस्तान से भी पीछे हैं।

एक फरवरी को होने वाली आर्थिक घोषणाओं को चाहे जो नाम दिया जाये, उनसे वह दशा एवं दिशा स्पष्ट होनी चाहिए कि भविष्य के लिये हम कौनसी राह पकडने वाले हैं। हम किस तरह से आदिवासी समुदाय के उन्नयन के लिये प्रतिबद्ध होंगे। भारत की अर्थव्यवस्था के उन्नयन एवं उम्मीदों को आकार देने की दृष्टि से हम किस तरह से मील का पत्थर साबित होंगे। किस तरह से समाज के सभी वर्गों का सर्वांगीण एवं संतुलित विकास सुनिश्चित होगा। इससे देश की अर्थव्यवस्था का जो नक्शा सामने आयेगा वह इस मायने में उम्मीद की छांव देने वाला साबित होगा, जिससे शहर एवं गांवों के संतुलित विकास पर बल मिल सकेगा। जिससे नया भारत-सशक्त भारत के निर्माण का संकल्प भी बलशाली बन सकेगा। सच्चाई यही है कि जब तक जमीनी विकास नहीं होगा, तब तक आर्थिक विकास की गति सुनिश्चित नहीं की जा सकेगी। अक्सर बजट में राजनीति, वोटनीति तथा अपनी व अपनी सरकार की छवि-वृद्धि करने के प्रयास ही अधिक दिखाई देते है लेकिन मोदी सरकार के बजट राजनीति प्रेरित नहीं होकर राष्ट्र प्रेरित रहे है।

-लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

## विदेश की खबरें

### हमास ने इजराइल के आठ और बंधकों को छोड़ा, 110 फलस्तीनी कैदियों की रिहाई पर 'सस्पेंस' बरकरार

**खान यूनिस (गाजा पट्टी) :** गाजा पट्टी में संघर्ष-विराम समझौते के तहत चरमपंथी समूह हमास ने बृहस्पतिवार को इजराइल के आठ और बंधकों को छोड़ दिया। हालांकि, बंधकों के बदले 110 फलस्तीनी कैदियों की रिहाई की इजराइल की योजना को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। दरअसल, इजराइली बंधकों को रेड क्रॉस के हवाले किए जाने के दौरान दिखे अराजक दृश्यों को लेकर तेल अवीव ने कड़ा विरोध जताया और 110 फलस्तीनी कैदियों की रिहाई पर रोक लगाने की घोषणा की। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने स्पष्ट किया कि हमास जब तक बंधकों की सुरक्षित रिहाई का आश्वासन नहीं देता, तब तक फलस्तीनी कैदियों को आजाद नहीं किया जाएगा। बाद में नेतन्याहू ने कहा कि मध्यस्थों ने उन्हें भरोसा दिलाया है कि गाजा पट्टी से बंधकों की सुरक्षित निकासी सुनिश्चित की जाएगी। हालांकि, उन्होंने फलस्तीनी कैदियों की संभावित रिहाई के बारे में कुछ नहीं कहा। इस बीच, इजराइली मीडिया ने खबर दी कि फलस्तीनी कैदियों को रिहा किया जाएगा। हमास ने बृहस्पतिवार सुबह इजराइल की महिला सैनिक अगम बर्जर (20) को उत्तरी गाजा के जबालिया शरणार्थी शिविर में भीड़ के सामने परेड कराने के बाद रेड क्रॉस को सौंप दिया। इजराइल सरकार ने बाद में पुष्टि की कि बर्जर उसके बलों के पास पहुंच गई हैं।

### ट्रंप ने अप्रवासी हिरासत कानून पर किए हस्ताक्षर

**वाशिंगटन :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अवैध अप्रवासियों की सुनवाई-पूर्व हिरासत की अनुमति देने वाले अपने पहले कानून पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। यह कानून चोरी, सेंधमारी जैसे अपराधों में आरोपित अवैध अप्रवासियों को सुनवाई से पहले हिरासत में रखने का अधिकार देता है। 'लेकेन राइली एक्ट' को पहले अमेरिकी संसद के दोनों सदन 'हाउस और सीनेट' में द्विदलीय समर्थन मिला था। ट्रंप ने 20 जनवरी को कार्यभार संभालने के बाद पहले विधेयक के तौर पर इस पर हस्ताक्षर किए हैं। ट्रंप ने कहा, इस कानून के तहत, गृह सुरक्षा विभाग को उन सभी अवैध अप्रवासियों को हिरासत में लेने का अधिकार होगा जो चोरी, सेंधमारी, डकैती, पुलिस अधिकारी पर हमला, हत्या या गंभीर चोट से जुड़े अपराधों के लिए गिरफ्तार किए गए हैं। यह कानून जॉर्जिया की 22 वर्षीय नर्सिंग छात्रा लेकेन राइली के नाम पर रखा गया है। छात्रा की वेनेजुएला के एक अवैध अप्रवासी ने हत्या कर दी थी। ट्रंप ने इसे 'ऐतिहासिक कानून' करार दिया।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 31 जनवरी, शुक्रवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2081, माघ शुक्लपक्ष द्वितीया, 13:58 तक, नक्षत्र : शतभिषा, 28:06 तक, योग : वरीघा, 15:25 तक, सूर्योदय: 6:16, सूर्यास्त: 17:24 चन्द्रोदय : 07:35, चन्द्रास्त: 19:19, शक सम्वत: 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : मकर, चन्द्र राशि : कुम्भ, राहू काल : 10:27 से 11:50

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि वालों के लिए दिन कारोबार और आर्थिक मामलों में लाभ से भरा होगा। आपके सभी रुके हुए काम पूरे होंगे। जीवन में कुछ बड़े और खुशी देने वाले बदलाव भी हो सकते हैं।

**वृष :** वृष राशि वालों को करियर में सम्मान मिलेगा। अचानक धन लाभ होने के योग हैं और आपके मान सम्मान में वृद्धि होगी। आपको दोपहर तक कोई शुभ समाचार मिल सकता है।

**मिथुन :** मिथुन राशि वालों का भाग्य साथ देगा। आपके द्वारा बनाई गई योजनाएं सफल होंगी। आपकी तरक्की होगी और आपको पिता का आशीर्वाद और उच्चाधिकारियों का सहयोग मिलेगा।

**कर्क :** कर्क राशि के लोगों को करियर में सफलता मिलेगी। कारोबार में तरक्की और सफलता के योग बन रहे हैं। अचानक धन लाभ हो सकता है। योजनाएं सफल होंगी। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

**सिंह :** सिंह राशि वालों के लिए दिन शुभ है। योजनाएं सफल होंगी। राजनीतिक क्षेत्र में कामयाबी मिलेगी। संतान के दायित्व पूरे होंगे। कारोबार में भाग्य का साथ मिलेगा। जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे।

**कन्या :** कन्या राशि वालों का दिन प्रसन्नता से भरा रहेगा। आपको रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी। धन में वृद्धि के योग हैं और आपकी खूब तरक्की होगी।

**तुला :** तुला राशि वालों के लिए दिन लाभ और सम्मान से भरा रहेगा। शिक्षा और प्रतियोगिता के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि मिल सकती है। आय के नए स्रोत बनेंगे। विशेष सम्मान मिलेगा।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि वालों को लाभ होगा। आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। धन और सम्मान में वृद्धि होगी। रुके हुए काम पूरे होंगे। प्रियजनों से मुलाकात होगी।

**धनु :** धनु राशि वालों का दिन अधिक खर्च वाला रहेगा। सांसारिक सुख-भोग के साधनों में वृद्धि होगी। किसी अपने के कारण तनाव हो सकता है। योजनाएं प्रभावित हो सकती हैं।

**मकर :** मकर राशि वालों के लिए करियर के मामले में लाभ का दिन है। कारोबार में लाभ होगा। आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। व्यवसाय में बदलाव से लाभ होगा। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलेगी।

**कुम्भ :** कुंभ राशि वालों को करियर के मामले में काफी भागदौड़ करनी पड़ सकती है। खर्च अधिक रहेगा। किसी संपत्ति की खरीद-बिक्री के समय कागजात अच्छी तरह जांच लें।

**मीन :** मीन राशि वालों के लिए दिन शुभ है। किसी काम से यात्रा हो सकती है। व्यापार में बढ़ती प्रगति से खुशी होगी। विद्यार्थियों को बौद्धिक बोझ से राहत मिलेगी और पढ़ाई में भी मन लगेगा।

## वर्ग पहेली नं. 2991



**बायें से दायें:-** 1) भारत में एक प्रमुख शहर, 4) हवाख़ोरी; टहलक़दमी; सैर-सपाटा, 7) झूलन; परदा; एक गहना, 9) भाई, 10) किसी बात की धुन; उन्माद; पागलपन, 12) राज़ी होना, 14) बेल, 16) लज्जा, 17) प्रतिज्ञा, 18) आँख, 19) स्वस्थ, 20) सकल, 21) जिसके लिए आप इस समय *माथापच्ची* कर रहे हैं, 23) बिहार में एक स्थान जो बड़ा विश्व-विद्यालय था, 25) सत्ता; शासन, 27) वाचा, 29) पुत्री का ससुर, 30) इराक़ की राजधानी, 32) उत्तेजक; मादक, 33) जल.

**ऊपर से नीचे:-** 2) आनंदातिरेक; रोमांच, 3) कोई बात बार-बार बोलने का काम, 4) चिंतन, 5) खरीफ़ फ़सल, 6) विष, 8) सत्ताधिकार; धनुष; मेहराब, 10) एक पांडव *(महाभारत)*, 11) अप्रशिक्षित; हाल का, 13) मुजरा; नृत्य-गान, 15) अनुपालन; कार्यान्विति, 17) खाने-पीने का संयम, 20) मिट्टी खोदने का एक औजार, 22) परवश, 24) गणेश, 26) आवाहन; कुकड़ू कूँ, 28) तृतीय, 29) शरीफ़, 30) भूतनी; संकट; हुड़दंगई, 31) दाता; डोनर.

*(उत्तरः अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ता | ना | बा | ना | | के | व | ल | | न |
| | | द | म | दा | र | | बा | ह | र |
| पी | त | ल | | म | ल | म | ल | | पि |
| | पा | | त | न | | क | ब | | शा |
| | क | ठो | र | | आ | ड़ा | | स | च |
| प | | | ब | ल | वा | | | म | |
| शु | रु | आ | त | | ज | मा | दा | र | |
| | | प | र | दा | | हौ | | भू | सा |
| इ | रा | दा | | द | ला | ल | | मि | स |

शब्दवेधी

## सुडोकू-पहेली-2951

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | 7 | | 2 | | |
| | 3 | | 4 | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | 1 | 4 | 3 | | | | | |
| | | | | 2 | | 5 | | |
| | | 6 | | | | 8 | | |
| 8 | | | | | 2 | | | |
| | | | 6 | | | | 4 | |
| | | | | | | | 1 | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 2950 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 3 | 7 | 8 | 9 | 6 | 4 | 2 |
| 7 | 2 | 4 | 5 | 3 | 6 | 8 | 1 | 9 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 4 | 1 | 5 | 7 | 3 |
| 6 | 3 | 2 | 9 | 7 | 4 | 1 | 8 | 5 |
| 8 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 | 4 | 9 | 7 |
| 4 | 9 | 7 | 1 | 5 | 8 | 2 | 3 | 6 |
| 3 | 6 | 9 | 4 | 1 | 5 | 7 | 2 | 8 |
| 2 | 4 | 8 | 3 | 6 | 7 | 9 | 5 | 1 |
| 1 | 7 | 5 | 8 | 9 | 2 | 3 | 6 | 4 |

# आरजीकर पीड़िता के माता-पिता ने राज्यपाल से की मुलाकात, न्याय की मांग पर राष्ट्रपति को लिखेंगे पत्र

❑ **मुझे उम्मीद है कि हमें न्याय मिलेगा : परिजन**

**कोलकाता, समाज्ञा :** आरजीकर पीड़िता के माता–पिता ने गुरुवार को कहा कि वे मामले में न्याय की मांग को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखेंगे। राष्ट्रपति को पत्र लिखने का उनका फैसला गुरुवार की शाम को राजभवन में राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस के साथ बैठक के बाद आया। बैठक के बाद, मृतक डॉक्टर की मां ने कहा कि हम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को मामले की विस्तृत जानकारी देते हुए एक ईमेल भेजेंगे। अगर वह हमें मिलने का समय देती हैं, तो हम न्याय की मांग के लिए उनसे जरूर मिलेंगे। वहीं, राज्यपाल बोस के साथ अपनी चर्चा के बारे में उन्होंने कहा कि हमारे पास कई सवाल थे, और उन्होंने हमारी बात सुनी। उन्होंने हमें आश्वासन दिया कि वह राष्ट्रपति से बात करेंगे और हमें उन्हें पत्र लिखने के लिए प्रोत्साहित किया। हमने उन्हें सीबीआई जांच के संबंध में एक पत्र दिया है और उन्होंने हमें मामले की जांच करने का आश्वासन दिया है। पीड़िता के पिता ने कहा कि राज्यपाल बोस ने अपना ईमेल पता साझा किया और मामले से संबंधित प्रासंगिक दस्तावेज भेजने को कहा। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि हमें न्याय मिलेगा। उन्होंने कहा कि उन्होंने राज्यपाल बोस को सीबीआई जांच के बारे में अपनी शिकायतों का विवरण देते हुए एक पत्र भी दिया है।

## सुकांत मजूमदार ने आरजीकर पीड़िता के माता–पिता से की मुलाकात

❑ **सीबीआई अधिकारी पर पीड़ित परिवार ने लगाए आरोप, केंद्रीय मंत्री ने दिया भरोसा**



**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय मंत्री व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने आरजीकर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में हुई घटना में जान गंवाने वाली महिला चिकित्सक के माता–पिता से गुरुवार को मुलाकात की। इस दिन, दिल्ली रवाना होने से पहले केंद्रीय मंत्री मजूमदार ने सोदपुर में उनके निवास पर शोक संतप्त माता–पिता से मुलाकात की। इस दौरान, माता–पिता ने उन्हें एक पत्र सौंपा, जिसमें मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की जांच को लेकर अपनी शिकायतें बताई गईं। मुलाकात के बाद, मजूमदार ने पत्रकारों से कहा कि माता–पिता लगातार तृणमूल कांग्रेस के नेताओं के हमले का सामना कर रहे हैं। राज्य प्रशासन के खिलाफ सवाल उठाते हुए न्याय के लिए संघर्ष जारी रखने को लेकर तृणमूल नेता अपमानजक बयान दिया है। मैंने उन्हें (माता पिता को) बिना किसी डर के उनका संघर्ष जारी रखने के लिये कहा है। भाजपा नेता ने कहा कि वह उनके (माता–पिता) द्वारा दिए गए पत्र को उचित अधिकारियों को भेजेंगे। मजूमदार ने कहा कि उन्होंने (माता–पिता) विशेष रूप से सीबीआई के एक अधिकारी को लेकर चिंता जताई और उस पर जांच सही तरीके से नहीं करने का आरोप लगाया। हालांकि, उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि वह यह मामला केंद्रीय गृह मंत्रालय तक पहुंचाएंगे या सीधे सीबीआई के वरिष्ठ अधिकारियों से बात करेंगे।

## विशेष अदालत ने सीबीआई से आरजीकर भ्रष्टाचार मामले से संबंधित सभी दस्तावेज पेश करने को कहा



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता की एक विशेष अदालत ने आरजीकर अस्पताल के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष के कार्यकाल के दौरान कथित वित्तीय अनियमितताओं से संबंधित भ्रष्टाचार के एक मामले की सुनवाई करते हुए गुरुवार को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को अगली सुनवाई की तारीख पर मामले से संबंधित सभी दस्तावेज पेश करने का निर्देश दिया। इस दिन, सीबीआई ने अलीपुर स्थित विशेष अदालत के न्यायाधीश को बताया कि उसे राज्य सरकार द्वारा संचालित अस्पताल में धन से संबंधित भ्रष्टाचार मामले में संदीप घोष और एक अन्य के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए राज्य सरकार से मंजूरी मिल गई है। अदालत ने एजेंसी से शुक्रवार को अगली सुनवाई पर सभी संबंधित दस्तावेज पेश करने को कहा। उल्लेखनीय है कि उच्च न्यायालय ने 28 जनवरी को विशेष अदालत को निर्देश दिया था कि वह मामले की अगली सुनवाई की तारीख से एक सप्ताह के भीतर आरोप तय करने के लिए सभी प्रयास करे।

### महाकुंभ भगदड़ पर राजनीति कर रही हैं ममता : शुभेंदु अधिकारी

**सिलीगुड़ी :** नेता विपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने ममता बनर्जी पर कुंभ मेला में हुए हादसे पर राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह वक्त राजनीति का नहीं है। इस समय सभी सनातनियों को एकजुट होकर पवित्र स्नान के लिए आना चाहिए, ममता बनर्जी की टिप्पणी उनकी ईर्ष्या के कारण थी। सिलीगुड़ी के बागडोगरा हवाई अड्डे पर गुरुवार को मीडिया से बातचीत करते हुए शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि ममता बनर्जी को इस समय केंद्र सरकार का समर्थन करना चाहिए था, न कि राजनीतिक बयानबाजी में उलझना चाहिए। इस तरह की राजनीति से कुंभ मेला के श्रद्धालुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचती है।

## राज्यपाल के अभिभाषण के साथ बजट सत्र शुरू करने की विधानसभा अध्यक्ष की योजना

### राज्य सरकार और राजभवन के बीच गतिरोध समाप्त करने की कवायद

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य सरकार और राजभवन के बीच जारी टकराव आगामी बजट सत्र के दौरान समाप्त होने की संभावना है। विधानसभा का बजट सत्र अगले महीने शुरू होने वाला है, और इसके लिए राज्य सरकार ने राज्यपाल डॉ. सीवी. आनंद बोस को 10 फरवरी को उद्घाटन भाषण देने के लिए आमंत्रण भेज दिया है। बता दें कि पिछले वर्ष बजट सत्र राज्यपाल के भाषण के बिना ही आयोजित किया गया था। पिछले वर्ष के अंतिम महीनों में संपन्न शीतकालीन सत्र को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया था, जिससे इस बार भी



राज्यपाल के उद्घाटन भाषण को लेकर संदेह बना हुआ था। यदि आगामी बजट सत्र को स्थगित सत्र की पुनर्निर्मिति के रूप में दिखाया जाता, तो तकनीकी रूप से राज्यपाल के भाषण से बचा जा सकता था। हालांकि, राज्य सचिवालय से जुड़े सूत्रों के अनुसार, राज्य सरकार ने यह संदेह खत्म कर दिया है और पहले ही राज्यपाल कार्यालय को आमंत्रण भेज दिया है। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि राज्यपाल इस आमंत्रण को स्वीकार करेंगे या नहीं। उल्लेखनीय है कि वित्त विभाग में स्वतंत्र प्रभार मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य 12 फरवरी को 2025–26 का बजट पेश करेंगी। चूंकि, यह 2026 में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले राज्य सरकार का अंतिम पूर्ण बजट होगा, ऐसे में विभिन्न कल्याणकारी और सहायता योजनाओं में बढ़ोतरी की संभावना है। खासतौर पर, महिलाओं और युवाओं से जुड़ी योजनाओं का बजट बढ़ाया जा सकता है। इसके अलावा, राज्य कर्मचारियों के महंगाई भत्ते (डीए) में भी वृद्धि संभव है।

## मेडिकल कॉलेजों में 'थ्रेट कल्चर' पर हाईकोर्ट में नई याचिका दायर

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में व्याप्त कथित 'थ्रेट कल्चर' पर गुरुवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय में एक नई याचिका दायर की गई। मुख्य न्यायाधीश टी.एस. शिवगनम और न्यायमूर्ति हिरणमय भट्टाचार्य की खंडपीठ ने याचिका स्वीकार कर ली है और मामले की सुनवाई अगले सप्ताह हो सकती है। याचिकाकर्ता ने दावा किया गय है कि अतीत में 'थ्रेट कल्चर' के मुद्दे पर बहुत सारे संवाद और विचार–विमर्श के बावजूद, आज तक मामले में कोई सुधार नहीं हुआ है। यह याचिका न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता की एकल पीठ द्वारा आरजीकर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल से उस प्रीमियम मेडिकल संस्थान में 'थ्रेट कल्चर' के आरोपों पर रिपोर्ट मांगे जाने के ठीक एक दिन बाद दायर की गई थी। रिपोर्ट में, न्यायमूर्ति सेनगुप्ता ने आरजीकर अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे वहां 'थ्रेट कल्चर' की घटनाओं को रोकने के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा दें और साथ ही यह भी बताएं कि क्या आरोपी डॉक्टरों को मामले में अपनी दलीलें पेश करने का मौका दिया गया था। उल्लेखनीय है कि आरजीकर सहित कोलकाता के विभिन्न सरकारी मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में 'थ्रेट कल्चर' का मुद्दा पिछले साल अगस्त में उसी अस्पताल की एक महिला जूनियर डॉक्टर के साथ अस्पताल परिसर में हुए जघन्य दुष्कर्म और हत्या के बाद सामने आया था। आरजीकर के पूर्व और विवादास्पद प्रिंसिपल संदीप घोष और उनके करीबी सहयोगियों की पहचान इस 'थ्रेट कल्चर' को चलाने के पीछे मुख्य संचालक के रूप में की गई थी।

**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं.: एमसी–वेहिकल–हायर–सीडीओ–जेएस–25, दिनांक 28.01.2025,** वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (सीएचजी. एवं टी/एस), पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए खुली निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** हावड़ा मंडल के झील साइडिंग कोचिंग डिपो में ट्रेन सेट मेन्टेनेंस फेसिलिटी की स्थापना के लिए सीडीओ/जेएस के अधीन एक नॉन एसी 4–व्हीलर वाहन (एसयूवी) को किराए पर लेना। **निविदा मूल्य :** रु. 18,00,000/–, **बयाना राशि जमा की जाएगी :** रु. 36,000/–, **अनुबंध की अवधि :** कार्य आरंभ होने की तिथि से 36 माह। **बोली की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 18.02.2025 को 14.00 बजे तक। **निविदा ऑनलाइन जमा करने के लिए वेबसाइट का विवरण : जीईएम पोर्टल**
HWH-573/2024-25
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं. डीसीई-कॉन-II-केजीपी-1-2025, दिनांक 29.01.2025;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से उप मुख्य अभियंता (निर्माण-II)/खड़गपुर, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। नीचे उल्लिखित निविदा वेबासाइट **www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर दी गई है। निविदा नियत तारीख को दोपहर 12.00 बजे बंद कर दी जाएगी। **कार्य का संक्षिप्त विवरण:** खड़गपुर मंडल के उप मुख्य अभियंता/निर्माण-II/खड़गपुर, दक्षिण पूर्व रेलवे के क्षेत्राधिकार के अधीन खड़गपुर में 8 मीx12 मी इलेक्ट्रिक सब-स्टेशन सहित निर्माण इकाई (सिविल, विद्युतीय एवं संकेत एवं दूरसंचार) के लिए (जी+2) नए कार्यालय भवन; मंदाकिनी गेस्ट हाउस पहली मंजिल (ओआरएच) का निष्पादन; सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड, द. पू. रेलवे प्रोमोटी ऑफिसर्स एसोसिएशन-खड़गपुर, केवीबीडीओ तथा निर्माण कार्यालय के परिसर में स्थित द.पू. रेलवे सिविल डिफेंस-खड़गपुर के कार्यालयों को ढाहना एवं प्रतिस्थापन साथ में मौजूदा निर्माण कार्यालय की प्रमुख मरम्मत कार्य। **लागत:** रु. 19,16,69,657.02; **ईएमडी:** रु. 11,08,400; **कार्य पूरा करने की अवधि:** 12 (बारह) महीने। **बंद होने की तिथि:** 24.02.2025; इच्छुक निविदादातागण निविदाओं के विस्तृत विवरण/ब्यौरा/विनिर्देशन हेतु वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं तथा अपनी बोलियां ऑन लाइन जमा करें। किसी भी परिस्थिति में इन मदों के लिए मैनुअल निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएगी। **वि.द्र:** प्रत्याशित बोलीदातागण अन्य सभी निविदाओं में भाग लेने हेतु नियमित रूप से **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं। **(PR-1078)**

**पूर्व रेलवे**

**ई–निविदा सं. 328_2024–25, दिनांक 23.01.2025,** वरिष्ठ मंडल अभियंता/2, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई–निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **वरिष्ठ डीईएन/2/हावड़ा। कार्य का विवरण :** डानकुनी–वरिष्ठ डीईएन/2/हावड़ा के अधीन डानकुनी गुड्स–शेड में प्रदूषण नियंत्रण से संबंधित कार्य। **अनुमानित मूल्य :** रु. 1,31,16,902.94, **बयाना राशि:** रु. 2,15,600/–, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य। **समापन अवधि :** 12 माह । यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 17.02.2025 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।
HWH-572/2024-25
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी की तबीयत बिगड़ी, ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया

❑ **पूर्व मंत्री के इलाज के लिए तीन सदस्यीय मेडिकल बोर्ड का गठन**

**कोलकाता, समाज्ञा :** जेल में 2022 से बंद चल रहे राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी की तबीयत खराब होने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पार्थ चटर्जी को कोलकाता के मुकुंदपुर इलाके के एक निजी अस्पताल में ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया है। यह जानकारी डॉक्टरों ने गुरुवार को दी। बता दें कि पार्थ चटर्जी को सांस लेने में तकलीफ की शिकायत के बाद मंगलवार को एसएसकेएम अस्पताल से मुकुंदपुर के निजी अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया था। डॉक्टरों ने बताया कि फिलहाल उनकी हालत स्थिर है, लेकिन संकट अभी टला नहीं है। उन्होंने बताया कि 'कार्डियक फेलियर' के लक्षण दिखने के बाद पार्थ चटर्जी को ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया था। हृदय रोग विशेषज्ञ अनूप खेतान पार्थ चटर्जी के हृदय की स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, पार्थ चटर्जी को आईटीयू के बेड नंबर 6 पर भर्ती कराया गया है। उन्हें फेफड़ों में संक्रमण, उच्च क्रिएटिनिन स्तर और एनीमिया की शिकायत है। उनका सीटी स्कैन किया जाएगा। साथ ही, डॉक्टर यह भी जांच कर रहे हैं कि उन्हें डायलिसिस की जरूरत है या नहीं। डॉ. सौरन पांजा और उनकी टीम के निर्देशन में उनका इलाज चल रहा है। उनके इलाज के लिए तीन सदस्यीय मेडिकल बोर्ड का गठन किया गया है। इस बोर्ड में कार्डियोलॉजिस्ट अनूप खेतान और नेफ्रोलॉजिस्ट प्रतीक दास शामिल हैं।

## बजट सत्र के पहले ही दिन ममता ने तृणमूल विधायक दल की बुलाई बैठक

**विधानसभा में पार्टी विधायकों के साथ मुख्यमंत्री बजट सत्र समेत कई मुद्दों पर करेंगी चर्चा**

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी ने विधानसभा के बजट सत्र के पहले ही दिन पार्टी विधायक दल की बैठक बुलाई है। बता दें कि विधानसभा का बजट सत्र 10 फरवरी से शुरू होना है और 12 फरवरी को बजट पेश होगा। ममता विधायक दल की बैठक में बजट सत्र में तृणमूल विधायकों की भूमिका, किन मुद्दों को अधिक महत्व दिया जाना चाहिए, इस पर चर्चा कर सकती हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान उन्होंने विधायक दल के साथ बैठक की थी। यह बैठक सत्र के मध्य में हुई थी। हालांकि, इस बार ममता पहले ही दिन पार्टी विधायकों के साथ बैठक करेंगी। यह बैठक 10 फरवरी को विधानसभा के नौशार अली कक्ष में होगी। सभी तृणमूल विधायकों को बैठक में उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है। तृणमूल के प्रदेश अध्यक्ष सुब्रत बख्शी भी बैठक में मौजूद रहेंगे। सूत्रों के अनुसार, विधायक दल की बैठक में इस बात पर भी चर्चा हो सकती है कि इस वर्ष के बजट में घोषित परियोजनाओं को अगले वर्ष कैसे आगे बढ़ाया जाएगा। इसके अलावा, बैठक में पार्टी विधायकों के व्यवहार का मुद्दा भी उठ सकता है। ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि बजट सत्र के पहले दिन ममता एक बार फिर पार्टी विधायकों को अनुशासन का पाठ पढ़ा सकती हैं।

### पुलिस ने साउथ सिटी स्थित आवास में महिला को कूदने से बचाया

**कोलकाता, समाज्ञा :** जादवपुर थाने के पुलिस ने गुरुवार को एक महिला को साउथ सिटी स्थित आवास में कूदने से बचाया। मिली जानकारी के अनुसार, इस दिन, सुबह में आवास के सुरक्षा गार्डों को पांचवीं मंजिल की बालकनी पर महिला का व्यवहार असामान्य लगा। उन्हें लगा कि महिला बालकनी से कूद सकती हैं। इसके बाद, उन्होंने जादवपुर पुलिस थाने को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को कूदने से रोका। स्थानीय व पुलिस सूत्रों के अनुसार, महिला का पति विदेश में रहता है। वह महिला मानसिक रूप से परेशान है। माना जा रहा है कि शायद इसी वजह से वह बालकनी में जाकर कोई गलत फैसला लेने वाली थी। इस बात की जांच चल रही है कि उन्होंने यह निर्णय क्यों और किस कारण से लिया।

## टेंगरा में झुकी हुई इमारत को गिराने पहुंचे पुलिस एवं निगम कर्मियों को करना पड़ा स्थानीय लोगों के विरोध का सामना



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के टेंगरा में एक झुकी हुई बहुमंजिला इमारत को गिराने के दौरान गुरुवार को पुलिस और नगर निगम के कर्मचारियों को इमारत के निवासियों के विरोध का सामना करना पड़ा। सूत्रों के अनुसार, जब पुलिस और नगर निगम के कर्मचारी पहुंचे तो निवासियों ने ढही हुई इमारत का गेट अंदर से बंद कर लिया। उनका आरोप है कि नगर निगम के कर्मचारी बिना किसी सूचना के अचानक घर तोड़ने आ गए। अगर घर गिरा दिया गया तो हम कहां जाएंगे? उनकी मांग है कि पहले पुनर्वास दिया जाए और फिर तोड़फोड़ का काम शुरू करने दिया जाए। निवासियों का कहना है कि उन्हें उनके घरों को गिराए जाने के संबंध में कोई नोटिस नहीं मिला। सभी ने अपनी जीवन भर की जमा पूंजी लगाकर फ्लैट खरीदा था। कई लोगों ने 90 प्रतिशत भुगतान भी कर दिया था। उनका सवाल है कि अगर उनका फ्लैट गिरा दिया गया तो वे कहां जाएंगे? उल्लेखनीय है कि टेंगरा के क्रिस्टोफर रोड पर स्थित बहुमंजिला इमारत पिछले बुधवार से झुक रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दो घर एक–दूसरे के बगल में स्थित हैं। आरोप है कि छह मंजिला व्हाइट हाउस का निर्माण भवन निर्माण नियमों की परवाह किए बिना किया गया था। वर्तमान में, उस इमारत में कोई नहीं रहता था, लेकिन लोग बगल के ग्रीनहाउस में रहते थे। हरे रंग की बहुमंजिला इमारत वजन सहन करने में असमर्थ होने के कारण व्हाइट हाउस की ओर झुक गई। इस दिन, सुबह में व्हाइट बिल्डिंग को गिराया जाना था। जगह पर बैरिकेडिंग कर दी गई थी और उसका दरवाजा अंदर से बंद कर दिया गया था।

## बशीरहाट में नाबालिग स्कूली छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कोलकाता, समाज्ञा :** एक नाबालिग स्कूली छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने घर के अंदर से नौवीं कक्षा के छात्रा का शव बरामद किया। मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना उत्तर 24 परगना जिले के बशीरहाट महकमा के बशीरहाट थाना अंतर्गत इटिंडा गांव में घटी। मृतका की पहचान अंकिता सरकार (14) के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि गत बुधवार को अंकिता सरकार के घर पर कोई नहीं था और इसी दौरान नौवीं कक्षा की छात्रा ने घर में रस्सी से फांसी लगा ली। घर पहुंचने के बाद परिवार के सदस्यों ने जैसे ही उसे देखा, उसे तुरंत नीचे उतारकर बशीरहाट जिला अस्पताल ले गये और भर्ती कराया गया। नाबालिग लड़की की गुरुवार की सुबह मौत हो गई। अब सवाल यह है कि उस छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या क्यों की? पुलिस ने पूरी घटना की जांच शुरू कर दी है। इसके अलावा, बशीरहाट पुलिस स्टेशन ने छात्रा के शव को पोस्टमार्टम के लिए मुर्दाघर भेज दिया है। क्या नौवीं कक्षा के छात्र ने पढ़ाई के दबाव के कारण आत्महत्या की? या फिर इस अप्राकृतिक मौत के पीछे कोई प्रेम–संबंधी कारण है? बशीरहाट पुलिस स्टेशन इन सभी सवालों के जवाब ढूंढने के लिए जांच कर रही है। हालांकि, पुलिस का प्रारंभिक अनुमान है कि छात्र ने अपमान के कारण आत्महत्या की है। लेकिन उसका अपमान किसने किया? इस बारे में अभी भी भ्रम की स्थिति है।

## शहर में लगातार घरों में दरारें, हाई कोर्ट ने प्रोमोटर को एक लाख रुपये का लगाया जुर्माना

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता शहर में एक के बाद एक घरों में दरारें आ रही हैं, जिससे शहरवासियों में दहशत का माहौल बन गया है। यह समस्या हुगली जिले के श्रीरामपुर नगर निगम के 15 नंबर वार्ड तक फैल गई है। इस मामले में शिकायत दायर होने के बाद, कोलकाता हाई कोर्ट ने एक निर्माणकर्ता कंपनी पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है, क्योंकि उस पर जानकारी छिपाने का आरोप था। अधिवक्ता आशिष कुमार चौधुरी ने बताया कि हुगली के श्रीरामपुर नगर निगम के एससी घोष लेन में एक निजी आवासीय परियोजना की शुरुआत हुई थी। इस निर्माण के बाद आसपास के कई घरों में दरारें आनी शुरू हो गईं। इलाके के प्रभावशाली प्रॉमोटर के कारण अधिकांश लोग चुप रहे, लेकिन निर्माण के पास ही देवप्रसाद बसाक का घर था। देवप्रसाद बसाक ने आरोप लगाया कि इस निर्माण कार्य के कारण उनके घर में कई स्थानों पर दरारें पड़ने लगीं। उन्होंने इस बारे में श्रीरामपुर नगर निगम से शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद, 2023 में देवप्रसाद बसाक ने कोलकाता हाई कोर्ट का रुख किया। कोर्ट ने इस मामले में अवैध निर्माण को हटाने का आदेश दिया था, लेकिन नगर निगम ने इस आदेश की अवहेलना की। इसके बाद, निर्माण कंपनी के मालिक संतोष चौधरी ने इस फैसले को चुनौती दी, लेकिन कोर्ट ने सात दिनों के भीतर अवैध निर्माण को हटाने का आदेश दिया। इसके बाद, अदालत ने निर्माण कंपनी पर जानकारी छिपाने के आरोप में एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

**सरस्वती पूजा के अवसर पर कम्प्यूटरीकृत आरक्षण कार्यालयों का कामकाजी समय**

कोलकाता एवं हावड़ा क्षेत्र में सभी कम्प्यूटरीकृत आरक्षण कार्यालय **''सरस्वती पूजा''** के अवसर पर **दिनांक 03.02.2025 (सोमवार) को** केवल पहली पाली में अर्थात **सुबह 08.00 बजे से दोपहर 02.00 बजे तक** कार्य करेंगे एवं दूसरी पाली में अर्थात दोपहर 02.00 बजे से रात 08.00 बजे तक बंद रहेंगे। तथापि, हावड़ा, सियालदह एवं कोलकाता टर्मिनल के मौजूदा काउंटर नियमित रूप से कार्य करेंगे।
**उप मुख्य वाणिज्य प्रबंधक/डीबी**
**पूर्व रेलवे**
हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**अधिक सुरक्षा एवं गतिशीलता के लिए ऑटो सिग्नलिंग की शुरुआत**

**सियालदह मंडल के तहत बालीगंज जंक्शन एवं कांकुरगाछी रोड जंक्शन में नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य**

**शनिवार एवं रविवार को कुछ लोकल ट्रेनों का नियंत्रण**

**सियालदह मंडल के सोनारपुर-बालीगंज जंक्शन-कांकुरगाछी रोड जंक्शन-दमदम जंक्शन अनुभाग में बालीगंज जंक्शन तथा कांकुरगाछी रोड जंक्शन (कॉर्ड लाइन) के बीच ऑटोमेटिक सेक्शन** चालू करने के संबंध में बालीगंज जंक्शन तथा कांकुरगाछी रोड जंक्शन में पुराने आरआरआई पैनल के प्रतिस्थापन के लिए दो (02) अदद 65 इंच वीडीयू-मोनिटर के साथ हॉट स्टैंडबाई ड्युअल विजूअल डिस्प्ले यूनिट इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम चालू करने के साथ मल्टी सेक्शन डिजिटल एक्सल काउंटरों (ट्रैक सर्किटों के स्थान पर) के प्रावधान के लिए, **बालीगंज जंक्शन में दिनांक 01.02.2025 (शनिवार) की रात 12.00 बजे से दिनांक 03.02.2025 (सोमवार) की सुबह 04.00 बजे तक 52 घंटे के लिए नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य संपादित किया जाएगा** तथा **कांकुरगाछी रोड में दिनांक 02.02.2025 (रविवार) की रात 12.00 बजे से दिनांक 03.02.2025 (सोमवार) की सुबह 04.00 बजे तक 28 घंटे के लिए नॉन-इंटरलॉकिंग संपादित किया जाएगा,** फलस्वरूप, ट्रेनों के संचालन के लिए नीचे उल्लेखित व्यवस्थाएं की गई हैं:

**शनिवार (दिनांक 01.02.2025)**

● **निरसन: सियालदह-बारुईपुर जंक्शन: अप:** 34611, 34613, 34617, 34621, 34623, 34601, 34625, 34627, 34629, 34649, 34633, 34651, 34637, 34639, 34643, 34645, 34647. **डाउन** : 34612, 34614, 34616, 34618, 34620, 34622, 34624, 34626, 34628, 34650, 34632, 34652, 34636, 34638, 34642, 34644. **सियालदह-सोनारपुर जंक्शन: अप:** 34411, 34417, 34419, 34429, 34431. **डाउन:** 34412, 34414, 34416, 34418, 34432, 34434. **बीबीडी बाग-बारुईपुर जंक्शन: अप:** 30451. **सियालदह-बीबीडी बाग : अप** : 30411. **डाउन** : 30412, 30416. **कैनिंग-बारासात: अप** : 33061. **चम्पाहाटी-माझेरहाट: अप** : 30511. **माझेरहाट-घुटियारी शरीफ: डाउन** : 30552. **मध्यमग्राम-माझेरहाट: अप** : 30357. **डाउन** : 30358. **सियालदह-बारासात: डाउन:** 33438. **सियालदह-नैहाटी: डाउन** : 31422, 31442. **के बजबज-नैहाटी : अप** : 31051, 31053, 31055.

● **संक्षिप्त यात्रा समाप्त/संक्षिप्त यात्रा शुरू: न्यू अलीपुर (कोलकाता) में : अप:** 30111, 34165, 34111, 34113, 34115, 34117, 34119, 34121, 34123, 34125, 34127, 34129, 34133, 34137, 34141, 34167, 34145, 34149, 34151, 34153, 34155, 34157, 34159, 34161, 34163. **डाउन** : 30122, 34112, 34114, 34116, 34118, 34120, 34122, 34124, 34126, 34128, 34130, 34132, 34136, 34140, 34168, 34146, 34148, 34150, 34154, 34156, 34158, 34160, 34162, 34164, 34166. **माझेरहाट में: अप:** 34147. **डाउन** : 34152. **सोनारपुर जंक्शन में: अप** : 30711, 34899, 34641. **डाउन** : 30712, 34898. **बारासात में : अप** : 30317, 30361. **डाउन** : 34062. **प्रिंसेप घाट में : अप** : 30313. **डाउन** : 30314. **दमदम जंक्शन में : डाउन** : 30142.

●**मार्ग परिवर्तन:** (1) 30152 नैहाटी-माझेरहाट, (2) 30154 नैहाटी-माझेरहाट, (3) 34052 नैहाटी-के बजबज, (4) 34054 नैहाटी-के बजबज, (5) 34056 कल्याणी सीमांत-के बजबज का मार्ग सियालदह (मेन एवं नॉर्थ) की ओर परिवर्तित किया जाएगा।

**स्पेशल ट्रेनें (मार्ग में सभी स्टेशनों पर ठहरेगी): (1)** दमदम जंक्शन-बारासात स्पेशल (दमदम जंक्शन से सुबह 08.10 बजे), **(2)** सियालदह-रानाघाट स्पेशल (सियालदह से रात 07.00 बजे), **(3)** सियालदह-नैहाटी स्पेशल (सियालदह से अपराह्न 03.05 बजे), **(4)** के बजबज-न्यू अलीपुर (कोलकाता) स्पेशल (के बजबज से अपराह्न 05.30 बजे), **(5)** न्यू अलीपुर (कोलकाता)-के बजबज स्पेशल (न्यू अलीपुर (कोलकाता) से रात 08.12 बजे), **(6)** सियालदह-बारुईपुर जंक्शन स्पेशल (सियालदह से अपराह्न 05.43 बजे)।

**रविवार (दिनांक 02.02.2025)**

● **निरसन: सियालदह-बारुईपुर जंक्शन: अप:** 34611, 34613, 34621, 34623, 34625, 34627, 34649, 34633, 34651, 34637, 34639, 34643, 34645, 34647. **डाउन:** 34612, 34614, 34620, 34622, 34624, 34626, 34650, 34632, 34652, 34636, 34638, 34642, 34644. **सियालदह-सोनारपुर जंक्शन: अप:** 34411, 34417, 34429. **डाउन:** 34412, 34414, 34416, 34432. **बीबीडी बाग-बारुईपुर जंक्शन: अप** 30451. **सियालदह-बीबीडी बाग : अप** : 30411. **डाउन** : 30412, 30416. **कैनिंग-बारासात: अप** : 33061. **चम्पाहाटी-माझेरहाट: अप** : 30511. **माझेरहाट-घुटियारी शरीफ: डाउन** : 30552. **मध्यमग्राम-माझेरहाट: अप** : 30357. **डाउन** : 30358. **सियालदह-बारासात: डाउन:** 33438. **सियालदह-नैहाटी: डाउन** : 31422, 31442. **के बजबज-नैहाटी : अप** : 31051, 31053, 31055.

● **संक्षिप्त यात्रा समाप्त/संक्षिप्त यात्रा शुरू: न्यू अलीपुर (कोलकाता) में : अप:** 30111, 34165, 34111, 34113, 34115, 34117, 34119, 34121, 34123, 34125, 34129, 34133, 34137, 34141, 34167, 34145, 34149, 34151, 34153, 34155, 34157, 34159, 34161, 34163. **डाउन** : 30122, 34112, 34114, 34116, 34118, 34120, 34122, 34124, 34126, 34130, 34132, 34136, 34140, 34168, 34146, 34148, 34150, 34154, 34156, 34158, 34160, 34162, 34164, 34166. **माझेरहाट में: अप:** 34147. **डाउन** : 34152. **सोनारपुर जंक्शन में: अप** : 30711, 34899, 34641. **डाउन** : 30712, 34898. **बारासात में : अप** : 30317, 30361. **डाउन** : 34062. **प्रिंसेप घाट में : अप** : 30313. **डाउन** : 30314. **दमदम जंक्शन में : डाउन** : 30142.

●**मार्ग परिवर्तन:** (1) 30152 नैहाटी-माझेरहाट, (2) 30154 नैहाटी-माझेरहाट, (3) 34052 नैहाटी-के बजबज, (4) 34054 नैहाटी-के बजबज, (5) 34056 कल्याणी सीमांत-के बजबज का मार्ग सियालदह (मेन एवं नॉर्थ) की ओर परिवर्तित किया जाएगा।

**स्पेशल ट्रेनें (मार्ग में सभी स्टेशन पर ठहरेगी): (1)** दमदम जंक्शन-बारासात स्पेशल (दमदम जंक्शन से सुबह 08.10 बजे), **(2)** सियालदह-रानाघाट स्पेशल (सियालदह से रात 07.00 बजे), **(3)** सियालदह-नैहाटी स्पेशल (सियालदह से अपराह्न 03.05 बजे), **(4)** के बजबज-न्यू अलीपुर (कोलकाता) स्पेशल (के बजबज से अपराह्न 05.30 बजे), **(5)** न्यू अलीपुर (कोलकाता)-के बजबज स्पेशल (न्यू अलीपुर (कोलकाता) से रात 08.12 बजे)।

इस अवधि के दौरान ट्रेनें सेवाएं विलम्ब से उपलब्ध हो सकती है। यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए गहरा खेद है।
**मंडल रेल प्रबंधक, सियालदह**
**पूर्व रेलवे**

# हाईकोर्ट ने विभिन्न थानों में चार विचाराधीन कैदियों की मौत की जांच सीआईडी के वरिष्ठ अधिकारी से कराने का दिया आदेश

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने गुरुवार को राज्य सीआईडी के अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) को 2023 में दक्षिण 24 परगना जिले के अलग-अलग पुलिस थानों में चार विचाराधीन कैदियों की हुई मौत की नये सिरे से जांच के लिए निरीक्षक से उच्च रैंक के अधिकारी को नामित करने का निर्देश दिया। हालांकि, अदालत ने कहा कि यह मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को हस्तांतरित करने को इच्छुक नहीं है क्योंकि मामले की जांच राज्य के अपराध अन्वेषण विभाग (सीआईडी) के एक उच्च पदस्थ



अधिकारी द्वारा की जा सकती है। बता दें कि याचिकाकर्ता ने मामले की जांच सीबीआई को हस्तांतरित करने का अनुरोध किया है। अदालत ने चार विचाराधीन कैदियों की अगस्त 2023 में मौत के मामले की एक निरीक्षक द्वारा तैयार की गई सीआईडी की रिपोर्ट से संतुष्ट नहीं होने का जिक्र करते हुए उक्त रिपोर्ट रद्द कर दी। पीठ ने कहा कि जांच सीआईडी के एक वरिष्ठ अधिकारी द्वारा की जानी चाहिए क्योंकि पुलिस अधिकारियों के खिलाफ आरोप है। मुख्य न्यायाधीश टी एस शिवज्ञनम ने एडीजी, सीआईडी को चार विचाराधीन कैदियों की मौत की नये सिरे से जांच करने के लिए निरीक्षक से उच्च रैंक के अधिकारी को नामित करने तथा कानून के अनुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया। अदालत ने कहा कि एडीजी द्वारा नामित अधिकारी युवा होना चाहिए और वह पूर्व में दिये गए किसी भी बयान से प्रभावित नहीं होगा, बल्कि इस मामले की निष्पक्ष जांच करेगा, भले ही पश्चिम बंगाल पुलिस विभाग के अधिकारियों के खिलाफ आरोप हो। पीठ ने निर्देश दिया कि जांच आठ सप्ताह के भीतर पूरी की जाए और उपयुक्त अदालत के समक्ष एक रिपोर्ट दाखिल की जाए। उल्लेखनीय है कि 'एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ डेमोक्रेटिक राइट्स' (एपीडीआर) द्वारा याचिका दायर की गई थी, जिसमें 2023 में चार विचाराधीन कैदियों की मौत के कारण की स्वतंत्र जांच का अनुरोध करते हुए इसे सीबीआई को सौंपने का अनुरोध किया गया था। याचिकाकर्ता ने दावा किया कि चार विचाराधीन कैदियों की मौत का कारण अस्वाभाविक और संदिग्ध है। उन्होंने आरोप लगाया कि दक्षिण 24 परगना जिले के बरुईपुर, महेशतला और बजबज पुलिस थानों में दर्ज विभिन्न मामलों में पुलिस द्वारा उनकी गिरफ्तारी के बाद उन्हें लगी चोटों के कारण उनकी मौत हुई। पीठ ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में, शरीर पर बाहरी चोटों का स्पष्ट रूप से उल्लेख है। राज्य सरकार ने अदालत को बताया कि उसने प्रत्येक विचाराधीन कैदी (मृतकों) के परिवार को पांच लाख रुपये का मुआवजा दिया है।

## कोलकाता में 7.3 लाख की लूट मामले में मास्टरमाइंड समेत दो गिरफ्तार

**कोलकाता :** कोलकाता के रफी अहमद किदवई रोड स्थित एक ऑफिस में घुसकर 7.3 लाख रुपये की लूट करने के मामले में पुलिस ने मुख्य साजिशकर्ता सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस लूट की घटना को 28 जनवरी 2025 की शाम करीब 7:22 बजे अंजाम दिया गया था। मालूम हो कि पीड़ित व्यक्ति अपनी सास के इलाज के लिए धन जुटाने के लिए हरित रत्न ऑफिस (463, रफी अहमद किदवई रोड, कोलकाता) पहुंचे थे और वहां से पैसे इकट्ठा कर रहे थे। तभी अज्ञात आरोपियों ने वहां आकर उन्हें और एक ऑफिस स्टाफ को चाकू दिखाकर घायल कर दिया और 7,30,000 रुपये लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने उपलब्ध फुटेज और गुप्त सूचना के आधार पर जांच की, जिससे पता चला कि यह अपराध एक सुनियोजित साजिश थी। इस साजिश का मास्टरमाइंड विनोद राव (39 वर्ष) है जो शिकायतकर्ता





का व्यावसायिक सहयोगी था। 29 जनवरी 2025 की रात 8:35 बजे पुलिस ने विनोद राव को पार्क लेन स्थित उसके घर के सामने से हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान उसने अपराध स्वीकार कर लिया और खुलासा किया कि उसने इस लूट की पूरी योजना बनाई थी। विनोद राव के बयान के आधार पर 29 जनवरी 2025 की रात 11:40 बजे पुलिस ने दूसरे आरोपी मोहम्मद अफताबुद्दीन (22 वर्ष) को उसके घर नारकेलडांगा से गिरफ्तार किया। अफताबुद्दीन से पूछताछ में उसने भी अपराध स्वीकार किया और उसके घर से 1,26,000 रुपये नकद और शिकायतकर्ता से लूटा गया एक नीले रंग का रियलमी मोबाइल फोन बरामद हुआ। पुलिस अब फरार अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है और लूटी गई शेष राशि की बरामदगी के प्रयास कर रही है। प्रारंभिक जांच में यह व्यापारिक दुश्मनी से प्रेरित लूट लग रही है। मामले की विस्तृत जांच जारी है।

## कोलकाता में 123.802 किग्रा गांजा बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

**कोलकाता :** कोलकाता पुलिस की नारकोटिक सेल (डिटेक्टिव डिपार्टमेंट) ने गुप्त सूचना और तकनीकी सहायता के आधार पर एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए 123.802 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। इस सिलसिले में दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के अनुसार, 30 जनवरी 2025 को रात 12:05 बजे, नारकोटिक सेल की टीम ने ए.जे.सी. बोस रोड पर बेलवेडियर रोड क्रॉसिंग के पास एक सफेद रंग की महिंद्रा बोलेरो आईमैक्स (पिकअप वैन) (रजिस्ट्रेशन नंबर थइ 19 ङ 7851) को रोका। यह वाहन अंगुल, ओडिशा से मंदरबाजार, दक्षिण 24 परगना की ओर जा रहा था। तलाशी के दौरान वैन में एक छुपे हुए चैंबर से 123.802 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया।

**❑ गिरफ्तार आरोपियों की पहचान**

सौरभ बनिक (25 वर्ष) - पुत्र सोमलुल बनिक, निवासी उत्तर जगदीशपुर, थाना मंदरबाजार, दक्षिण 24 परगना (वाहन चालक)

कमल सरदार उर्फ बिधा (21 वर्ष) - पुत्र निर्मल सरदार, निवासी दक्षिण रघुनाथपुर, थाना मंदरबाजार, दक्षिण 24 परगना

इस मामले में नारकोटिक सेल के एसआई देबाशीष बर्मन की शिकायत पर हेस्टिंग्स थाने में केस नंबर 10/30.01.2025 दर्ज किया गया है। पुलिस अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इस तस्करी के पीछे और कौन लोग शामिल हैं और यह गिरोह कितने समय से सक्रिय था। मामले की जांच जारी है।

# सुरक्षित यात्रा के लिए प्रशासन के निर्देशों का पालन करें : अश्विनी वैष्णव

**❑ मौनी अमावस्या पर प्रयागराज से 364 ट्रेनों का संचालन,**

**प्रयागराज/कोलकाता :** मौनी अमावस्या के दिन संगम में स्नान करने के बाद घर लौटने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेलवे प्रशासन ने प्रयागराज के विभिन्न स्टेशनों से 364 आउटवर्ड गाड़ियों का परिचालन किया। यह एक दिन में चलाई गई गाड़ियों का नया रिकॉर्ड है। इसके अलावा, रेलवे ने इस दौरान 77 इंवर्ड गाड़ियों का भी संचालन किया। इन गाड़ियों में 142 नियमित और 222 महाकुंभ मेला विशेष गाड़ियां शामिल थीं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दिल्ली में संवाददाताओं से बात करते हुए बताया कि इस दिन 364 ट्रेनें प्रयागराज से चलाई गईं और रेलवे की वरिष्ठ



अधिकारियों की टीम रियल टाइम मॉनिटरिंग कर रही है। उन्होंने श्रद्धालुओं से प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की। यात्रियों के लिए होल्डिंग एरिया बनाए गए हैं जहां वे अपनी गाड़ी की प्रतीक्षा कर सकते हैं। इसके अलावा, तीनों रेलवे जोन के महाप्रबंधक और रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष श्रद्धालुओं को उनके घर तक पहुंचाने के लिए लगे हुए हैं और मेला प्रशासन एवं राज्य सरकार के संपर्क में है। उन्होंने संगम स्नान के लिए आए सभी श्रद्धालुओं से निवेदन किया है कि प्रशासन द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करें। रेलवे द्वारा यात्रियों के लिए बड़े-बड़े होल्डिंग एरिया बनाए गए हैं जहां बैठकर वे अपने क्षेत्र की गाड़ी की प्रतीक्षा कर सकते हैं। रेलवे बोर्ड के कार्यकारी निदेशक, सूचना एवं प्रसार दिलीप कुमार ने बताया कि इस दिन इनवर्ड एवं आउटवर्ड मिलाकर उत्तर मध्य रेल द्वारा 280 गाड़ियों का परिचालन किया गया जबकि पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा 73 गाड़ियों का एवं उत्तर रेलवे द्वारा 88 गाड़ियों का परिचालन किया। उत्तर मध्य रेल द्वारा सबसे अधिक 157 महाकुंभ मेला विशेष गाड़ी का परिचालन किया गया। उत्तर रेलवे ने 28 और पूर्वोत्तर रेलवे ने 37 गाड़ियों का परिचालन किया। मेला की पूर्ण अवधि में रेलवे द्वारा लगभग 13,450 गाड़ियों के परिचालन की योजना बनाई गई है जिसमें 10,028 नियमित गाड़ियां और 3400 से अधिक विशेष गाड़ियों का परिचालन शामिल है। अब तक 1900 से अधिक विशेष गाड़ियों का परिचालन किया जा चुका है। रेलवे ने स्पष्ट किया है कि सारी गाड़ियों का परिचालन योजनानुसार किया जा रहा है। पूर्व दी गई सूचना के आलोक में कुछ गाड़ियों को मार्ग परिवर्तित करके चलाया जा रहा है जबकि कुछ गाड़ियों का टर्मिनल स्टेशन प्रयागराज की जगह सूबेदारगंज किया गया है।

## वीडियो को दोबारा शेयर न करें, अशिष्टता को बढ़ावा न दें : प्रोफेसर

**❑ क्लास रूम में प्रोफेसर की मांग में छात्र द्वारा सिंदूर भरने का वीडियो सोशल मीडिया हुआ था वायरल**

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया के हरिणघाटा स्थित मौलाना अबुल कलाम आजाद प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (मकाऊट) के मनोविज्ञान विभाग की प्रोफेसर ने लोगों से विवादास्पद वीडियो को इंटरनेट मीडिया पर साझा नहीं करने का अनुरोध किया है। बता दें कि मंगलवार को इंटरनेट मीडिया पर एक वीडियो तेजी से प्रसारित हुआ था जिसमें प्रोफेसर पायल बंद्योपाध्याय को क्लास रूम में एक छात्र माला पहना उनकी मांग में सिंदूर भरता दिखाई दे रहा था। एक वीडियो संदेश में प्रोफेसर ने कहा कि उन्हें क्लास रूम में सिंदूर लगाने और माला बदलने के वीडियो के लिए बदनाम किया जा रहा है। इसका विश्वविद्यालय के छात्रों पर बुरा असर पड़ रहा है। यह वीडियो एक नाटक का हिस्सा था। इसमें नृत्य और गायन के कई वीडियो हैं। वे प्रसारित नहीं हुए। एक झूठी, निराधार अफवाह फैलाई जा रही है। इसका असर बच्चों के भविष्य पर भी पड़ेगा। कॉलेज प्रशासन की जांच पर भरोसा जताते हुए प्रोफेसर ने कहा कि वह वीडियो का मामला सुलझाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही हैं। प्रोफेसर ने घटना की जांच की मांग की है। उन्होंने कहा है कि उस समय वहां मौजूद हर व्यक्ति से पूछताछ की जानी चाहिए। प्रोफेसर के अनुसार जो वीडियो प्रसारित किया जा रहा है उसके पीछे एक साथी प्रोफेसर का हाथ है। वह मनोविज्ञान विभाग का प्रमुख बनना चाहते हैं। मैं विश्वास नहीं कर सकती कि कोई व्यक्ति विभागाध्यक्ष बनने के लालच में इतना नीचे गिर सकता है।

## शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में शानदार प्रदर्शन जारी रखा

**कोलकाता, समाज्ञा :** शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही और 9 महीने में शानदार प्रदर्शन जारी रखा है। तीसरी तिमाही में कंपनी का राजस्व साल-दर-साल 30.9% बढ़कर 6,488 मिलियन रुपये तक पहुंच गया, वहीं पीएटी में 130.2% की बढ़ोतरी हुई और यह 1,040 मिलियन रुपये दर्ज किया गया। कंपनी के अध्यक्ष दिनेश पाटीदार ने कहा कि टीम की मेहनत और ऑर्डर समय पर पूरा करने के कारण कंपनी का प्रदर्शन शानदार रहा है। इसके साथ ही, कंपनी ने सौर ऊर्जा क्षेत्र में अपनी विस्तार योजनाओं को गति देने के लिए 78 मिलियन रुपये का निवेश किया है। वित्तीय वर्ष 2025 के 9 महीनों में राजस्व 18,509 मिलियन रुपये रहा, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के 7,615 मिलियन रुपये से काफी अधिक है। ईबीआईटीडीए और पीएटी में भी क्रमशः 366.6% और 472.8% की बढ़ोतरी हुई है। कंपनी का निर्यात कारोबार भी शानदार प्रदर्शन कर रहा है, जो 58% बढ़कर 3,119 मिलियन रुपये तक पहुंच गया है।

## सिम्फनी लिमिटेड ने हेयर फॉल कंट्रोल गीजर रेंज लॉन्च करने के साथ वॉटर हीटिंग सॉल्यूशन क्षेत्र में रखा कदम

**कोलकाता, समाज्ञा :** सिम्फनी लिमिटेड ने वॉटर हीटिंग सॉल्यूशन क्षेत्र में कदम रखते हुए अपनी नई हेयर फॉल कंट्रोल गीजर रेंज लॉन्च की है। इस रेंज में 9-लेयर पुरोपॉड तकनीक का उपयोग किया गया है, जो कठोर पानी को नरम बनाने के साथ-साथ हानिकारक रसायनों और असुद्धियों को फिल्टर करती है, जिससे बालों का झड़ना और त्वचा की जलन कम होती है। कंपनी ने तीन मॉडल-सिम्फनी स्पा, सिम्फनी सौना और सिम्फनी सोल पेश किए हैं, जो 10, 15 और 25 लीटर क्षमता में उपलब्ध हैं। इस रेंज का प्रमुख आकर्षण सिम्फनी स्पा है, जो भारत का पहला एआई-संचालित वॉटर हीटर है, जिसमें स्मार्टबाथ तकनीक और स्प्लैश-प्रूफ कंट्रोलर है। यह गीजर सुरक्षित, स्मार्ट और उपयोग में आसान है। सिम्फनी ने अपने उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर लॉन्च किया है और जल्द ही अधिक राज्यों में उपलब्ध कराए जाएंगे।

# पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक भारत स्काउट्स एंड गाइड्स की 54वीं स्टेट रैली के समापन समारोह में हुए शामिल

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक एवं ईस्टर्न रेलवे के भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के संरक्षक मिलिंद देउसकर ने गुरुवार को 54वीं स्टेट रैली एंड कंपोर के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। मधुपुर के राज्य प्रशिक्षण पार्क में आयोजित इस समारोह पर उन्होंने पुरस्कार वितरण समारोह में भी हिस्सा लिया। महाप्रबंधक ने अपने संबोधन में कहा कि भारत स्काउट्स एंड गाइड्स युवाओं के नैतिक चरित्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और यह संगठन आत्मनिर्भरता, कर्तव्यनिष्ठा और निर्भरता को बढ़ावा देता है। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन न केवल नेतृत्व कौशल का विकास करता है, बल्कि ईस्टर्न रेलवे के



स्काउट्स एंड गाइड्स को सामाजिक सेवा के अभियानों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित करता है।

इस कार्यक्रम में आसनसोल के डीआरएम और भारत स्काउट्स एंड गाइड्स/आसनसोल जिला के अध्यक्ष चेतना नंद सिंह, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा निदेशक और ईस्टर्न रेलवे भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के राज्य सचिव डॉ. अनुपम सेठ, मुख्य कर्मचारी अधिकारी/एडमिन जे.पी. कुसुमाकर और राज्य आयुक्त (गाइड), सहित अन्य प्रमुख विभागाध्यक्ष भी उपस्थित थे। इस अवसर पर भारत स्काउट्स एंड गाइड्स, ईस्टर्न रेलवे द्वारा कई कार्यक्रम और प्रदर्शन आयोजित किए गए। इस स्टेट रैली में ईस्टर्न रेलवे के विभिन्न जिलों से 800 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें आसनसोल, केंद्रीय, हावड़ा, सियालदह, मालदह, कांचरापाड़ा, लिलुआ और सीएलडब्ल्यू शामिल थे। पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक ने विभिन्न कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विभिन्न जिलों को पुरस्कार वितरित किए। इसके साथ ही, मिलिंद देउसकर ने लिलुआ, बंडेल और शक्तिगढ़ स्टेशनों का निरीक्षण भी किया और बंडेल स्टेशन के अमृत भारत योजना के तहत पुनर्निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया।

## संदीप घोष की पत्नी को आरजी कर अस्पताल से किया गया स्थानांतरित

**कोलकाता, समाज्ञा :** आरजीकर अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष की पत्नी को आरजीकर अस्पताल से स्थानांतरित कर दिया गया है। संगीता दास घोष को बेलेघाटा आईडी अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया है। बता दें कि आरजीकर अस्पताल में संगीता माइक्रोबायोलॉजी विभाग में सहायक प्रोफेसर थीं। उन्हें बेलेघाटा आईडी के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में स्थानांतरित कर दिया गया।

## हाईकोर्ट ने शुभेंदु अधिकारी को धर्मतला के हॉग मार्केट में सभा की दी सशर्त अनुमति

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता हाई कोर्ट ने शर्तों के साथ धर्मतला हॉग मार्केट में विपक्षी नेता शुभेंदु अधिकारी को सभा आयोजित करने की अनुमति दी है। यह आदेश न्यायमूर्ति तीर्थंकर घोष ने गुरुवार को दिया। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि 31 जनवरी यानी शुक्रवार को भाजपा को धर्मतला हॉग मार्केट के सामने सभा आयोजित करने की अनुमति दी गई है। यह सभा शाम 6:30 बजे से रात 9 बजे तक आयोजित की जा सकेगी। हालांकि, सभा के दौरान स्टेज का आकार 8 से 10 फीट से अधिक नहीं रखा जाएगा और मंच पर 6 से अधिक लोग नहीं बैठ सकेंगे। इसके अलावा, इस सभा में 250 से 300 भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों की उपस्थिति की अनुमति होगी। कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि राज्य के सबसे महत्वपूर्ण और भीड़-भाड़ वाले न्यू मार्केट क्षेत्र में आयोजित इस सभा के कारण आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस संबंध में पुलिस और आयोजकों को उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया।

# केंद्रीय बजट 2025-26 के लिए विभिन्न क्षेत्रों से उठ रही हैं बड़ी उम्मीदें



हर्षवर्धन नियोतिया



सुवांकर सेन



ऋषि जैन



आर्य सुमंत



संजय जैन

**कोलकाता, समाज्ञा :** 2025 के केंद्रीय बजट से पहले, देश भर में आर्थिक विशेषज्ञों और जनता के बीच उम्मीदों और चर्चाओं का माहौल गर्मा गया है। आगामी बजट को लेकर सरकार से कई क्षेत्रों में सुधार की उम्मीदें जताई जा रही हैं, खासकर ग्रामीण विकास, कृषि, रोजगार सृजन, और छोटे एवं मझोले उद्योगों के लिए। इसके साथ ही, कर प्रणाली में सुधार और स्वास्थ्य, शिक्षा, और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में बजट आवंटन में वृद्धि की संभावना जताई जा रही है। अब सबकी निगाहें 1 फरवरी को पेश होने वाले इस बजट पर टिकी हैं। इस बीच विभिन्न क्षेत्रों के व्यवसायियों वे बजट को लेकर अपनी राय साझा की -

**❑ अंबुजा नियोतिया ग्रुप के चेयरमैन हर्षवर्धन नियोतिया**

अंबुजा नियोतिया ग्रुप के चेयरमैन हर्षवर्धन नियोतिया ने केंद्रीय बजट 2025-26 से पहले रियल एस्टेट सेक्टर को लेकर अपनी उम्मीदों का इजहार किया। उन्होंने कहा, रियल एस्टेट क्षेत्र को इस बजट से साहसिक कदमों की उम्मीद है, जो विकास को प्रोत्साहित करें और देश की प्रगति में योगदान दें। यह क्षेत्र रोजगार सृजन का प्रमुख स्रोत है और इसे निरंतर ध्यान की आवश्यकता है। उद्योग को आधिकारिक दर्जा प्रदान करना एक महत्वपूर्ण मांग है, जिससे वित्तपोषण की आसान पहुंच और किफायती आवास के लिए कम ब्याज दरों पर ऋण संभव हो सके। उन्होंने आयकर कटौती को 2 लाख से बढ़ाकर 5 लाख करने, जीएसटी दरों को समान बनाने और आरआईटीएस तथा इनवाईट्स को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। श्री नियोतिया ने कहा कि रियल एस्टेट क्षेत्र 5 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

**❑ सेनको गोल्ड लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और सीईओ सुवांकर सेन,**

सेनको गोल्ड लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और सीईओ सुवांकर सेन ने केंद्रीय बजट 2025-26 से कुछ महत्वपूर्ण अपेक्षाएं जताई हैं। उनका कहना है कि सरकार को कारीगरों के कौशल विकास के लिए बजट आवंटित करना चाहिए और एक ऐसा तंत्र तैयार करना चाहिए, जिससे मध्य वर्ग के ग्राहक ईएमआई के जरिए ज्वेलरी खरीद सकें। उन्होंने टैक्स दरों में कमी की मांग की और कहा कि ज्वेलरी उद्योग और अन्य क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के खर्च के माध्यम से अर्थव्यवस्था में तरलता लाने की आवश्यकता है। साथ ही, उन्होंने पूर्व भारत और ग्रामीण क्षेत्रों में विकास पर ध्यान केंद्रित करने की बात की। इन कदमों से न केवल अर्थव्यवस्था में वृद्धि होगी, बल्कि ज्वेलरी उद्योग में भी विकास देखने को मिलेगा।

**❑ जैन ग्रुप के प्रबंध निदेशक ऋषि जैन**

जैन ग्रुप के प्रबंध निदेशक ऋषि जैन ने केंद्रीय बजट 2025-26 से रियल एस्टेट और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर के लिए ट्रांसफर्मोटिव सुधारों की उम्मीद जताई है। उन्होंने कहा कि रियल एस्टेट को 'उद्योग का दर्जा' प्रदान करना बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे किफायती वित्तपोषण की पहुंच आसान होगी और परियोजनाओं के समय पर निष्पादन में मदद मिलेगी। इसके अलावा, उनका मानना है कि लक्षित उपाय जैसे ब्याज दरों में कमी, प्रौद्योगिकी सब्सिडी और सरल नियामक ढांचे से प्रतिस्पर्धा में सुधार होगा और निवेश आकर्षित होंगे। इस बजट में इन सेक्टरों की वास्तविक क्षमता को उजागर करने और भारत की आर्थिक वृद्धि में उनके योगदान को बढ़ाने की क्षमता है।

**❑ एडेन रियल्टी ग्रुप के प्रबंध निदेशक आर्य सुमंत**

एडेन् रियल्टी ग्रुप के प्रबंध निदेशक आर्य सुमंत ने रियल एस्टेट क्षेत्र में सुधारों की उम्मीद जताई है, जो विकास को प्रोत्साहित करें और आवास की सामर्थ्यता को बढ़ाएं। उन्होंने कहा, घर खरीदी के लिए ब्याज कर कटौती की सीमा 5 लाख तक बढ़ाना और किफायती आवास की कीमत सीमा 80 लाख तक संशोधित करना घर मालिक बनने को और अधिक सुलभ बनाएगा, खासकर कोलकाता जैसे महानगरों में। श्री सुमंत ने पहले घर खरीदने वालों के लिए क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी योजना को फिर से सक्रिय करने की आवश्यकता को महत्वपूर्ण बताया और इसे आवासीय मांग को बढ़ावा देने का एक अहम कदम बताया। उन्होंने सरकार से हरित भवन निर्माण को बढ़ावा देने के लिए टैक्स प्रोत्साहन देने की भी अपील की। ताकि वैश्विक प्रवृत्तियों और निवेशकों की रुचियों के अनुरूप टिकाऊ विकास को बढ़ावा मिल सके। इन सुधारों से रियल एस्टेट क्षेत्र भारत की आर्थिक प्रगति का महत्वपूर्ण स्तंभ बनेगा।

**❑ सिद्धा ग्रुप के प्रबंध निदेशक संजय जैन**

केंद्रीय बजट 2025-26 के नजदीक आते ही, सिद्धा ग्रुप के प्रबंध निदेशक संजय जैन ने रियल एस्टेट सेक्टर के लिए अपेक्षाएं व्यक्त की हैं। उन्होंने कहा, रियल एस्टेट क्षेत्र इस समय एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है और विकास, पारदर्शिता, और सामर्थ्यता के लिए सुधारों की उम्मीदें अधिक हैं। श्री जैन का मानना है कि केंद्रीय बजट 2025 में जो परिवर्तनकारी उपाय प्रस्तावित किए जाएंगे, वे रियल एस्टेट क्षेत्र में महत्वपूर्ण वृद्धि ला सकते हैं, खासकर सामर्थ्यता, स्थिरता, और निवेश के अवसरों के संदर्भ में। उन्होंने सरकार से हरे निर्माण को बढ़ावा देने, घर खरीदारों के लिए टैक्स राहत बढ़ाने, बुनियादी ढांचे के विकास को प्रोत्साहित करने और नियामक प्रक्रियाओं को सरल बनाने की अपील की।

# तेरापंथ युवक परिषद साउथ हावड़ा का 76वें गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण कार्यक्रम

**कोलकाता, समाज्ञा :** देश के 76वें गणतंत्र दिवस पर तेरापंथ युवक परिषद साउथ हावड़ा द्वारा ध्वजारोहण का कार्यक्रम महाप्रज्ञ स्तंभ फोरशोर रोड पर बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नमस्कार महामंत्र के संगान के साथ हुआ, तेयुप साउथ हावड़ा के अध्यक्ष गगन दीप बैद ने उपस्थित सभी का स्वागत अभिनंदन करते हुए सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी एवं अपने वक्तव्य में कहा हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान है, भारत का गौरव भारत की पहचान है। आओ सब मिलके तिरंगा लहराए, हम सब अपना राष्ट्रीय पर्व मनाए कहते हुए मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण हुआ एवं सभी ने राष्ट्रगान का संगान सामूहिक रूप में किया। साउथ हावड़ा सभा के ट्रस्टी बाबू लाल दुगड़, अशोक कोठारी (मुख्य अतिथि), साउथ हावड़ा जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा



के अध्यक्ष लक्ष्मीपत बाफना, महिला मंडल मंत्री रेखा बैंगानी, अणुव्रत समिति अध्यक्ष दीपक नखत ने अपने भाव व्यक्त किए। तेयुप साउथ हावड़ा की महाश्रमण भजन मंडली के सदस्यों द्वारा गीतिका की प्रस्तुती दी गई। इस विशिष्ट कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष राजेश कुमार बैद, पवन कुमार बैंगानी, बीरेंद्र बोहरा, वरिष्ठ सदस्य कंवर लाल राखेचा, मनीष कुमार बैद, ज्ञान मल लोढ़ा, प्रबंधन समिति सदस्य, कार्यसमिति सदस्य, आजीवन सदस्य युवक, किशोरों सहित कुल 60 जनों की सहभागिता दर्ज करवाई गई। कार्यक्रम का कुशल संचालन मंत्री अमित बेगवानी ने किया एवं आभार ज्ञापन संयोजक नीरज बांठिया ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संगठन मंत्री एवं प्रभारी आदेश चोरड़िया, संजोयक नीरज बांठिया का विशेष श्रम रहा।

## मालदह डिवीजनल रेलवे अस्पताल में ग्लूकोमा जागरूकता सत्र का सफल आयोजन



**कोलकाता, समाज्ञा :** मालदह स्थित डिवीजनल रेलवे अस्पताल ने 28 जनवरी को ग्लूकोमा जागरूकता माह के तहत एक स्वास्थ्य शिक्षा और जागरूकता सत्र का आयोजन किया। ग्लूकोमा आंखों की ऐसी बीमारियां हैं जो ऑप्टिक नर्व को नुकसान पहुंचाती हैं, और इसमें लक्षण धीरे-धीरे सामने आते हैं। बढ़े हुए इंट्राकुलर दबाव के कारण यह समस्या होती है, जिससे यह बिना पहचान के दृष्टिहीनता का कारण बन सकता है। इस सत्र की अध्यक्षता डॉ. अनुपा घोष, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, मालदह और डॉ. एल.एम. अधिकारी, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, नेत्र रोग विभाग ने की। मुख्य वक्ता, प्रोफेसर डॉ. अनिंद्य गुप्ता, मालदह मेडिकल कॉलेज ने ग्लूकोमा के कारणों, लक्षणों और उपचार के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने नियमित नेत्र जांच की अहमियत को उजागर किया। जिससे इस बीमारी की पहचान समय पर हो सके और अंधेपन से बचा जा सके। यह सत्र उपस्थित सभी के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुआ।

## बाली रेलवे स्टेशन पर विशेष टिकट जांच अभियान, बिना टिकट यात्रा करते हुए 756 यात्रियों से जुर्माना

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा डिवीजन ने बाली रेलवे स्टेशन पर विशेष टिकट जांच अभियान चलाया। 29 जनवरी को चलाए गए इस अभियान का उद्देश्य बिना टिकट यात्रा को रोकना और रेलवे नियमों का पालन सुनिश्चित करना था। इस अभियान का नेतृत्व प्रधान मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक डॉ. उदय शंकर झा के नेतृत्व में वाणिज्यिक अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम ने की। इस दौरान 756 यात्री बिना वैध टिकट के यात्रा करते हुए पाए गए, जिन्हें रेलवे नियमों के तहत जुर्माना



लगाया गया। यह पहल पूर्व रेलवे के राजस्व सुरक्षा और जिम्मेदार यात्रा को बढ़ावा देने के प्रयासों का हिस्सा है। टिकट खरीदने के लिए विभिन्न सुविधाएं भी उपलब्ध हैं, जैसे रेलवे स्टेशनों पर अनरिजर्व टिकटिंग सिस्टम (यूटीएस) काउंटर, यूटीएस मोबाइल ऐप के माध्यम से ऑनलाइन बुकिंग और स्वचालित टिकट वेनडिंग मशीनें (एटीवीएम) हैं। पूर्व रेलवे भविष्य में भी इसी तरह के अभियान जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है और यात्रियों से सहयोग की अपील करता है ताकि रेलवे प्रणाली अधिक प्रभावी और पारदर्शी हो सके।

# कोलकाता पुलिस ने अपहृत व्यवसायी को बचाया, दो गिरफ्तार

## 2.5 करोड़ की लोन पाने के लिए दिए 14 लाख रूपये, धोखाधड़ी का एहसास हुआ तो कर लिया अपहरण

**कोलकाता :** कोलकाता पुलिस ने एक व्यवसायी के अपहरण के मामले को सुलझाते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया और पीड़ित को सुरक्षित बचा लिया। यह कार्रवाई रवींद्र सरोवर थाना, हाबरा थाना और अशोक नगर थाना की संयुक्त टीम ने की।

**❑ घटना का विवरण**

पीड़ित की पहचान कौशिक लाहिड़ी (51 वर्ष), निवासी गड़ियाहाट रोड, थाना रवींद्र सरोवर के रूप में हुई है। उसका अपहरण 24 जनवरी 2024 को पुरी, ओडिशा से किया गया था। पुलिस ने उसे उत्तर 24 परगना जिले के हाबरा थाना अंतर्गत धापधरा गांव से मुक्त कराया।



गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम छारूर अहमद बैद्य उर्फ हीरू (34 वर्ष) व मिथुन बैद्य (23 वर्ष) हैं। दोनों आरोपी हाबरा थाना अंतर्गत धापधरा गांव, डाकघर - रौतारा, उत्तर 24 परगना के निवासी हैं।

**❑ अपहरण का कारण**

पुलिस जांच में पता चला कि छारूर अहमद बैद्य उर्फ हीरू ने वर्ष 2023 में कौशिक लाहिड़ी को 14 लाख रुपये दिए थे, ताकि वह 2.5 करोड़ रुपये का लोन दिलवा सके। लेकिन लंबे समय तक न तो कौशिक लाहिड़ी लोन की व्यवस्था कर सका और न ही उसने पैसे लौटाए। जब कौशिक लाहिड़ी ने हीरू से दूरी बनानी शुरू कर दी, तो हीरू ने उसे सबक सिखाने की योजना बनाई।

गत 24 जनवरी 2024 को छारूर उर्फ हीरू को चित्तो रंजन रॉय नामक व्यक्ति से सूचना मिली कि कौशिक लाहिड़ी पुरी, ओडिशा में हैं। इसके बाद हीरू, चित्तो रंजन रॉय के साथ गाड़ी से कोलकाता से पुरी पहुंचे और कौशिक लाहिड़ी को अगवा कर अपने घर धापधरा (हाबरा) ले आया।

इसके बाद हीरू ने कौशिक लाहिड़ी की पत्नी सुचिस्मिता लाहिड़ी से 14 लाख रुपये की फिरौती की मांग की।

शिकायत दर्ज होने के बाद कार्रवाई करते हुए पुलिस ने छापेमारी कर 30 जनवरी को कौशिक लाहिड़ी को छुड़ा लिया साथ ही दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने घटनास्थल से दो मोबाइल फोन और कुछ दस्तावेज जब्त किए हैं। इसके साथ ही अपराध में इस्तेमाल की गई कार को लेक गार्डन्स, कोलकाता स्थित केनरा बैंक के सामने से बरामद किया गया। हालांकि चित्तो रंजन रॉय अभी भी फरार है।

# महात्मा गांधी की शिक्षाएं महत्वपूर्ण हैं : राज्यपाल

**❑ राज्यपाल ने महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर अर्पित की श्रद्धांजलि**

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस ने गुरुवार को गांधी घाट में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर आयोजित प्रार्थना सभा में भाग लिया। उन्होंने कहा कि बापू का पढ़ाया पाठ हमेशा हमारे जीवन में अहम भूमिका निभाता रहेगा। इस मौके पर, राज्यपाल ने बापू की तस्वीर पर फूल चढ़ाए। इस कार्यक्रम में राज्य के मुख्य सचिव मनोज पंत, उत्तर 24 परगना के जिला मजिस्ट्रेट सरतकुमार द्विवेदी, बैरकपुर के पुलिस आयुक्त आलोक राजौरी, बैरकपुर के सांसद पार्थ भौमिक और अन्य उच्च अधिकारी भी उपस्थित थे। इस दौरान, राज्यपाल ने राष्ट्र निर्माण की दिशा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के अमूल्य योगदान के बारे में बताया। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि यह दिन बहुत खास है। आज का दिन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने का है। उन्होंने कहा कि इस दिन, हमें यह याद रखना चाहिए कि महात्मा गांधी की शिक्षाएं हमेशा हमारे जीवन में महत्वपूर्ण हैं। जैसा कि उन्होंने कहा था, मृत्यु का समय जीवन के समय से ज्यादा शक्तिशाली होता है। गांधी मृत्यु के बाद भी शक्तिशाली हुए हैं। हम सभी उनसे प्रेरणा लेते हैं और उनकी शिक्षाओं का पालन करते हैं। हम राष्ट्रपिता के ऋणी हैं।



### मध्यमग्राम में हथियार के साथ एक गिरफ्तार, 14 दिनों की जेल हिरासत

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिला अंतर्गत मध्यमग्राम में बुधवार की रात आग्नेयास्त्र के साथ गिरफ्तार शख्स को अदालत ने 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गुरुवार को उसे बारासात जिला एवं सत्र न्यायालय में पेश किया गया जहां न्यायाधीश ने उसे 14 दिन के लिए जेल हिरासत में भेजने का आदेश दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार युवक का नाम पार्थ दास है। उसे मध्यमग्राम के विवेकानंद पल्ली इलाके से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि बुधवार की देर रात युवक इलाके में घूम रहा था। स्थानीय सूत्रों से सूचना मिलने के बाद पुलिस ने बंदूक के साथ उसे गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से एक सिंगल-शॉट पिस्तौल बरामद की गई है।

## बंगाल में नए प्रदेश अध्यक्ष को लेकर भाजपा के भीतर सरगर्मी तेज

**❑ फरवरी में हो सकती है नए प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा**

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल में भाजपा का नया प्रदेश अध्यक्ष कोन होगा, इसको लेकर पार्टी की राज्य इकाई के भीतर सरगर्मी तेज है। इस बीच, दिल्ली विधानसभा चुनाव के प्रचार के लिए वहां के दौरे पर पहुंचे बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने बुधवार की शाम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ मुलाकात की, जिसके बाद प्रदेश भाजपा के भीतर और भी चर्चा तेज हो गई है कि इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष को लेकर कोई बात हुई है या नहीं। दरअसल, मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार का कार्यकाल जल्द ही समाप्त होने वाला है, जो पिछले तीन साल से अधिक समय से प्रदेश इकाई की कमान संभाल रहे हैं। पिछले साल लोकसभा चुनाव के बाद सुकांत को केंद्रीय मंत्रिमंडल में भी शामिल कर लिया गया। लिहाजा, वे एक साथ प्रदेश अध्यक्ष और केंद्रीय राज्यमंत्री की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। भाजपा के नियम के मुताबिक, कोई व्यक्ति एक पद पर ही रह सकता है। ऐसे में एक पद उन्हें छोड़ना पड़ेगा और प्रदेश अध्यक्ष का उनका कार्यकाल खत्म हो रहा है। इधर, अंदरुनी सूत्रों से आ रही खबरों के मुताबिक शुभेंदु अधिकारी चाह रहे हैं कि उनके किसी करीबी नेता को सुकांत की जगह प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिले। सूत्रों के अनुसार, शाह के साथ बैठक में शुभेंदु ने नए प्रदेश अध्यक्ष के लिए अपने तीन पसंदीदा लोगों के नाम भी बताए। इसमें राज्यसभा सदस्य व प्रदेश भाजपा के मुख्य प्रवक्ता शमिक भट्टाचार्य का भी नाम है।

## डोमकल में पुलिस पर हमले के दो मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**❑ शालीमार जीआरपी ने शालीमार स्टेशन से दोनों को दबोचा**

**हावड़ा/मुर्शिदाबाद :** डोमकल में पुलिस पर हमले के दो मुख्य आरोपियों को आखिरकार गिरफ्तार कर लिया गया है। बता दें कि मुर्शिदाबाद के डोमकल में पुलिस पर हमला कर अपराधी को छिनने की घटना के दो मुख्य आरोपी लंबे समय से फरार थे। पता चला है कि उनकी केरल भागने की योजना थी। आरोपियों ने बुधवार की रात 12660 शालीमार नगर कल गुरुदेव एक्सप्रेस लेकर केरल भागने की योजना बनाई थी। शालीमार जीआरपी ने गुप्त सूत्र से सूचना मिलने के बाद रात में हावड़ा के शालीमार स्टेशन पर छापेमारी की। पुलिस ने उन्हें ट्रेन पर चढ़ने से ठीक पहले पकड़ लिया। अभियुक्तों के नाम मसाबुल शेख (45) और मोलिना बीबी (35) है। डोमकल थाना पुलिस गुरुवार की सुबह गिरफ्तार लोगों को लेकर मुर्शिदाबाद के लिए रवाना हो गई। उल्लेखनीय है कि गत बुधवार, 15 जनवरी की रात को डोमकल पुलिस स्टेशन के एसआई राणा प्रताप सेनगुप्ता छह पुलिस कर्मियों के साथ पुलिस हिरासत में मौजूद आरोपी सोहेल राणा उर्फ राणा शेख को लेकर अलीनगर गांव के घाटपाड़ा गए थे। पुलिस का उद्देश्य उसके कब्जे से चोरी की गई वस्तुएं बरामद करना था। लेकिन, जैसे ही पुलिस की गाड़ी वहां पहुंची, राणा के परिवार के सदस्यों और रिश्तेदारों ने उन पर चाकुओं और लाठियों से हमला कर दिया। इस दौरान, उन्होंने राणा को पुलिस से छीनने की कोशिश करने लगे। छिनताईबाजों को रोकने की कोशिश में एसआई राणा प्रताप सेनगुप्ता घायल हो गए। पुलिस ने घटना की जांच की और रविवार की दोपहर तक पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पर हमला करने के आरोप में घटना की रात पूर्व तृणमूल प्रमुख मीना बीबी तथा रायपुर पंचायत सदस्य सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया गया था।



## बेंटरा में तालाब पाटने के विरोध में महिला के साथ मारपीट, क्लब के सदस्यों पर आरोप

**हावड़ा, समाज्ञा**

हावड़ा के बेंटरा थानांतर्गत चटर्जी पाड़ा इलाके के वार्ड नंबर 9 में एक महिला को तालाब पाटने का विरोध करना भारी पड़ गया। आरोप है कि स्थानीय क्लब के सदस्य महिला के साथ मारपीट करने के साथ-साथ उसके दो बच्चों को धमकी भी दे रहे थे। पीड़िता सागरिका दोलई ने इस घटना की शिकायत पुलिस थाने में दर्ज कराई है, हालांकि इस मामले में अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। जानकारी के मुताबिक, वार्ड नंबर 9 के नटवर पाल रोड पर स्थित एक मंदिर के पास करीब तीन कट्ठे जमीन पर एक तालाब था। तालाब का एक हिस्सा पहले ही पाट दिया गया था और वहां घर बनाने के लिए निर्माण कार्य चल रहा था। पीड़िता का आरोप है कि क्लब के सदस्य तालाब पाटकर वहां अपना क्लब भवन बना रहे थे। जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो बुधवार को उनके साथ मारपीट की गई और उनके बच्चों को जान से मारने की धमकी दी गई। क्लब के सदस्य इस आरोप को खारिज करते हुए दावा कर रहे हैं कि यहां कभी तालाब नहीं था। उनका कहना था कि जमीन नीची होने के कारण पानी जम जाता था, लेकिन यह तालाब पाटने का मामला नहीं है।

पुलिस ने बताया कि शिकायत के बाद मौके पर पहुंचकर तालाब पाटने का काम रोक दिया गया है। वहीं, यह घटना हावड़ा के मध्य क्षेत्र में कुछ समय पहले हुए तालाब पाटने के मामले से मिलती-जुलती है, जहां निगम ने तुरंत कार्रवाई की थी और काम रुकवा दिया था।

# महेशतला में चोर के संदेह में युवक की पीट-पीटकर हत्या

## पुलिस ने घटनास्थल से कई लाठियां और एक धारदार हथियार किया बरामद

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में एक बार फिर चोरी के संदेह में एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। यह घटना दक्षिण 24 परगना के महेशतला इलाके में घटी, जिससे इलाके में भारी तनाव फैल गया है। पुलिस ने घटनास्थल से कई लाठियां और एक धारदार हथियार बरामद किया है। मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, लेकिन स्थानीय लोग इस मामले में कुछ भी बोलने से बच रहे हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतक की पहचान देव दास (22) के रूप में हुई है, जिसे इलाके में 'आटा' नाम से जाना जाता था। उसका घर नुंगी रेलवे स्टेशन के पास बताया जा रहा है। पुलिस को जानकारी मिली है कि देव दास पर पहले भी चोरी के कई मामले दर्ज थे। संदेह जताया जा रहा है कि इसी कारण लोगों ने उसे पकड़कर बेरहमी से पीटा, जिससे उसकी मौत हो गई। पता चला है कि गुरुवार की सुबह महेशतला नगरपालिका के वार्ड 28 स्थित पश्चिम जगतला में एक निर्माणाधीन इमारत में युवक का रक्तरंजित शव बरामद किया गया। पुलिस को स्थानीय लोगों ने बताया कि बुधवार की देर रात उन्होंने इमारत से चीखने-चिल्लाने की आवाजें सुनी थीं। इस दिन, सुबह में वहां से मजदूरों को निकलते देखा गया, लेकिन जब बाद में प्रमोटर पहुंचे तो युवक का शव रक्तरंजित पड़ा मिला। फिलहाल, पुलिस इस मामले की गहराई से जांच कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि हत्या के पीछे कौन लोग हैं और क्या वाकई युवक को चोरी के संदेह में मारा गया या इसके पीछे कोई और कारण है।





**सियालदह जीआरपी के आईसी सिमोन ऐंटोनी साहा ने 175 खोए हुए फ़ोन को उनके मालिकों को सौंपा**

### हाईकोर्ट ने राज्य मेडिकल काउंसिल के रजिस्ट्रार को स्वेच्छा से इस्तीफा देने की दी सलाह, आज शाम 5 बजे तक तय की समयसीमा

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता हाईकोर्ट ने राज्य मेडिकल काउंसिल के रजिस्ट्रार मानस चक्रवर्ती को अपने पद से इस्तीफा देने का निर्देश दिया है। कोर्ट के प्रधान जस्टिस टीएस शिवगणनम और जस्टिस हिरण्मय भट्टाचार्य ने कहा कि मानस चक्रवर्ती को गुरुवार को शाम 5 बजे तक रजिस्ट्रार पद से इस्तीफा देना होगा, अन्यथा उन्हें पद से हटा दिया जाएगा। मानस चक्रवर्ती नवंबर 2019 में अपनी सेवानिवृत्ति के बाद भी सरकार की अनुमति के बिना मेडिकल काउंसिल के रजिस्ट्रार पद पर बने हुए थे, जो बंगाल मेडिकल एक्ट के तहत अवैध है। राज्य सरकार ने बताया कि रजिस्ट्रार और सहायक रजिस्ट्रार के पदों के लिए नोटिफिकेशन जारी किया गया है और 7 फरवरी को उन पदों के उम्मीदवारों का परीक्षा भी निर्धारित किया गया है। हालांकि, अदालत ने इस तर्क को स्वीकार नहीं किया। चिकित्सकों के एक वर्ग ने बार-बार आरोप लगाया था कि राज्य मेडिकल काउंसिल अवैध है, क्योंकि 2019 से मानस चक्रवर्ती अवैध रूप से रजिस्ट्रार के पद पर बने हुए थे। स्वास्थ्य सचिव ने भी उन्हें अवैध घोषित किया था, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने पद नहीं छोड़ा। 2022 में मेडिकल काउंसिल चुनावों में भी वह रिटर्निंग ऑफिसर थे, जिस कारण चिकित्सकों ने उस चुनाव को भी अवैध करार दिया। इस मामले को लेकर हाई कोर्ट में चल रही याचिका पर कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए मानस चक्रवर्ती को पद छोड़ने का आदेश दिया।

### स्वास्थ्य साथी योजना पर दायर जनहित याचिका हाईकोर्ट ने की खारिज

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता हाई कोर्ट ने गुरुवार को राज्य सरकार की स्वास्थ्य बीमा योजना 'स्वास्थ्य साथी' के खिलाफ दायर जनहित याचिका को खारिज कर दिया। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया था कि यह योजना राजनीतिक उद्देश्य से शुरू की गई है और आम जनता को इसका लाभ नहीं मिल रहा है। याचिकाकर्ता ने दावा किया कि निजी अस्पताल अक्सर स्वास्थ्य साथी कार्ड को स्वीकार करने से इनकार कर देते हैं और कई गंभीर बीमारियों का इलाज इस योजना के तहत कवर नहीं किया जाता। गुरुवार को यह मामला मुख्य न्यायाधीश टी.एस. शिवगणनम और न्यायमूर्ति हीरनमय भट्टाचार्य की खंडपीठ के समक्ष आया। अदालत ने याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि सरकार द्वारा शुरू की गई किसी जनहित योजना में हस्तक्षेप करने का उसका अधिकार नहीं है। खंडपीठ ने यह भी सवाल किया कि यदि यह योजना होती ही नहीं, तो याचिकाकर्ता क्या करता? साथ ही, अदालत ने सुझाव दिया कि अगर योजना को लेकर कोई शिकायत है तो उसे जनप्रतिनिधियों, जैसे सांसदों और विधायकों से संपर्क करना चाहिए। स्वास्थ्य साथी योजना को 2016 में ममता सरकार द्वारा दूसरी बार सत्ता में आने के बाद शुरू किया गया था। इस योजना के तहत हर परिवार को सालाना पांच लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा कवर मिलता है।

## सराहनीय सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक से अलंकृत हुए 33 बीएसएफ कार्मिक

**❑ न्यूटाउन स्थित आईआईटी खड़गपुर रिसर्च पार्क में वार्षिक अलंकरण समारोह का हुआ आयोजन**

**❑ राज्यपाल ने बीएसएफ जवानों की बहादुरी की सराहना की**

**कोलकाता, समाज्ञा :** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के दक्षिण बंगाल फ्रंटियर द्वारा गुरुवार को न्यूटाउन स्थित आईआईटी खड़गपुर रिसर्च पार्क में एक भव्य वार्षिक अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बल के 33 कर्मियों को उनकी असाधारण व अनुकरणीय सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक (पीएमएमएस) से सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस ने बीएसएफ के पूर्वी कमान के अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) रवि गांधी एवं दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के महानिरीक्षक (आईजी) मनिंदर प्रताप सिंह पवार, आईपीएस की उपस्थिति में सीमा सुरक्षा बल के 20 सेवारत एवं 13 सेवानिवृत्त कार्मिकों को सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक से सम्मानित किया। समारोह में अधिकारियों, जवानों और उनके परिजनों के साथ-साथ सेवानिवृत्त बीएसएफ कर्मियों और उनके परिजनों ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया।



**कोलकाता में गुरुवार को बीएसएफ के अलंकरण समारोह में सराहनीय सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक पाने वाले जवानों के साथ राज्यपाल डा सीवी आनंद बोस, एडीजी रवि गांधी व आइजी।**

इस अवसर पर, राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस ने अपने संबोधन में बीएसएफ के जवानों की बहादुरी, समर्पण व कर्त्तव्यपरायणता की जमकर सराहना की। उन्होंने बीएसएफ के रणनीतिक कौशल, आधुनिक बुनियादी ढांचे, हथियारों एवं प्रशिक्षण के मामले में उन्नति के लिए किए जा रहे सतत् प्रयासों की भी सराहना की। राज्यपाल ने विशेष रूप से सीमा प्रहरियों द्वारा सीमाओं की सुरक्षा में उनके महत्त्वपूर्ण योगदान, राष्ट्र-विरोधी तत्वों के नापाक इरादों को निरंतर विफल करने में उनकी सफलता और उपलब्धियों का उल्लेख किया। उन्होंने पदक प्राप्त कर्ताओं द्वारा देश को प्रदान की गई अथक, समर्पित और अनुकरणीय सेवा की विशेष तौर पर प्रशंसा की और उन्हें देश के लिए प्रेरणास्रोत बताया।

## सियालदह दक्षिण सेक्शन में बालीगंज और कांकुरगाछी पर नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के कारण ट्रेन सेवाओं में बदलाव

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के सियालदह दक्षिण खंड में बालीगंज और कांकुरगाछी पर 1 फरवरी से 3 फरवरी 2025 तक नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के चलते ट्रेन सेवाओं में बदलाव किया जाएगा। इस कार्य के अंतर्गत बालीगंज और कांकुरगाछी में मौजूदा रूट रिले इंटरलॉकिंग (आरआरआई) प्रणाली को इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली से बदलने का कार्य किया जाएगा। पुरानी तकनीक पर आधारित आरआरआई प्रणाली को 1993 और 1994 में स्थापित किया गया था, जो अब अपनी उम्र के कारण अक्सर विफल हो जाती थी। इस समस्या को सुलझाने के लिए रेलवे ने बालीगंज और कांकुरगाछी में नई इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली स्थापित करने का निर्णय लिया है। इस नई प्रणाली में बालीगंज इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग में 203 रूट होंगे, जबकि पुरानी प्रणाली में 143 रूट थे, जिससे यार्ड की क्षमता और ट्रेन संचालन की गति में वृद्धि होगी।



इस महत्वाकांक्षी कार्य को पूरा करने के लिए, 1 फरवरी से 3 फरवरी, 2025 तक ट्रेन संचालन में कुछ बदलाव होंगे। इसके तहत, सियालदह उत्तर/मुख्य खंड की ट्रेन सेवाएं सामान्य रहेंगी, जबकि सियालदह दक्षिण और बजबज जंक्शन के बीच ट्रेन सेवाओं की आवृत्ति को सुबह और शाम के घंटों में 6 मिनट से बढ़ाकर 12 मिनट किया जाएगा। साथ ही, बजबज और सियालदह दक्षिण के बीच चलने वाली ट्रेनें न्यू अलीपुर से शॉर्ट ओरिजिनेटेड/टर्मिनेटेड होंगी। कांकुरगाछी रोड जंक्शन से होकर चलने वाली डायरेक्ट ईएमयू सेवाएं प्रतिबंधित रहेंगी और इनका मार्ग सियालदह उत्तर की ओर डायवर्ट किया जाएगा। इस दौरान, यात्रियों की सुविधा के लिए शनिवार और रविवार को कुल 06 विशेष ट्रेनें चलाई जाएंगी। जिसमें दमदम से 18:00 बजे दमदम-बारासात स्पेशल, सियालदह से 19:00 बजे सियालदह-राणाघाट स्पेशल, सियालदह से 15:05 बजे सियालदह-नैहाटी स्पेशल, बजबज से 17:30 बजे बजबज-न्यू अलीपुर स्पेशल, न्यू अलीपुर से 20:12 बजे न्यू अलीपुर-बजबज स्पेशल, सियालदह से 17:43 बजे सियालदह-बारुइपाड़ा स्पेशल चलेंगी।

### दासनगर पुलिस ने ठगी के शिकार दो पीड़ितों को लौटाए पैसे

**हावड़ा, समाज्ञा :** दासनगर थाना पुलिस ने सोशल मीडिया पर ठगी का शिकार हुए दो व्यक्तियों को उनकी गंवाई हुई रकम वापस लौटा दी। पीड़ितों को जालसाजों ने एक निवेश योजना का झांसा देकर कम राशि निवेश करने पर अधिक मुनाफा कमाने का लालच दिया था। इसके बाद पीड़ितों ने ठगी की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत मिलते ही त्वरित कार्रवाई करते हुए जांच शुरू की और जालसाजों से प्राप्त रकम में से एक पीड़ित को 27,160 रुपये और दूसरे को 1,22,300 रुपये वापस लौटाए। पुलिस के इस प्रयास से पीड़ितों को राहत मिली है और यह कदम ठगी के मामलों में पुलिस की गंभीरता को दर्शाता है।

## रेलवे बोर्ड के सदस्य हितेंद्र मल्होत्रा ने किया दक्षिण पूर्व रेलवे मुख्यालय का दौरा



**कोलकाता, समाज्ञा :** रेलवे बोर्ड के सदस्य (संचालन और व्यापार विकास) हितेंद्र मल्होत्रा ने गुरुवार को गार्डनरीच स्थित दक्षिण पूर्व रेलवे के मुख्यालय का दौरा किया। इस दौरान, उन्होंने दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक की। इस बैठक में दक्षिण पूर्व रेलवे के अपर महाप्रबंधक सौमित्र मजूमदार तथा अन्य विभागों के प्रमुख भी उपस्थित रहे। हितेंद्र मल्होत्रा ने दक्षिण पूर्व रेलवे के परिचालन और वाणिज्यिक विभागों की समीक्षा की और वर्तमान कार्यों की प्रगति पर चर्चा की। इस दौरे से रेलवे की कार्यकुशलता में सुधार के लिए नई दिशा मिल सकती है।

## स्वच्छता अभियान की सफलता के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता : राज मिठौलिया

**कोलकाता, समाज्ञा :** पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कोलकाता प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष राज मिठौलिया ने स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, स्वच्छता अभियान तभी सफल हो सकता है जब हम सभी एकजुट होकर इसे गंभीरता से लें। स्वच्छता से न केवल आत्मबल बढ़ता है, बल्कि यह पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। महात्मा गांधी जी ने स्वच्छता को ईश्वर के रूप में माना था और इसे महत्व दिया था। श्री मिठौलिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान की तेजी से बढ़ती प्रभावशीलता की सराहना की।




इस अवसर पर पीआईबी के डिप्टी डायरेक्टर अरिजीत चक्रवती, सहायक निदेशक सैकत सरकार एवं श्रीजाता साहा साहू के अलावा पीआईबी के मो. सिकंदर अंसारी, मीडिया एवं संचार अधिकारी ने भी स्वच्छता अभियान में लोगों ने सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील की। स्वच्छता पखवाड़ा 16 जनवरी से 31 जनवरी तक मनाया जा रहा है और कार्यक्रम में पीआईबी के कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया।

### राणाघाट में नकली वीट के फैक्ट्री में छापा, एक गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले के राणाघाट थाना इलाके में नकली आरबी कंपनी के वीट की एक फैक्ट्री पर छापेमारी की गई। छापेमारी में भारी संख्या में नकली वीट बरामद की गई। साथ ही, मौके से फैक्ट्री के एक मैनेजर को गिरफ़्तार किया गया है। पता चला है कि नकली सामानों का खपत बंगाल, बिहार झारखंड आदि राज्यों में किया जा रहा था। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### जय हिंद विमानबंदर से आईटी सेंटर स्टेशन तक ऑरेंज लाइन के कार्यों का निरीक्षण



**कोलकाता :** मेट्रो रेलवे के महाप्रबंधक पी. उदय कुमार रेड्डी ने आज जय हिंद विमानबंदर से आईटी सेंटर स्टेशन तक ऑरेंज लाइन के विस्तार कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया। उनके साथ मेट्रो रेलवे और रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान, रेड्डी ने एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया परिसर के अंदर बॉक्स पुशिंग स्थान का जायजा लिया। इसके अलावा, उन्होंने सिटी सेंटर-2 स्टेशन के प्रवेश और निकास द्वार, प्लेटफार्म और विद्युत उप-स्टेशन का भी निरीक्षण किया। आईटी सेंटर स्टेशन पर उन्होंने ऑटोमेटिक फेयर कलेक्शन - पीसी गेट्स, प्लेटफार्म और अन्य तकनीकी सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान, उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए, ताकि यात्रियों को जल्द से जल्द इस सेवा का लाभ मिल सके। मेट्रो रेलवे प्रशासन कोलकाता के नागरिकों को बेहतर और आधुनिक परिवहन सुविधा प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### शिवलिंग खंडित करने के मामले का आरोपी गिरफ्तार

**बलिया (उप्र) :** जिले के सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के सीसोटार गांव में स्थित श्री वनखण्डी नाथ मन्दिर के शिवलिंग को पिछले दिनों क्षतिग्रस्त करने के मामले में एक आरोपी को पुलिस ने बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। सिकंदरपुर थाना के प्रभारी विकास चंद्र पांडेय ने बताया कि सीसोटार गांव में स्थित श्री वनखण्डी नाथ मन्दिर के शिवलिंग और नंदी जी की प्रतिमा गत 10 जनवरी की रात्रि क्षतिग्रस्त कर दी गयी थी । गांव के मध्य भाग में यह मंदिर स्थित है। इस मामले में अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि पुलिस ने इस मामले में आरोपी संजीत उर्फ दीपक पांडेय को बृहस्पतिवार को खरीद गांव के समीप से गिरफ्तार कर लिया।

### आईआईटी कानपुर की महिला इंजीनियर ने सहकर्मी पर दर्ज कराया बलात्कार का मुकदमा

**कानपुर (उप्र) :** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान-कानपुर (आईआईटी-के) में कार्यरत अनुसूचित जनजाति की 24 वर्षीय महिला इंजीनियर से शादी का झांसा देकर बलात्कार करने के आरोप में उसके सहकर्मी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आईआईटी-के प्रशासन ने आरोपों की जांच के लिए छह सदस्यों की एक टीम गठित की है। सहायक पुलिस आयुक्त (कल्याणपुर क्षेत्र) अभिषेक पांडे ने बृहस्पतिवार को बताया कि आईआईटी-के की साइबर सुरक्षा परियोजना में विश्लेषक के तौर पर कार्यरत अरुणाचल प्रदेश की रहने वाली अनुसूचित जनजाति की महिला इंजीनियर (24) ने अपने 25 वर्षीय सहकर्मी शुभम मालवीय के खिलाफ बुधवार को कल्याणपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

# मुख्य सचिव और डीजीपी ने महाकुंभ नगर में घटनास्थल का निरीक्षण किया

**महाकुंभ नगर :** उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) प्रशांत कुमार ने महाकुंभ में मची भगदड़ के एक दिन बाद बृहस्पतिवार को घटनास्थल का निरीक्षण किया। राज्य के दो शीर्ष अधिकारी मेला क्षेत्र की ओर जाने से पहले अरैल में एक हेलीपैड पर उतरे। मुख्य सचिव सिंह और पुलिस महानिदेशक कुमार मेला क्षेत्र में एक 'वॉच टावर' पर पहुंचे, जहां से उन्होंने भगदड़ के बाद महाकुंभ में स्थिति की समीक्षा की और आगामी अमृत स्नान के लिए की गई तैयारियों का भी जायजा लिया। सूचना विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, मुख्य सचिव और डीजीपी ने कहा, "इस बार महाकुंभ को लेकर की गई तैयारियों



की दुनिया भर में सराहना हो रही है। लेकिन दुर्भाग्य से यह घटना हो गई। इसके बावजूद हमें मनोबल नहीं गिराना चाहिए और आगामी अमृत स्नान को शून्य त्रुटि वाला आयोजन सुनिश्चित करते हुए श्रद्धालुओं के लिए स्नान और आवागमन को यादगार बनाना है।" कुमार ने कहा कि बुधवार रात में जो घटना घटी, उससे हर कोई दुखी है। उन्होंने कहा, "अब हमें बसंत पंचमी के अमृत स्नान को शून्य त्रुटि वाला आयोजन बनाना है। जिन स्थलों पर सर्वाधिक भीड़ है, वहां ज्यादा से ज्यादा अधिकारी सुरक्षाबलों के साथ मौजूद रहें। जिले की सीमा पर पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारियों को तैनात किया जाए।"

### महाकुंभ भगदड़ : आज घटनास्थल का दौरा करेंगे न्यायिक जांच आयोग के सदस्य

प्रयागराज महाकुंभ में मौनी अमावस्या के स्नान के लिए उमड़ी भीड़ में मंगलवार देर रात मची भगदड़ में 30 लोगों की मौत की घटना की जांच के लिए राज्य सरकार द्वारा गठित न्यायिक जांच आयोग ने बृहस्पतिवार को अपना काम शुरू कर दिया। आयोग के सदस्य आज घटनास्थल का दौरा करेंगे। आधिकारिक सूत्रों ने यहां बताया कि महाकुंभ हादसे की जांच के लिए गठित तीन सदस्य न्यायिक आयोग ने अपने गठन के अगले ही दिन काम शुरू कर दिया है। आयोग के तीनों सदस्य आज लखनऊ के जनपथ स्थित अपने कार्यालय पहुंचे। आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) हर्ष कुमार ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, जांच को प्राथमिकता के आधार पर लिया जाना है इसलिए हमने घोषणा के कुछ ही घंटों के भीतर कार्यभार संभाल लिया है।

## जनता से किए गए वादों को पूरा कर रही भाजपा सरकार: मुख्यमंत्री शर्मा



**जयपुर :** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार जनता से किए गए वादों को पूरा कर रही है। उन्होंने कहा कि एक साल के कार्यकाल में सरकार ने अपने 'संकल्प पत्र' के 50 से 55 प्रतिशत वादे पूरे कर दिए हैं। शर्मा मुख्यमंत्री निवास पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक दल की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पार्टी के घोषणा संकल्प पत्र के 50 से 55 प्रतिशत वादे पूरे कर चुकी है। मुख्यमंत्री कहा, हमने किसान, महिला, युवा एवं मजदूर सहित हर वर्ग के लिए काम किए हैं तथा इतने कम समय में सभी काम धरातल पर उतर भी रहे हैं। शर्मा ने कहा कि जनता की आवश्यकताओं को पूरा करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा बीते एक साल में सरकार का 'प्रदर्शन' अच्छा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे में, विधानसभा के आगामी सत्र में सरकार की इन सभी उपलब्धियों को सदन में मजबूती के साथ रखा जाए। शर्मा ने कहा कि नए विधायकों को सदन में पूरा मौका मिले तथा वरिष्ठ विधायकों के अनुभव का उपयोग करते हुए सदन की स्वस्थ परम्पराएं कायम रखी जाए। मुख्यमंत्री ने विधायकों से विधानसभा में अपनी नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने, सदन में सरकार के निर्णयों को मजबूती से रखने, विधानसभा के नियम-प्रक्रियाओं का समुचित अध्ययन सहित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा, भजनलाल सरकार आमजन की सरकार है। मुख्यमंत्री शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है तथा सरकार के लिए राज्य का विकास ही सबसे ऊपर है।

## नीतीश ने गांधी की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में ताली बजाई : तेजस्वी यादव

**पटना :** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने बृहस्पतिवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि जद (यू) प्रमुख ने महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर एक समारोह में ताली बजाई। पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी ने 'एक्स' पर उक्त कार्यक्रम का एक वीडियो क्लिप साझा करते हुए लिखा, "आज के दिन गोडसे द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की हत्या करने पर ताली बजाकर उसका



जश्न मनाते गोडसे उपासक बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार। नीतीश कुमार जी तन-मन से गोडसे और संघ के आराधक हैं। क्या यह घटना नहीं दर्शाती कि उनकी मानसिक स्थिति प्रदेश चलाने योग्य नहीं है?" इस वीडियो में नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा और बिहार विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव के साथ खड़े दिख रहे हैं। राजद नेता ने कुमार पर प्रहार जारी रखते हुए लिखा, "दशहरे के दिन आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में भी उन्होंने तीर-धनुष नीचे फेंक दिया था। बाद में कुछ लोगों ने बताया कि उस वक्त उनकी मानसिक स्थिति ऐसी थी कि उन्हें लगा कि तीर-धनुष की जगह किसी ने उनके हाथ में सांप थमा दिया है इसलिए उन्होंने उसे एकाएक फेंक दिया।"

## महाकुंभ के सेक्टर 22 के बाहर लगी आग में 15 टेंट जले, कोई जनहानि नहीं

**महाकुंभ नगर :** महाकुंभ मेले में सेक्टर 22 के बाहरी क्षेत्र में चमनगंज चौकी के पास बृहस्पतिवार को एक टेंट में आग लग गई और इसकी चपेट में आकर 15 टेंट जलकर खाक हो गए। अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। मुख्य अग्निशमन अधिकारी (कुंभ) प्रमोद शर्मा ने बताया कि सेक्टर 22 के बाहर चमनगंज पुलिस



चौकी क्षेत्र में आज दोपहर आग लगने की सूचना प्राप्त हुई थी जिसपर तत्काल कार्रवाई करते हुए आग को बुझाया गया। उन्होंने बताया कि घटनास्थल तक पहुंचने के लिए मार्ग नहीं होने से दमकल की गाड़ियों को आने में दिक्कत हुई। हालांकि आग को पूरी तरह से बुझा लिया गया और कोई जनहानि नहीं हुई और ना ही कोई घायल हुआ। शर्मा ने बताया, उप जिलाधिकारी (एसडीएम) के मुताबिक, यह टेंट अनधिकृत तौर पर लगाया था।

## न्यूज अपडेट

### महाकुंभ में 30 लाख विदेशी पर्यटकों के आने की उम्मीद: शेखावत

**मुंबई :** केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने बृहस्पतिवार को कहा कि उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में 30 लाख विदेशी आगंतुकों के आने की उम्मीद है। दुनिया का सबसे बड़ा यह धार्मिक उत्सव 13 जनवरी से 26 फरवरी, 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। शेखावत ने बृहस्पतिवार को यहां शुरू हुए तीन दिवसीय 'आउटबाउंड ट्रैवल मार्ट' में कहा, "शुरू में, हमने अनुमान लगाया था कि वर्ष 2025 के महाकुंभ मेले में लगभग 15 लाख विदेशी आगंतुक आएंगे, जिसमें प्रवासी भारतीय (एनआरआई) शामिल नहीं हैं। हालांकि, प्रतिक्रिया और आमद को देखते हुए हमने अपने पहले के अनुमान को दोगुना करके 30 लाख विदेशी यात्रियों का अनुमान लगाया है। इसके अलावा, मंत्री ने कहा कि विदेशी आगंतुकों में देश के पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने ई-वीजा सुविधाएं शुरू की हैं और यात्रा सुगमता के लिए पिछले 10 वर्षों में देश में बुनियादी ढांचे का विकास किया है।

### अयोध्या में जुटा भक्तों का हुजूम, रात से ही राम मंदिर और हनुमानगढ़ी में लग रही कतारें

**अयोध्या :** मौनी अमावस्या पर प्रयागराज में पवित्र संगम में डुबकी लगाने के बाद शाम से ही श्रद्धालुओं के अयोध्या आने का शुरू हुआ सिलसिला बृहस्पतिवार दोपहर बाद तक जारी रहा। भक्त राम मंदिर और हनुमानगढ़ी में दर्शन की इच्छा लिये रात से ही कतारों में खड़े दिखाई दिये। सरकार द्वारा बृहस्पतिवार को जारी एक बयान के मुताबिक गत 96 घंटे में करीब 65 लाख श्रद्धालु अयोध्या पहुंच चुके हैं। भीड़ के मद्देनजर वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद हैं और पूरी रात पैदल गश्त कर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं। एक बयान के मुताबिक प्रयागराज में मौनी अमावस्या पर स्नान करने के बाद श्रद्धालु सीधे रामनगरी पहुंच रहे हैं।

## भगदड़ में घायल लोगों ने आप बीती सुनाई, अचानक मची भगदड़ की वजह नहीं समझ पाए पीड़ित

**प्रयागराज :** प्रयागराज के एसआरएन अस्पताल के सर्जरी वार्ड और सर्जिकल इमर्जेंसी वार्ड में भर्ती घायलों को अब भी ठीक से नहीं मालूम कि मंगलवार देर रात भगदड़ कैसे मची। एक पीड़ित को बस इतना भर याद है कि वह ब्रह्ममूर्त के स्नान के इंतजार में था। प्रयागराज महाकुंभ में मौनी अमावस्या के स्नान के लिए मंगलवार देर रात उमड़ी भीड़ में मची भगदड़ की घटना में 30 लोगों की मौत हो गई थी तथा 60 अन्य जख्मी हो गए थे। मौनी अमावस्या बुधवार को थी। घटना के पीड़ित ने प्रशांत पटेल ने 'पीटीआई-भाषा' कहा, मैंने मोबाइल पर देखा था कि सुबह 4:15 का स्नान का मुहूर्त है और इसी के इंतजार में बैठा था। फिर अचानक भीड़ आई और मैं उसमें दब गया। फिर मुझे कुछ भी याद नहीं। उनकी एक आंख पर पट्टी बंधी हुई है। उन्होंने कहा, जब मुझे होश आया तो मेरी एक आंख पर पट्टी बंधी हुई थी और दूसरी आंख से यह जान पाया कि मैं अब अस्पताल में हूं। प्रशांत झांसी में रेलवे में अप्रेंटिस हैं और मौनी अमावस्या के लिए छुट्टी लेकर संगम घाट पर स्नान के लिए आये थे। आज यहीं पर घायलों का हालचाल लेने पहुंचे मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने पत्रकारों को बताया, यहां 36 घायलों का इलाज चल रहा है। सभी का बहुत अच्छे से इलाज हो रहा है और उनके तीमारदारों के लिए भी व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा, ये लोग अलग अलग जगह से हैं.. कोई देवरिया से है, कोई दिल्ली से है। इनका समुचित इलाज होगा और ठीक होने पर इन्हें इनके परिजनों के साथ भेजा जाएगा। इन लोगों में कोई गंभीर स्थिति में नहीं है। कुछ लोगों की हड्डी टूटी है जिन्हें ठीक होने में दो से चार सप्ताह लग सकते हैं।

समाज्ञा CINE मंत्र

# तो कब शादी करेंगी सान्या?



सान्या मल्होत्रा को उनकी शानदार अदाकारी और डांस मूव्स के लिए जाना जाता है। वे अपनी फिल्म 'मिसेज' को लेकर चर्चा में है। सान्या का नाम सितार वादक ऋषभ रिखीराम शर्मा के साथ जोड़ा गया, इस बात पर अभिनेत्री ने अपनी चुप्पी तोड़ी है। साथ ही सान्या ने शादी को लेकर बात की है। उन्होंने कहा कि अभी उनके पास शादी के लिए टाइम नहीं है।

### शादी को लेकर बोलीं सान्या

हिंदुस्तान टाइम्स को दिए इंटरव्यू में पिंकविला की रिपोर्ट के अनुसार सान्या मल्होत्रा ने शादी के प्लान के बारे में बात ती। उन्होंने कहा कि नहीं, अभी मेरे पास इन चीजों के लिए समय नहीं है। उन्होंने कहा कि वे काम में बहुत ज्यादा व्यस्त हैं।

### ऋषभ रिखिराम शर्मा से जुड़ा नाम

वहीं, सान्या ने सितारवादक ऋषभ रिखीराम शर्मा को लेकर पूछा गया कि क्या कभी उनके मन में शादी का विचार आया है, तो सान्या ने हंसते हुए कहा, नहीं, नहीं। म" सच में काम में काफी व्यस्त हूं। समय नहीं है, मेरे पास छुट्टी लेने का समय भी नहीं है।

### हॉलीवुड में काम करेंगी सान्या

सान्या ने इंटरव्यू में कहा कि फिलहाल वे हॉलीवुड में भी काम करने के बारे में नहीं सोच रही हैं। वे समुद्र तट पर छुट्टियां मनाने जाना चाहती हैं। इसके अलावा वे अभी अच्छी स्क्रिप्ट देख रही हैं। अगर कोई मौका मिला तो जरूर इस बारे में सोचेंगीं।

### ओटीटी पर रिलीज होगी फिल्म

आरती कदव की निर्देशित फिल्म मिसेज 7 फरवरी को रिलीज होने वाली है। फिल्म में वे एक डांसल और डांस टीचर की भूमिका निभाने वाली हैं, जो शादी के बाद कुछ चीजों से गुजरती हैं। वहीं, सान्या को सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में भी देखा जाएगा। फिल्म का निर्देशन करण जौहर कर रहे हैं और फिल्म में वरुण धन, जान्हवी कपूर और रोहित सराफ भी नजर आने वाले हैं। फिल्म 18 अप्रैल 2025 को रिलीज होने वाली है।

## आईफा पुरस्कार में राज कपूर को श्रद्धांजलि देंगी करीना कपूर खान



अभिनेत्री करीना कपूर खान अंतरराष्ट्रीय भारतीय फिल्म अकादमी (आईफा) पुरस्कार में अपने दादा राज कपूर को नृत्य प्रस्तुति के जरिये श्रद्धांजलि देंगी। आयोजकों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, आईफा 2025 के 25वें संस्करण में भारतीय सिनेमा में राज कपूर के अभूतपूर्व योगदान को दर्शाते हुए करीना प्रस्तुति देंगी। करीना ने कहा, 'यह मेरे दिल के बेहद करीब है क्योंकि इसमें मैं, मेरे दादा राज कपूर को श्रद्धांजलि देने वाली हूं। उनकी 100वीं जयंती हाल ही में पूरे देश में धूमधाम से मनाई गई। यह मेरे लिए एक अविश्वसनीय क्षण है कि मैं उनकी विरासत, परिवार और सिनेमा की शक्ति को एक साथ पेश करने जा रही हूं।' राज कपूर की 100वीं जयंती के अवसर पर कपूर परिवार ने पिछले साल दिसंबर में तीन दिवसीय 'आरके फिल्म उत्सव' का आयोजन किया था। आईफा पुरस्कार 2025 का आयोजन आठ-नौ मार्च को जयपुर में किया जागए।

## सलमान खान ने की आशा भोसले और जनाई भोसले की तारीफ



बॉलीवुड स्टार सलमान खान ने आशा भोसले और जनाई भोसले को लेकर अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक मैसेज लिखा है। एक दिन पहले आशा भोसले ने अपनी पोती जनाई भोसले के गाने 'केहंदी है' को का एक वीडियो शेयर किया था। इस गाने पर अब सलमान खान की प्रतिक्रिया आई है।

### सलमान ने आशा भोसले के लिए कही बात

सलमान खान ने कहा, आप बहुत अच्छी हैं और ये गाना बहुत ही शानदार है। जनाई का गाना 'केहंदी है', पहले से ही मेरी प्लेलिस्ट में शामिल हो चुका है।

### सोशल मीडिया पोस्ट पर किया खुलासा

उन्होंने पोस्ट में लिखा, 'कुछ बड़ा बहुत बड़ा और हिरोइक करने की तैयारी शुरू...'। मार्वल्स जो कि एवेंजर सीरीज की फिल्मों के लिए जाना जाता है। इसके साथ अब सलमान खान जुड़ गए हैं, हालांकि यह साफ नहीं है कि उनका इस सीरीज के साथ क्या कनेक्शन है।

### सलमान खान के साथ दिखेंगी रश्मिका

वर्कफ्रंट की बात करें तो सलमान जल्द ही अपनी फिल्म सिकंदर में नजर आने वाले हैं। फिल्म का निर्देशन ए.आर. मुरुगादॉस ने किया है। फिल्म में सलमान के साथ रश्मिका भी नजर आने वाली है। सलमान को आखिरी बार टाइगर 3 में देखा गया था।

### रेलवे स्टेशन पर दिखे सलमान खान

इस वीडियो में सलमान मुंबई के एक भीड़-भाड़ वाले रेलवे स्टेशन पर शूटिंग करते नजर आ रहे हैं। वीडियो में फैंस की जोरदार चीखें सुनाई दे रही हैं और वह सलमान खान का नाम ले रहे हैं। इस वायरल वीडियो को एक फैन ने अपने एक्स (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट पर शेयर किया। वीडियो में सलमान खान रेलवे स्टेशन पर पहुंचते हुए दिखाई दे रहे हैं। कड़ी सुरक्षा के बीच उन्होंने इस सीन की शूटिंग की।

## कॉपीराइट उल्लंघन के चलते स्वरा भास्कर का एक्स अकाउंट हुआ सस्पेंड



स्वरा भास्कर की एक्स प्रोफाइल अकाउंट को कॉपीराइट उल्लंघन के कारण स्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया। ऐसा इसलिए किया गया, क्योंकि भास्कर ने गणतंत्र दिवस पर कुछ पोस्ट किया था। अभिनेत्री ने खुद इस बात की जानकारी अपने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए दी और उन्होंने इसके पीछे की वजह का भी खुलासा किया।

### स्वरा भास्कर का पोस्ट

एक पोस्ट साझा करते हुए स्वरा ने लिखा, 'ट्वीटर या एक्स ने मेरे अकाउंट को स्थायी रूप से निलंबित कर दिया, एक हैप्पी रिपब्लिक डे की शुभकामना पोस्ट करने के लिए'। स्वरा ने एक लंबा कैप्शन लिखा, जिसमें लिखा था, 'प्रिय एक्स, दो ट्वीट्स की दो तस्वीरों को 'कॉपीराइट उल्लंघन' के रूप में बताया गया है, जिसके आधार पर मेरा एक्स अकाउंट लॉक है, मैं इसे एक्सेस नहीं कर सकती और आपकी टीमों द्वारा स्थायी निलंबन को मंजूरी दे दी गई है। एक ऑरेंज बैकग्राउंड वाली एक तस्वीर और हिंदी देवनागरी लिपि में लिखा है, 'गांधी हम शर्मिंदा हैं, तेरे कातिल जिंदा हैं' भारत में प्रगतिशील आंदोलन का एक लोकप्रिय नारा है। इसमें कोई कॉपीराइट उल्लंघन नहीं है। यह शहरी आधुनिक लोक मुहावरे के समान है।'

### बेटी की तस्वीर पर भी कॉपीराइट

उन्होंने आगे कहा, 'उल्लंघन के रूप में बताई गई दूसरी तस्वीर मेरी अपनी बच्ची की है, जिसमें उसका चेहरा छिपा हुआ है और वह भारतीय ध्वज लहरा रही है। उस पर 'हैप्पी रिपब्लिक डे इंडिया' लिखा हुआ है।' स्वरा ने आगे लिखते हुए पूछा, 'यह संभवतः कॉपीराइट का उल्लंघन कैसे हो सकता है? मेरे बच्चे की तस्वीर पर किसका कॉपीराइट है? ये दोनों शिकायतें कॉपीराइट की किसी भी कानूनी परिभाषा की किसी भी तर्कसंगत और उद्देश्य की समझ से हास्यास्पद हैं।'

### एक्स से जांच करने का किया अनुरोध

एक्स से मामले की आगे जांच करने का अनुरोध करते हुए उन्होंने आगे लिखा, 'यदि इन ट्वीट्स की बड़े पैमाने पर रिपोर्ट की गई है तो उनका उद्देश्य यूजर यानी मुझे परेशान करना है और मेरी बोलने और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को दबाना है। कृपया अपने निर्णय की समीक्षा करें और उसे वापस लें।' स्वरा भास्कर हमेशा से ही अपने विचारों और राजनीतिक रुख को लेकर मुखर रही हैं। उन्हें इसके कारण ट्रोलिंग का भी सामना करना पड़ा है। अभिनेत्री फिलहाल अपनी शादी और मां बनने के बाद ब्रेक पर हैं।

## 'हेरा फेरी 3' के एलान पर झूमे फैंस

निर्देशक प्रियदर्शन ने अपने 68वें जन्मदिन पर सबसे बेहतरीन रिटर्न गिफ्ट दिया है। इस खास मौके पर निर्देशक ने बहुप्रतीक्षित फिल्म हेरा फेरी 3 का निर्देशन करने की पुष्टि की है, जिसमें अक्षय कुमार, परेश रावल और सुनील शेट्टी मुख्य भूमिका में होंगे। यह सब तब शुरू हुआ, जब अक्षय कुमार ने अपने निर्देशक को एक्स पर शुभकामनाएं दीं और ट्वीट किया, 'जन्मदिन की शुभकामनाएं, प्रियन सर। भूतों से घिरे एक प्रेतबाधित सेट पर दिन बिताने से बेहतर जश्न मनाने का और क्या तरीका हो सकता है...असली और बिना पैसे वाले अतिरिक्त लोग? एक मार्गदर्शक होने के लिए धन्यवाद और एकमात्र व्यक्ति जो अराजकता को एक मास्टरपीस की तरह बना सकता है। आपका दिन कम रीटेक से भरा हो। आपको आने वाले शानदार वर्ष की शुभकामनाएं।

### फिल्म का एलान

इस पर प्रियदर्शन ने अपने जवाब में बड़ी घोषणा की। उन्होंने लिखा, 'आपकी शुभकामनाओं के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद, अक्षय। बदले में मैं आपको एक उपहार देना चाहूंगा, मैं हेरा फेरी 3 करने के लिए तैयार हूं। क्या आप तैयार हैं अक्षय कुमार,



सुनील शेट्टी और परेश रावल।' इस पर अन्य सितारों ने भी खुशी जताई। वहीं, इस खबर पर अब फैंस काफी खुश हैं। उन्होंने उत्साह जाहिर करते हुए कई मजेदार ट्वीट्स किए।

### फैंस ने जाहिर की खुशी

एक यूजर ने लिखा, 'ओह भाईसाब मजा आ गया'। वहीं, कई यूजर्स ने मीम्स साझा करने शुरू कर दिए। एक ने पोस्ट साझा करते हुए कहा, 'अभी मजा आएगा न भिडु'। एक अन्य यूजर ने 'वेलकम' के सीन 'मिरेकल मिरेकल' का मीम भी साझा किया। एक अन्य यूजर ने लिखा, 'एकमात्र फिल्म जो पुष्पा 2 के हिंदी नेट कलेक्शन के करीब जा सकती है वह है हेरा फेरी 3। मैं बस यही उम्मीद करता हूं कि फिल्म दूसरी फिल्म के क्लिफहैंगर से आगे बढ़ती रहे अन्यथा कई लोग निराश होंगे।'

### प्रियदर्शन की वापसी पर उत्साहित यूजर्स

वहीं, एक यूजर ने फिल्म का गाना भी साझा किया। अन्य कुछ यूजर ने 'हेरा फेरी' के पुराने निर्देशक के वापस आने की खुशी जाहिर की। दरअसल, इससे पहले फरहाद सामजी द्वारा फिल्म को निर्देशित किए जाने की खबरें भी सामने आई थीं, जिससे फैंस नाराज थे।

### दो किस्तों ने मचाया धमाल

साल 2000 में रिलीज हुई हेरा फेरी ने कई सालों तक लोगों का दिल जीता। 2006 में रिलीज हुई इसकी सीक्वल 'फिर हेरा फेरी' को भी दर्शकों ने खूब सराहा। अब, प्रशंसक इस पसंदीदा फ्रेंचाइजी की तीसरी किस्त का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

## न्यूज इन ब्रीफ

### अवमानना मामले में आरोपी व्यक्ति बिना पासपोर्ट के अमेरिका भागा, अदालत ने गिरफ्तारी का आदेश दिया

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने एक ऐसे व्यक्ति की जांच और गिरफ्तारी का आदेश दिया है, जो अवमानना की कार्यवाही का सामना कर रहा है और उसका पासपोर्ट अदालत में जमा होने के बावजूद वह अमेरिका भाग गया था। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने अतिरिक्त महाधिवक्ता के. एम. नटराज से अदालत की सहायता करने और यह बताने को कहा कि उस व्यक्ति को बिना पासपोर्ट के देश से बाहर कैसे जाने दिया गया। पीठ ने कहा, ''हम इस बात से आश्चर्यचकित हैं कि कथित अवमाननाकर्ता/प्रतिवादी बिना पासपोर्ट के अमेरिका या किसी अन्य देश के लिए कैसे रवाना हो सकता है, जबकि उसका पासपोर्ट इस अदालत के पास है। जो भी हो, अब हमारे पास कथित अवमाननाकर्ता के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है।'' पीठ ने इसके बाद उसके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया।

### मोहन भागवत ओडिशा के पांच दिवसीय दौरे पर भुवनेश्वर पहुंचे

**भुवनेश्वर :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत बृहस्पतिवार को ओडिशा के पांच दिवसीय दौरे पर यहां पहुंचे। इस दौरान वह एक स्मृति सभा में शामिल होंगे और संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा करेंगे। भागवत अपराह्न लगभग एक बजे बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे, जहां आरएसएस पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। कड़ी सुरक्षा के बीच वह शहर के मंचेश्वर इलाके में उत्कल बिपन्ना सहायता समिति कार्यालय पहुंचे। उनका शाम छह बजे भुवनेश्वर में पूर्व 'प्रांत संघ चालक' शिवराम महापात्र की स्मृति सभा में शामिल होने का कार्यक्रम है। आरएसएस के वरिष्ठ पदाधिकारी सुमंत कुमार पांडा ने बताया कि भागवत राज्य में संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा भी करेंगे और आरएसएस का शताब्दी वर्ष मनाने की तैयारियों से जुड़ी बैठकों में शामिल होंगे। आरएसएस प्रमुख तीन फरवरी को ओडिशा से रवाना होंगे।

### छत्तीसगढ़ में दो साल पहले हुए विस्फोट के मामले में नक्सली संगठन के दो सहयोगी गिरफ्तार

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) छत्तीसगढ़ में 2023 में हुए आईईडी विस्फोट के अपराधियों को रसद सहायता प्रदान करने के आरोप में एक प्रतिबंधित नक्सली संगठन के दो सहयोगियों को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया है। संवर्धित विस्फोटक उपकरण (आईईडी) में भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के एक जवान की मौत हो गई थी। एनआईए द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान धनेश राम ध्रुव और रामस्वरूप मरकम के रूप में हुई है। वे दोनों भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) (माओवादी) के सदस्यों के सहयोगी थे और आईईडी विस्फोट करने में शामिल अपराधियों को रसद सहायता प्रदान करने में सक्रिय रूप से शामिल थे। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के दौरान गरियाबंद जिले के बड़ेगुदरा गांव में 17 नवंबर 2023 को यह विस्फोट हुआ था।

### हिंदू महासभा ने मनाया महात्मा गांधी की हत्या का जश्न, गोडसे को दिया सम्मान

**मेरठ (उप्र) :** अखिल भारत हिंदू महासभा ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उनकी हत्या का जश्न मनाया और उनके हत्यारे नाथूराम गोडसे को सम्मान देकर विवाद खड़ा कर दिया। हिंदू महासभा से कथित तौर पर जुड़े गोडसे ने दिल्ली के बिड़ला हाउस में 30 जनवरी 1948 को प्रार्थना सभा के दौरान गांधी की गोली मारकर हत्या कर दी थी। उसे 1949 में अंबाला जेल में फांसी दे दी गई थी। अखिल भारत हिंदू महासभा के सदस्य 'अमर शहीद नाथूराम गोडसे नाना आप्टे धाम' में एकत्र हुए और गोडसे के कार्यों को 'याद' किया। महासभा के वरिष्ठ नेता और नाना आप्टे धाम के संस्थापक पंडित अशोक शर्मा ने कार्यक्रम का नेतृत्व किया। समारोह में हवन और पूजा आदि की गई तथा हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।

# केजरीवाल ने यमुना को प्रदूषित होने दिया, दिल्लीवासियों को इसका पानी पीने के लिए मजबूर किया: शाह




**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने यमुना नदी को प्रदूषित होने दिया और दिल्ली के लोगों को इसका पानी पीने के लिए मजबूर किया। रोहिणी विधानसभा क्षेत्र में एक जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने आरोप लगाया कि लोग पूछ रहे हैं कि लंदन की टेम्स नदी की तरह यमुना को साफ करने के उनके वादे को पूरा करने का क्या हुआ, जबकि केजरीवाल हरियाणा की भाजपा सरकार पर नदी में जहर मिलाने का झूठा आरोप लगाकर ''बहाना'' बना रहे हैं। उन्होंने हरियाणा सरकार के खिलाफ केजरीवाल के आरोप को ''ओछी राजनीति'' करार दिया और आरोप लगाया कि 'आप' सरकार ''भ्रष्टाचार'' के कारण अपने 10 साल के शासन के दौरान यमुना की सफाई के केजरीवाल के वादे को पूरा नहीं कर सकी। शाह ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, ''केजरीवाल कहते हैं कि भाजपा के लोगों ने दिल्ली के लोगों को परेशान करने के लिए यमुना में जहर मिला दिया है। मैं केजरीवाल से कहने आया हूं कि उन्हें चुनाव जीतने के लिए झूठ बोलना बंद कर देना चाहिए।'' उन्होंने आरोप लगाया, ''केजरीवाल, आपने यमुना को प्रदूषित किया और दिल्ली के लोगों को उसका पानी पीने के लिए मजबूर किया।'' उन्होंने कहा, ''केजरीवाल चुनाव में अपनी (पार्टी की) हार को भांपकर ऐसी ओछी राजनीति कर रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''वे बहाने बनाते रहते हैं... केजरीवाल जी, अगर आप कुछ नहीं कर सकते तो (दिल्ली को भाजपा के लिए) छोड़ दीजिए। हम दिखाएंगे कि दिल्ली को कैसे बेहतर तरीके से चलाया जा सकता है।''

### सरकार आव्रजन, विदेशियों से संबंधित सेवाओं के लिए विधेयक पेश कर सकती है

**नयी दिल्ली :** सरकार आव्रजन और विदेशियों से संबंधित विभिन्न सेवाओं को सुव्यवस्थित करने के लिए संसद में एक विधेयक पेश कर सकती है, जिसमें देश में उनका प्रवेश, निकास और प्रवास जैसे विषय भी शामिल है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा आगामी बजट सत्र में आव्रजन और विदेशी विधेयक, 2025 पेश किए जाने की उम्मीद है। सूत्रों ने बताया कि इस विधेयक का उद्देश्य आव्रजन और विदेशियों से संबंधित विभिन्न सेवाओं को सुव्यवस्थित करना है, जिसमें भारत में उनका प्रवेश, निकास और प्रवास भी शामिल है। भारत से विदेशियों का प्रवेश, प्रवास और निकास वर्तमान में विदेशी पंजीकरण अधिनियम, 1939 और विदेशी अधिनियम, 1946 द्वारा शासित होता है।

## यूजीसी नेट पेपर लीक मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की

**नयी दिल्ली :** केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने 2024 यूजीसी-नेट परीक्षा पेपर लीक से संबंधित मामले में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की है। इस इनपुट के बाद इसे रद्द कर दिया गया था कि इसका प्रश्नपत्र डार्कनेट पर लीक हो गया है और टेलीग्राम पर बेचा जा रहा है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को इसकी जानकारी दी। एक विशेष अदालत के समक्ष दायर अपनी क्लोजर रिपोर्ट में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने कहा कि मामले में पेपर लीक का कोई साक्ष्य नहीं मिला है। एजेंसी ने केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय को भी एक रिपोर्ट भेज दी है। अदालत अब तय करेगी कि रिपोर्ट को स्वीकार करके मामले को बंद किया जाए या एजेंसी को आगे की जांच करने का निर्देश दिया जाए। अधिकारियों ने कहा कि केंद्रीय जांच एजेंसी ने पाया कि 18 जून, 2024 की परीक्षा के लिए 'लीक' प्रश्नपत्र का 'छेड़छाड़' किया हुआ स्क्रीनशॉट एक छात्र द्वारा कुछ पैसे कमाने के लिए प्रसारित किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि परीक्षा के दिन, यूजीसी-नेट की दूसरी पाली से पहले दोपहर में टेलीग्राम चैनलों पर पेपर प्रसारित होते पाया गया, जिससे यह आभास हुआ कि यह लीक हो गया है और इसे प्रसारित करने वाले व्यक्ति ने इसे हासिल किया है। अधिकारियों ने बताया कि जांच में पाया गया कि स्क्रीनशॉट प्रसारित करने वाले व्यक्ति ने फोटो और इसकी तारीख तथा समय की स्टैम्प के साथ छेड़छाड़ की थी, ताकि यह दिखाया जा सके कि उसने परीक्षा शुरू होने से पहले प्रश्न पत्र प्राप्त कर लिया था। इस परीक्षा के लिए 11 लाख से अधिक उम्मीदवारों ने पंजीकरण कराया था, जो भारतीय विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में जूनियर रिसर्च फेलोशिप, सहायक प्रोफेसर के रूप में नियुक्ति और पीएचडी प्रवेश के लिए पात्रता निर्धारित करती है।

## राहुल ने यमुना का लिया जायजा, केजरीवाल को डुबकी लगाने की चुनौती दी



**नयी दिल्ली :** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने विधानसभा चुनाव के प्रचार के बीच यमुना नदी के किनारे पहुंचकर नदी की स्थिति का जायजा लिया तथा पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को उनका एक पुराना वादा याद दिलाते हुए कहा कि वह डुबकी कब लगाएंगे। राहुल गांधी ने यमुना नदी के किनारे पहुंचकर स्थिति का जायजा लेने का वीडियो बृहस्पतिवार को 'एक्स' पर जारी किया। उन्होंने कहा, ''केजरीवाल जी, अब तो 2025 आ गया। आप यमुना में डुबकी कब लगाएंगे? दिल्ली इंतज़ार कर रही है।'' पिछले विधानसभा चुनाव के समय केजरीवाल ने यमुना नदी की सफाई का वादा किया था। राहुल गांधी इन दिनों अपनी हर चुनावी सभा में केजरीवाल के इस वादे का उल्लेख करके उन पर निशाना साध रहे हैं। उन्होंने बुधवार को दावा किया था कि केजरीवाल यमुना में स्नान नहीं करेंगे और न ही इसका पानी पीयेंगे क्योंकि ऐसा करने पर वह अस्पताल पहुंच जाएंगे।

## केजरीवाल के आवास के बाहर कूड़ा फेंकने के आरोप में स्वाति मालीवाल हिरासत में



**नयी दिल्ली :** आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल ने बृहस्पतिवार को दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर के बाहर विरोध स्वरूप कूड़ा फेंका जिसके बाद पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। मालीवाल और उनके सहयोगियों ने विकासपुरी में सड़कों से कूड़ा उठाया, उसे तीन मिनी ट्रकों में भरा और फिरोजशाह रोड पर केजरीवाल के घर पहुंचे। उन्होंने वहां जमीन पर कूड़ा फेंका, जिसके बाद महिला पुलिसकर्मियों ने उन्हें रोका और वहां से हटा दिया। केजरीवाल के पांच फिरोजशाह रोड स्थित आवास के पास सैकड़ों महिलाएं हाथों में तख्तियां लिए देखी गईं, जिन पर लिखा था, ''मुस्कुराइए, 'आप' दिल्ली में हैं''। हाथों में तख्तियां लेकर मालीवाल ने केजरीवाल के घर के बाहर फावड़े से कूड़ा फेंका और कचरे को जमीन पर फेंक दिया। इसके तुरंत बाद महिला पुलिसकर्मियों ने उन्हें वहां से हटा दिया। मालीवाल को हिरासत में लिया गया और संसद मार्ग पुलिस थाने ले जाया गया। मालीवाल के अनुसार, कुछ घंटों बाद उन्हें रिहा कर दिया गया और निषेधाज्ञा का उल्लंघन करने के आरोप में भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। रिहाई के बाद मालीवाल ने संवाददाताओं से कहा, पिछले दस वर्षों से अरविंद केजरीवाल ने सुनिश्चित किया है कि दिल्ली एक विशाल कूड़ाघर बन जाए। सड़कें टूटी हुई हैं, नाले का पानी उपर से बह रहा है और हर जगह कूड़ा जमा हो रहा है। महिलाएं और बच्चे अस्वच्छ परिस्थितियों में रहने को मजबूर हैं और फिर भी सरकार कुछ नहीं करती।

## न्यूज अपडेट

### छत्तीसगढ़ पुलिस ने चलाया ऑपरेशन 'समाधान', 14 राज्यों के 2013 व्यक्तियों से पूछताछ

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने बृहस्पतिवार को ऑपरेशन 'समाधान' के तहत शहर में रह रहे 14 राज्यों के 2013 व्यक्तियों से पूछताछ की तथा इनमें से 224 संदिग्ध व्यक्तियों के खिलाफ निवारक कार्रवाई की। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से रायपुर पुलिस को सूचना मिल रही थी कि विभिन्न राज्यों से आए हुए व्यक्ति शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कई संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त हैं। उन्होंने बताया कि सूचना के बाद आज रायपुर पुलिस ने ऐसे संदिग्ध व्यक्तियों के खिलाफ ऑपरेशन 'समाधान' चलाया। अभियान के दौरान रायपुर शहर के सभी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, नगर पुलिस अधीक्षक, थानों के प्रभारी, अपराध निरोधक शाखा एवं साइबर टीम और थानों के बल सहित लगभग 350 सदस्यों के दलों ने आज तड़के चार बजे छापामार कार्रवाई की।

### भोपाल: सीआरपीएफ जवान ने पत्नी की गोली मारकर हत्या करने के बाद आत्महत्या की

**भोपाल :** भोपाल में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक सिपाही ने बुधवार देर रात अपने घर में पत्नी की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या करने के बाद खुद को भी गोली मार ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। मिसरोद थाना प्रभारी एमआर भदौरिया ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि यहां निकट सीआरपीएफ बंगरसिया शिविर में तैनात रविकांत वर्मा (35) ने देर रात करीब डेढ़ बजे पत्नी रेणु (32) की हत्या कर दी । उन्होंने बताया कि इसके बाद उसने सीआरपीएफ नियंत्रण कक्ष, स्थानीय पुलिस और मकान मालिक को फोन कर इसकी जानकारी दी और उसी सर्विस राइफल से खुद को भी गोली मार ली। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस की एक टीम कैपिटल ग्रीन कॉलोनी में घटनास्थल पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। भदौरिया ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया कि घटना पारिवारिक कलह का नतीजा थी। उन्होंने बताया कि घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि रविकांत मध्यप्रदेश के भिंड जिले का रहने वाला था, और पत्नी एवं दो बच्चों (दो साल की लड़की और छह साल के लड़के) के साथ यहां बंगरसिया मिसरोद में सीआरपीएफ शिविर के निकट रहता था।

### ग्लोब टेक्सटाइल्स का 4,504 लाख रुपये का राइट्स इश्यू पहले ही दिन 14.69% सब्सक्राइब हुआ

**कोलकाता, समाज्ञा :** ग्लोब टेक्सटाइल्स (इंडिया) लिमिटेड के 4,504 लाख रुपये के राइट्स इश्यू को पहले ही दिन 14.69% का सब्सक्रिप्शन प्राप्त हुआ। कंपनी टेक्सटाइल प्रोडक्शन, सूती प्रिंटेड फैब्रिक्स, होम टेक्सटाइल्स और फैंसी फैब्रिक्स के उत्पादन में अग्रणी प्लेयर है। यदि राइट्स इश्यू की प्रमुख जानकारियों के बारे में बात करें तो-राइट्स इश्यू 24 जनवरी को खुला था और अब 6 फरवरी को बंद होगा। शेयर मूल्य 3 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है, जबकि 24 जनवरी को खुलते ही शेयर का बाजार मूल्य 3.78 रुपये था। 17 जनवरी 2025 की रिकॉर्ड तिथि पर पात्र शेयरधारकों को 1:2 के अनुपात में शेयर मिलेंगे (हर दो शेयरों पर एक नया शेयर)। राइट्स एंटाइटलमेंट (ग्लोब-री1) के तहत नए निवेशक भी इस इश्यू में भाग ले सकते हैं। ग्लोब टेक्सटाइल्स के चेयरमैन एवं एमडी भाविक पारिख ने कहा, पहले ही दिन लगभग 15% सब्सक्रिप्शन मिलना हमारी कंपनी में निवेशकों के विश्वास को दर्शाता है।

### लालू यादव के खिलाफ जमीन के बदले नौकरी मामले में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने बृहस्पतिवार को दिल्ली की एक अदालत को बताया कि एजेंसी ने पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद से जुड़े कथित जमीन के बदले नौकरी घोटाले से जुड़े एक मामले में सभी आरोपियों पर मुकदमा चलाने के लिए संबंधित अधिकारियों से अपेक्षित मंजूरी प्राप्त कर ली है। सीबीआई ने विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने को बताया कि एजेंसी मामले में एक आरोपी के संबंध में मंजूरी का इंतजार कर रही है। एजेंसी ने बताया कि उसे जन सेवक आरके महाजन पर मुकदमा चलाने की मंजूरी मिल गई है। न्यायाधीश ने आरोपपत्र में दर्ज आरोपों में समानता और अंतर के तत्वों के संबंध में सीबीआई से कुछ प्रश्न पूछे। अदालत ने आरोपपत्र के संज्ञान के बिंदु पर विचार करने के लिए सुनवाई सात फरवरी को निर्धारित कर दी। न्यायाधीश ने कहा, अंतिम आरोपपत्र में आरके महाजन के संबंध में मुकदमा चलाने की मंजूरी मिल गई है।

## अर्थव्यवस्था सुस्ती में है, सरकार कुछ नहीं कर रही : चिदंबरम




**नयी दिल्ली :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि देश की अर्थव्यवस्था सुस्ती में है, लेकिन सरकार स्थिति को संभालने के लिए कुछ नहीं कर रही है। चिदंबरम ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में यह भी कहा कि वर्तमान समय में रोजगार सृजन नहीं हो रहा है, बेरोजारी उच्चतम स्तर पर है, मंहगाई बढ़ रही है तथा व्यापक स्तर पर आर्थिक असमानता है। पूर्व वित्त मंत्री ने कांग्रेस की ओर से तैयार 'अर्थव्यवस्था की वास्तविक स्थिति 2025' शीर्षक वाली रिपोर्ट जारी की। सरकार द्वारा आर्थिक समीक्षा पेश किए जाने से एक दिन पहले कांग्रेस ने यह रिपोर्ट जारी की है। चिदंबरम ने कहा कि इस रिपोर्ट में कई ऐसे तथ्यों का उल्लेख है जिनको सरकार ने दबा दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार अर्थव्यवस्था की जो स्थिति बताती है वह वास्तविकता से दूर है। चिदंबरम ने दावा किया, ''अर्थव्यवस्था सुस्ती में है, इससे इनकार नहीं किया जा सकता। पिछले साल की आर्थिक वृद्धि की तुलना में इस साल दो प्रतिशत तक की गिरावट आ सकती है।'' उन्होंने कहा कि नए रोजगारों का सृजन नहीं हो रहा है तथा पिछले चार पांच साल से वेतन में बढ़ोतरी भी नहीं हो रही है। पूर्व वित्त मंत्री का कहना था कि खाद्य, शिक्षा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़ी मुद्रास्फीति दोहरे अंक में है। उन्होंने दावा किया, ''अर्थव्यवस्था वास्तव में चुनौतियों का सामना कर रही है। युवाओं और स्नातकों के बीच उच्च बेरोजगारी दर चिंताजनक है, जो क्रमशः लगभग 40 प्रतिशत और 30 प्रतिशत है।''

## दिल्लीवासी आम आदमी पार्टी को वोट देकर भाजपा को हराएं : अखिलेश यादव



**नयी दिल्ली :** समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव ने बृहस्पतिवार को दिल्लीवासियों से आग्रह किया कि वे अपना वोट ''बर्बाद'' न करें और 'आप' को वोट देकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को हराएं। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ राष्ट्रीय राजधानी के किराड़ी में एक रोड शो में शामिल होते हुए यादव ने कहा, ''आम आदमी पार्टी (आप) की झाड़ू से भाजपा का सफाया होने जा रहा है।'' 'झाड़ू' आम आदमी पार्टी का चुनाव चिह्न है। उन्होंने कहा, ''मैं लोगों से भाजपा को हराने के लिए एकजुट होने की अपील करता हूं। आपका वोट बर्बाद नहीं होना चाहिए, भाजपा को हराने के लिए हर वोट 'आप' को जाना चाहिए।'' यादव ने शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में 'आप' के काम तथा बिजली और पानी के बिलों में छूट देने वाली योजनाओं की सराहना की। उन्होंने कहा, क्या आप इन योजनाओं को खोना चाहते हैं। यहां तक कि भाजपा नेता भी अब कह रहे हैं कि वे आम आदमी पार्टी की किसी भी योजना को बंद नहीं करेंगे।

## सैन्य पेंशन विवाद: न्यायालय ने की केंद्र सरकार की तीखी आलोचना, नीति बनाने का निर्देश दिया

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने सशस्त्र बलों के सेवानिवृत्त कर्मियों को अदालत में 'घसीटने' के लिए बृहस्पतिवार को केंद्र सरकार की कड़ी आलोचना की और इस मुद्दे पर एक नीति बनाने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा कि सशस्त्र सेना न्यायाधिकरण से दिव्यांगता पेंशन पाने वाले सशस्त्र बलों के हर सदस्य को शीर्ष अदालत में घसीटने की आवश्यकता नहीं थी और केंद्र को अपील दायर करने में कुछ विवेक का उपयोग करना चाहिए। पीठ ने पूछा, इसमें कुछ व्यावहारिक दृष्टिकोण होना चाहिए। एक सैन्यकर्मी 15, 20 साल तक काम करता है और मान लीजिए कि वह दिव्यांगता का शिकार हो जाता है, और सशस्त्र बल न्यायाधिकरण के आदेश में विकलांगता पेंशन के भुगतान का निर्देश दिया गया है। तो ऐसे लोगों को उच्चतम न्यायालय में क्यों घसीटा जाना चाहिए? पीठ ने कहा, हमारा मानना है कि केंद्र सरकार को एक नीति बनानी चाहिए। सशस्त्र बलों के सदस्यों को उच्चतम न्यायालय में आने के लिए मजबूर करने का निर्णय लेने से पहले कुछ सोचना-समझना चाहिए था। न्यायालय ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा मनगढ़ंत अपील दायर की जा रही हैं और ऐसी याचिकाएं दायर करके सशस्त्र बलों का मनोबल नहीं गिराया जा सकता।

## दिल्ली में उम्मीदवारों पर ध्यान दिए बिना भाजपा को वोट दें : राजनाथ




**नयी दिल्ली :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आम आदमी पार्टी (आप) पर जन लोकपाल सहित अन्य वादे तोड़ने का आरोप लगाते हुए बृहस्पतिवार को दिल्ली के लोगों से उम्मीदवारों पर ध्यान दिए बिना भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को वोट देने की अपील की। दिल्ली कैंट में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राजनाथ ने दावा किया, भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है, जिसने अपने घोषणापत्र में किए गए सभी वादे पूरे किए हैं... मैं आपसे आग्रह करूंगा कि आप सब कुछ भूल जाएं और भाजपा को वोट दें। उन्होंने कहा, दिल्ली में भाजपा के पक्ष में मतदान करें और यह न देखें कि उम्मीदवार कौन है। आपका वोट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए होगा। रक्षा मंत्री ने भरोसा दिलाया कि दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने पर सभी योजनाएं जारी रहेंगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली वासियों को 'आयुष्मान भारत' जैसी केंद्रीय योजनाओं का भी लाभ मिल सकेगा, जिसे सरकार बनने के 10 दिनों के भीतर लागू किया जाएगा।

# भाजपा और कांग्रेस साथ-साथ, दोनों में से किसी को भी वोट न दें : केजरीवाल



**नयी दिल्ली :** आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस पर दिल्ली में उनकी पार्टी को सत्ता से बेदखल करने के एक-दूसरे से हाथ मिलाने के आरोप लगाया। बाहरी दिल्ली के किराड़ी में समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ एक रोड शो को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने लोगों से कहा कि भाजपा या कांग्रेस दोनों में से किसी को भी वोट देना एक जैसा ही होगा। 'आप' प्रमुख ने कहा, इस बार भाजपा और कांग्रेस के बीच इलू-इलू चल रहा है और दोनों पार्टियां मिलकर चुनाव लड़ रही हैं। कांग्रेस को वोट देने का मतलब है भाजपा को वोट देना। गलत बटन न दबाएं, वरना आपका जीवन बेहद कष्टदायी हो जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री ने अपनी सरकार की मुफ्त पानी, स्वास्थ्य सेवा और महिलाओं के लिए बस यात्रा जैसी योजनाओं का बखान करते हुए दावा किया कि दिल्ली में भाजपा के सत्ता में आते ही ये सौगातें खत्म हो जाएंगी। उन्होंने दावा किया कि ये योजनाएं परिवारों की सालाना 25,000 रुपये से अधिक बचाने में मदद करती हैं। विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस) का हिस्सा होने के बावजूद सपा, तृणमूल कांग्रेस सहित कई प्रमुख दल दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के बजाय 'आप' का समर्थन कर रहे हैं।

## प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर किया, 350 लोगों के खिलाफ प्रथमिकी दर्ज



**पटना :** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की एकीकृत 70वीं संयुक्त (प्रारंभिक) परीक्षा 2024 में कथित तौर पर अनियमितताओं को लेकर इस इम्तिहान को रद्द किये जाने की मांग कर रहे प्रदर्शनकारियों ने बृहस्पतिवार को आयोग के कार्यालय के सामने प्रदर्शन करने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उन्हें खदेड़ दिया। पुलिस ने 350 प्रदर्शनकारी अभ्यर्थियों के खिलाफ दो प्राथमिकी दर्ज की हैं और चार लोगों को गिरफ्तार करने के अलावा 30 लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने कहा कि जहां आयोग का कार्यालय स्थित है वह प्रतिबंधित क्षेत्र है और वहां किसी भी तरह के प्रदर्शन की अनुमति नहीं है। पटना के जिलाधिकारी चंद्रशेखर सिंह ने स्पष्ट किया कि प्रदर्शनकारियों पर 'कोई लाठीचार्ज' नहीं किया गया है, लेकिन उन पर पुलिस मुख्यालय, राजभवन और मुख्यमंत्री आवास जैसे महत्वपूर्ण स्थानों के करीब स्थित क्षेत्र में सड़क यातायात को बाधित करने के लिए मामला दर्ज किया गया है। जिलाधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को भड़काने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया है और प्रतिबंधित क्षेत्र में हंगामा करने वाले 30 लोगों को हिरासत में लिया है। प्रदर्शनकारियों ने पुलिसकर्मियों के साथ भी मारपीट की। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर और लोगों को गिरफ्तार किया जाएगा।''

## राहुल 26 रन पर आउट, कर्नाटक के पांच विकेट पर 267 रन, बंगाल ने पंजाब को 191 रन पर समेटा

**बेंगलुरु :** केएल राहुल की रणजी ट्रॉफी में बहुप्रतीक्षित वापसी महज 37 गेंद खेलने के बाद खत्म हो गई और भारत का यह सलामी बल्लेबाज 26 रन पर आउट हो गया जिससे कर्नाटक ने बृहस्पतिवार को यहां ग्रुप सी के 'करो या मरो' वाले मैच के पहले दिन हरियाणा के खिलाफ पांच विकेट पर 267 रन का स्कोर बना लिया। फरवरी 2020 के बाद से पहली बार रणजी ट्रॉफी में खेलते हुए स्थानीय नायक राहुल तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे। खचाखच भरे एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया और स्टैंड में 'राहुल, राहुल' के नाम की गूंज थी। दाएं हाथ का यह स्टाइलिश बल्लेबाज शुरू में शानदार लय में दिखा और कर्नाटक के कप्तान मयंक अग्रवाल (91) के साथ दूसरे विकेट के लिए 54 रन की साझेदारी में चार शानदार चौके लगाए।

# कोहली की उपस्थिति में रेलवे के उपेंद्र यादव और दिल्ली के गेंदबाजों ने बिखेरी चमक

**नयी दिल्ली :** स्टार बल्लेबाज विराट कोहली की 13 साल बाद रणजी ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट में वापसी से विशेष बने मैच में रेलवे के उपेंद्र यादव ने 95 रन की आकर्षक पारी खेल कर दिल्ली को गुरुवार को यहां शुरू में विकेट लेने का बहुत अधिक फायदा नहीं उठाने दिया। रेलवे की टीम ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद अपनी पहली पारी में 241 रन बनाए। दिल्ली ने पहले दिन का खेल समाप्त होने के समय तक अपनी पहली पारी में एक विकेट पर 41 रन बनाए थे। नवदीप सैनी, सिद्धांत शर्मा और मनी ग्रेवाल की तेज गेंदबाजी तिकड़ी ने सुबह की परिस्थितियों का फायदा उठाते हुए पहले सत्र में रेलवे का स्कोर पांच विकेट पर 66 रन कर दिया। इसके बाद उपेंद्र और अनुभवी स्पिनर कर्ण शर्मा (50) ने छठे विकेट के लिए 104 रन की साझेदारी करके रेलवे को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। कोहली की उपस्थिति के कारण 12000 से अधिक दर्शक स्टेडियम में पहुंचे थे। दिल्ली ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी का फैसला किया और इस कारण कोहली को पहले दिन बल्लेबाजी का मौका नहीं मिला। उपेंद्र ने हालांकि दर्शकों के सामने अपनी प्रतिभा का शानदार परिचय दिया। उपेंद्र जब सत्र में अपना तीसरा शतक पूरा करने की तरफ बढ़ रहे थे तब उन्होंने बाएं हाथ के स्पिनर सुमित माथुर की गेंद पर हवा में शॉट खेला और लॉन्ग ऑफ पर कैच दे दिया। उन्होंने अपनी पारी में 10 चौके और एक छक्का लगाया। दिल्ली की तरफ से सैनी और ग्रेवाल ने क्रमशः 18 और 17 ओवर किए बाएं हाथ के तेज गेंदबाज सिद्धांत ने नौ ओवर किए। सैनी और सिद्धांत ने तीन-तीन जबकि ग्रेवाल ने दो विकेट लिए। दिन का आकर्षण हालांकि कोहली थे और उन्होंने रेलवे की पारी के दौरान मैदान पर रहकर दर्शकों के साथ-साथ अपनी टीम के खिलाड़ियों का हौसला भी बढ़ाया। वह अधिकतर समय स्लिप में खड़े रहे। कोहली शुक्रवार को बल्लेबाजी के लिए उतरेंगे और तब अधिक दर्शकों के स्टेडियम में पहुंचने की संभावना है।



'किंग' की घरवापसी : कोहली की एक झलक पाने दिल्ली के रणजी मैच में उमड़ी भीड़

## न्यूज अपडेट

### नर्मदा ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल में स्वर्ण पदक जीतकर राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा



**देहरादून :** विश्व कप की पूर्व विजेता नर्मदा नितिन राजू ने बृहस्पतिवार को यहां 38वें राष्ट्रीय खेलों में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने के दौरान एशियाई खेलों की पदक विजेता रमिता जिंदल और ओलंपियन इलावेनिल वालारिवन सहित कई मजबूत निशानेबाजों को मात देते हुए राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया और विश्व रिकॉर्ड की बराबरी करने से महज एक अंक के दशमलव से आगे के हिस्से से चूक गईं। तमिलनाडु का प्रतिनिधित्व कर रहीं नर्मदा ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में 254.4 के स्कोर के साथ पोडियम में शीर्ष स्थान हासिल किया तथा महाराष्ट्र की आर्या बोरसे (252.5) और रमिता (230.4) को पछाड़ा। इस प्रक्रिया में उन्होंने ओलंपियन अपूर्वी चंदेला के नयी दिल्ली में 2019 विश्व कप में बनाए गए 252.9 के राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ दिया। इस स्पर्धा का विश्व रिकॉर्ड 254.5 अंक का है जो पिछले साल नयी दिल्ली में आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल में चीन की हुआंग युटिंग ने बनाया था।

### महिला टी20 अंडर 19 विश्व कप सेमीफाइनल में भारत का पलड़ा इंग्लैंड पर भारी



**कुआलालंपुर :** भारतीय टीम अंडर 19 महिला टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में शुक्रवार को इंग्लैंड के खिलाफ उतरेगी तो टूर्नामेंट का अपना अपराजेय अभियान जारी रखना उसका लक्ष्य होगा। पहले मैच में मेजबान मलेशिया को दस विकेट से हराने के बाद भारत ने श्रीलंका को 60 रन से और बांग्लादेश को आठ विकेट से हराया। वहीं सुपर सिक्स चरण में स्कॉटलैंड को 150 रन से मात दी। निक्की प्रसाद की कप्तानी वाली टीम के लिये स्कॉटलैंड के खिलाफ जी तृषा ने 59 गेंद में 110 रन बनाये जिसमें 13 चौके और चार छक्के शामिल थे। वहीं उनकी सलामी जोड़ीदार जी कमलिनी ने 42 गेंद में 51 रन की पारी खेली। तृषा टूर्नामेंट में पांच मैचों में 76.66 की औसत से 230 रन बना चुकी है। इंग्लैंड की बल्लेबाज डेविना पेरिन 131 रन बनाकर दूसरे स्थान पर है। भारत ने स्कॉटलैंड को सिर्फ 58 रन पर आउट कर दिया था। आयुषी शुक्ला ने आठ रन देकर चार, वैष्णवी शर्मा ने पांच रन देकर तीन और तृषा ने छह रन देकर तीन विकेट लिये। वैष्णवी अब तक 12 और आयुषी दस विकेट ले चुकी हैं। टीमें : भारत : निक्की प्रसाद (कप्तान), सानिया शाल्के, जी तृषा, जी कमलिनी, भाविका अहिरे, ईश्वरी अवासरे, मिथिला विनोद, जोशिता वीजे, सोनम यादव, पारूनिका सिसोदिया, केसरी धृति, आयुषी शुक्ला, अनंदिता किशोर, एमडी शबनम, वैष्णवी एस। इंग्लैंड : एबी नोरग्रोव (कप्तान), फीबी ब्रेट, ओलिविया ब्रिसडेन, टिली कोर्टीन कोलमैन, ट्रूडी जॉनसन, कैटी जोंस, चार्लोस लैम्बार्ट, इव ओनील, डेविना पेरिन, जेमिमा स्पेंस, चार्लोट स्टब्स, अमृता सुरेनकुमार, पृषा थानावाला, एरिन थॉमस , ग्रेस थाम्पसन।

### मुक्केबाज मनोज कुमार ने संन्यास लिया, अब कोचिंग देंगे

नयी दिल्ली : राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता मुक्केबाज मनोज कुमार ने बृहस्पतिवार को संन्यास लेने की घोषणा की और अब कोच के तौर पर नयी पारी की शुरूआत करेंगे। लाइट वेल्टरवेट (64 किग्रा) में प्रतिस्पर्धा करने वाले 39 वर्षीय मुक्केबाज ने 2010 दिल्ली में अपना पहला और राष्ट्रमंडल खेलों का एकमात्र स्वर्ण पदक जीता था। वह एशियाई चैंपियनशिप में दो बार के कांस्य पदक विजेता भी हैं।

## चौथा टी20: रफ्तार के खिलाफ सैमसन की कमजोरी और फिनिशंग भारत की चिंता का सबब

**पुणे :** तेज रफ्तार के सामने संजू सैमसन की कमजोरी और रिंकू सिंह का खराब फॉर्म और फिटनेस इंग्लैंड के खिलाफ शुक्रवार को चौथे टी20 मैच से पहले भारतीय टीम प्रबंधन की चिंता का सबब होगा। राजकोट में तीसरा मैच हारने के बाद भारतीय टीम के पास मुंबई में दो फरवरी को होने वाले आखिरी मैच से पहले श्रृंखला जीतने का एक और मौका है। सूर्यकुमार यादव की टीम ने कोलकाता और चेन्नई में पहले दो मैच जीते थे। केरल के विकेटकीपर बल्लेबाज सैमसन ने टी20 सत्र की शुरूआत बांग्लादेश और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन शतक के साथ की। मौजूदा श्रृंखला में उनका स्कोर 26 , 5 और तीन रहा है जो चिंता की बात है। वह 145 किमी की रफ्तार से अधिक वाली गेंदों का सामना नहीं कर पा रहे। बांग्लादेश के खिलाफ उन्होंने तसकीन अहमद, तंजीम हसन शाकिब की गेंदें खेलीं थी जबकि दक्षिण अफ्रीका के एंडिले साइमलेन और लुथो सिपाम्ला की गेंदों का उन्होंने सामना किया। ये बहुत खतरनाक तेज गेंदबाज नहीं हैं और सैमसन ने उन्हें बखूबी खेला। वहीं इंग्लैंड के जोफ्रा आर्चर और मार्क वुड 145 से 155 किमी की रफ्तार से गेंद डालते हैं जिनकी गति सैमसन के लिये परेशानी का कारण बन गई है। तीनों मैचों में वह फिल साल्ट को कैच देकर पवेलियन लौट गए। सैमसन मुख्य कोच गौतम गंभीर के पसंदीदा खिलाड़ियों में से है और समझा जा रहा है कि अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप को देखते हुए वह उन पर भरोसा बनाये रखेंगे। लेकिन उन्हें तकनीकी कमियों से पार पाना होगा।

### रिंकू ने जमकर किया अभ्यास, अगले मैच में खेलने के लिए तैयार



**पुणे :** मध्यक्रम के आक्रामक बल्लेबाज रिंकू सिंह ने गुरुवार को यहां जमकर अभ्यास किया और वह इंग्लैंड के खिलाफ शुक्रवार को होने वाले चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में खेलने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। रिंकू को पीठ में दर्द के कारण श्रृंखला के दूसरे और तीसरे मैच में विश्राम दिया गया था तथा भारत के सहायक कोच रियान टेन डोएशे ने पुष्टि की कि यह आक्रामक बल्लेबाज अगले मैच में खेलने के लिए फिट है। टेन डोएशे ने पत्रकारों से कहा, 'रिंकू फिट है। वह पहले मैच में खेला था लेकिन इसके बाद चोटिल हो गया और अगले दो मैच में नहीं खेल पाया। मुझे लगता है कि फिट होने पर वह वापसी करेगा। उसने बल्लेबाजी का अच्छा अभ्यास किया है और मुझे लगता है कि वह कल खेलने के लिए तैयार होगा।' रिंकू को अंतिम एकादश में ध्रुव जुरेल की जगह लिया जा सकता है जिन्होंने दूसरे और तीसरे मैच में चार और दो रन बनाए।

## रैंकिंग में भारत की दुर्दशा से दुखी हैं शशिकुमार मुकुंद

**नयी दिल्ली :** शशिकुमार मुकुंद अपने डेविस कप पदार्पण में ही दर्द से कराहते हुए कोर्ट से बाहर हो गए थे, तब भारतीय टीम सितंबर 2023 में मोरक्को से 0-1 से पिछड़ रही थी। इतना ही काफी नहीं था कि वह उस जर्सी को पहनकर खेले जिस पर 'इंडिया' की स्पैलिंग गलत लिखी थी। लखनऊ में इस बुरे सपने वाले पदार्पण का अंत यहीं नहीं हुआ। अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) इससे काफी नाराज हुआ और उसने इस गलती के लिए उनसे स्पष्टीकरण मांगा। इसके बाद इससे भी बुरा हुआ जब उन्होंने पैर की चोट के कारण जनवरी में पाकिस्तान की यात्रा करने से इनकार कर दिया और स्वीडन के खिलाफ मुकाबले के लिए खुद को उपलब्ध नहीं कराया। इस बीच एआईटीए ने उन्हें अनुशासानात्मक आधार पर प्रतिबंधित कर दिया जबकि किसी को भी इस बात की भनक तक नहीं थी, यहां तक कि खिलाड़ी को भी नहीं कि उन्हें निलंबित किया गया है। कप्तान रोहित राजपाल ने उन्हें आश्वस्त किया कि अगर वह स्वीडन के खिलाफ मैच के लिए खुद को उपलब्ध कराते हैं तो वह उनका प्रतिबंध हटवा देंगे।

## पीसीबी और आईसीसी 16 फरवरी को लाहौर में आयोजित करेंगे चैंपियंस ट्रॉफी का उद्घाटन समारोह

### चैंपियंस ट्रॉफी से पहले पाकिस्तान में कप्तानों का फोटोशूट नहीं

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से पहले पाकिस्तान में कप्तानों का कोई फोटोशूट या प्रेस कांफ्रेंस नहीं होगी जिससे भारतीय कप्तान के टूर्नामेंट से पहले के कार्यक्रम के लिए वहां यात्रा करने की संभावना खत्म हो गई। मेजबान क्रिकेट बोर्ड के एक सूत्र ने बृहस्पतिवार को पीटीआई को इसकी जानकारी दी। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के सूत्र ने कहा कि पीसीबी को 'यात्रा के व्यस्त कार्यक्रमों के कारण टीमों की अनुपलब्धता' की वजह से टूर्नामेंट से पहले कप्तानों की प्रेस कांफ्रेंस रद्द करने के लिए मजबूर होना पड़ा। सूत्र ने कहा, 'बात यह है कि टूर्नामेंट से पहले सभी टीमों का कार्यक्रम व्यस्त है। इंग्लैंड और भारत सफेद गेंद की श्रृंखला खेल रहे हैं जबकि ऑस्ट्रेलियाई टीम श्रीलंका में टेस्ट और एकदिवसीय श्रृंखला खेल रही है।' उन्होंने यह भी कहा कि पीसीबी आधिकारिक उद्घाटन समारोह के बजाय 16 फरवरी को लाहौर में टूर्नामेंट शुरू करने का कार्यक्रम आयोजित करेगा।

**कराची :** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के साथ मिलकर आगामी चैंपियंस ट्रॉफी का उद्घाटन समारोह 16 फरवरी को लाहौर में करायेगा। पीसीबी के एक सूत्र ने पीटीआई को कहा कि चेयरमैन मोहसिन नकवी ने 19 फरवरी को कराची में राष्ट्रीय स्टेडियम में पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले पहले मैच से पहले के निर्धारित कार्यक्रमों की सूची को मंजूरी दी। पीसीबी मरम्मत किए गए गद्दाफी स्टेडियम का सात फरवरी को आधिकारिक रूप से उद्घाटन करेगा जिसके लिए प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ को मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया गया है। पीसीबी 11 फरवरी को कराची में एक समारोह में पुनर्निर्मित राष्ट्रीय स्टेडियम को भी लांच करेगा जिसमें राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। सूत्र ने कहा कि पीसीबी और आईसीसी कप्तानों की प्रेस कांफ्रेंस और फोटोशूट के कार्यक्रम पर भी काम कर रहे हैं जिसके 16 फरवरी को लाहौर में होने की संभावना है। उद्घाटन समारोह ऐतिहासिक लाहौर किले के हजूरी बाग में तय किया गया है जिसमें विभिन्न बोर्डों के अधिकारी, मशहूर हस्तियां, खेल के दिग्गज और सरकारी अधिकारी आमंत्रित किए जाएंगे।



## डीपसीक को जल्द ही भारतीय सर्वर पर लाया जाएगा: वैष्णव



**नयी दिल्ली :** सरकार ने बृहस्पतिवार को कहा कि ओपन सोर्स मॉडल डीपसीक को जल्द ही भारतीय सर्वर पर लाया जाएगा, ताकि चीनी कृत्रिम मेधा (एआई) मंच पर डेटा सुरक्षा और गोपनीयता संबंधी चिंताओं को दूर किया जा सके। चीनी कंपनी डीपसीक ने तब सुर्खियां बटोरीं, जब उसके एआई मॉडल आर1 ने चैट-जीपीटी को पछाड़कर एप्पल के ऐपस्टोर पर शीर्ष रैंक वाला मुफ्त ऐप बना लिया, जिसने अबतक अमेरिकी कंपनियों, विशेष रूप से सिलिकॉन वैली की अग्रणी ओपन-एआई के साथ केंद्रित एआई दबदबे को चुनौती दी। एआई चिप निर्माता और वॉल स्ट्रीट की प्रमुख कंपनी एनवीडिया का बाजार पूंजीकरण सोमवार को 590 अरब डॉलर घट गया, जो इतिहास में किसी भी कंपनी के लिए एक दिन में सबसे बड़ी गिरावट थी। हालांकि, आलोचकों ने डेटा सुरक्षा और गोपनीयता के बारे में चिंता जताई है, क्योंकि डीपसीक चीन में स्थित है। बृहस्पतिवार को, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि प्रत्येक ऐप या प्रणाली जिसे सुरक्षा मापदंडों पर परीक्षण करने की आवश्यकता है, का परीक्षण किया जाएगा और निर्णय लिए जाएंगे। उन्होंने कहा, अच्छी बात यह है कि डीपसीक एक ओपन-सोर्स मॉडल है, और हम बहुत जल्द ही भारतीय सर्वर पर डीपसीक को लाने जा रहे हैं, जिस तरह से हम भारतीय सर्वर पर लामा (मेटा-एआई द्वारा विकसित बड़े भाषा मॉडल / जनरेटिव एआई मॉडल) को लाए हैं। वैष्णव ने कहा, जो कुछ भी ओपन सोर्स है उसे हमारे सर्वर पर लिया और होस्ट किया जा सकता है ताकि डेटा गोपनीयता मापदंडों को हल किया जा सके, और हम जल्द ही ऐसा करने जा रहे हैं।

## वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम में एक साल में 10 प्रतिशत से अधिक वृद्धि नहीं होगी



**नयी दिल्ली :** भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) ने बीमा कंपनियों को निर्देश दिया है कि वे वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम में एक साल में 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि नहीं करें। बीमा क्षेत्र के नियामक ने यह कदम इसलिए उठाया है क्योंकि उसके संज्ञान में आया है कि कुछ स्वास्थ्य बीमा उत्पादों में वरिष्ठ नागरिकों (60 साल और अधिक) के बीमा प्रीमियम दरों में काफी बड़ी वृद्धि की गई है। इरडा ने एक परिपत्र में सभी साधारण और स्वास्थ्य बीमा कंपनियों को निर्देश दिया है कि वे वरिष्ठ नागरिकों के लिए व्यक्तिगत स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम में एक साल में 10 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी नहीं

# आरबीआई ने भुगतान प्रणाली कानून के तहत जुर्माना लगाने के नियमों को कड़ा किया

**मुंबई :** भारतीय रिजर्व बैंक ने बृहस्पतिवार को केंद्रीय बैंक की प्रवर्तन कार्रवाई को तर्कसंगत और समेकित करने के मकसद से भुगतान और निपटान प्रणाली अधिनियम के तहत मौद्रिक जुर्माना और समझौता करने लायक (कम्पाउंडिंग) अपराधों को लेकर मानदंडों को कड़ा किया। संशोधित रूपरेखा के तहत भुगतान प्रणाली परिचालकों और बैंकों के लिए प्राधिकरण के बिना अनुमति के भुगतान प्रणाली का संचालन, प्रतिबंधित सूचना का खुलासा करने और निर्धारित अवधि के भीतर रिजर्व बैंक द्वारा लगाए गए जुर्माने का भुगतान करने में विफल रहना, भुगतान और निपटान प्रणाली अधिनियम (पीएसएस अधिनियम) के तहत अपराध की श्रेणी में आता है। रूपरेखा के अनुसार, रिजर्व बैंक को उल्लंघन/चूक के मामले में 10 लाख रुपये या मामले में जुड़ी राशि का दोगुना, इसमें जो भी ज्यादा हो, जुर्माना लगाने का अधिकार है। इससे पहले, आरबीआई को पांच लाख रुपये तक का जुर्माना लगाने का अधिकार था। यह राशि जन विश्वास (प्रावधानों का संशोधन) अधिनियम, 2023 के लागू होने के बाद बढ़ायी गयी थी, जो 22 जनवरी, 2024 को लागू हुआ। ऐसे मामलों में जहां ऐसा उल्लंघन या चूक जारी है, पहले जुर्माने के बाद हर दिन के लिए 25,000 रुपये तक का अतिरिक्त जुर्माना भी लगाया जा सकता है। यह जुर्माना तबतक लगाया जा सकता है जबतक नियमों का उल्लंघन या चूक जारी रहती है। इसमें कहा गया है कि पीएसएस अधिनियम, रिजर्व बैंक के अधिकारी को समझौता करने लायक उल्लंघनों से जुड़े मामलों के निपटान को लेकर अधिकृत करता है। ये अपराध ऐसे नहीं होने चाहिए जिसमें कारावास या जेल तथा जुर्माने का प्रावधान है।



### पांच-पांच राज्यों की तीन समितियां श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने का तरीका तैयार करेंगी

**नयी दिल्ली :** श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि मार्च, 2025 तक श्रमिकों के लिए व्यापक सामाजिक सुरक्षा कवरेज का एक स्थायी मॉडल विकसित करने के लिए पांच-पांच राज्यों की तीन समितियों का गठन किया गया है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के श्रम मंत्रियों और श्रम सचिवों के साथ बृहस्पतिवार को संपन्न हुई दो दिन की कार्यशाला के बाद इन समितियों का गठन किया गया है। दो दिवसीय कार्यशाला के दौरान किए गए विचार-विमर्श और सुझावों पर ध्यान देते हुए केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने राज्यों से पिछले दो दिनों के दौरान विभिन्न राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा प्रदर्शित सर्वोत्तम व्यवहार को अपनाने की व्यवहार्यता का आकलन करने का आग्रह किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि मंत्रालय प्रतिबद्ध है और वह संगठित और असंगठित श्रमिकों का कल्याण सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न सुधारों और पहल को डिजाइन करने के लिए राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम करना जारी रखेगा।

## रिलायंस, एयरटेल में लिवाली से शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी, सेंसेक्स 227 अंक मजबूत



**मुंबई :** स्थानीय शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन बृहस्पतिवार को तेजी जारी रही और बीएसई सेंसेक्स 227 अंक और चढ़ गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल और एचडीएफसी बैंक जैसे बड़े शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी आई। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 226.85 अंक यानी 0.30 प्रतिशत की तेजी के साथ 76,759.81 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 429.92 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 86.40 यानी 0.37 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,249.50 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से भारती एयरटेल, पावर ग्रिड, बजाज फाइनेंस, नेस्ले, महिंद्रा एंड महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एशियन पेंट्स, इंडसइंड बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एचडीएफसी बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहे। बजाज फाइनेंस का वित्तीय परिणाम आने के बाद कंपनी का शेयर दो प्रतिशत चढ़ा। कंपनी का दिसंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 18 प्रतिशत बढ़कर 4,308 करोड़ रुपये रहा है। वहीं, टाटा मोटर्स का शेयर सात प्रतिशत से अधिक नीचे आया। कंपनी का दिसंबर, 2024 को समाप्त तिमाही में लाभ 22 प्रतिशत घटकर 5,578 करोड़ रुपये रहा है। मुख्य रूप से यात्री और वाणिज्यिक वाहन खंड से आमदनी कम होने से कंपनी का लाभ कम हुआ। इसके अलावा, आईटीसी होटल्स, बजाज फिनसर्व, अदाणी पोर्ट्स, टेक महिंद्रा, जोमैटो और कोटक महिंद्रा बैंक में भी गिरावट रही। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'उतार-चढ़ाव के बावजूद घरेलू शेयर बाजार लाभ में बंद हुए। अमेरिका में तेल भंडार बढ़ने के साथ तेल कीमतों में गिरावट और 10 साल के बॉन्ड पर प्रतिफल कम होने से एफआईआई की निकासी में कुछ कमी आ सकती है...।' उन्होंने कहा, 'शनिवार को पेश होने वाला बजट महत्वपूर्ण है। बजट में वृद्धि और खपत को बढ़ाने वाली नीतियों की उम्मीद है। इससे बाजार में जो नाकारात्मक रुख है, उसमें बदलाव आएगा।' रेलगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, 'वायदा एवं विकल्प खंड में मासिक सौदों के निपटान के अंतिम दिन बाजार में उतार-चढ़ाव रहा। हालांकि बाजार लगातार तीसरे दिन बढ़त बनाये रखने में कामयाब रहा।

## न्यूज अपडेट

### सोना 83,800 रुपये की नयी ऊंचाई पर, चांदी 1,150 रुपये मजबूत

**नयी दिल्ली :** मजबूत वैश्विक रुख के बीच बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमतों में लगातार दूसरे सत्र में तेजी आई और यह 83,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 50 रुपये की तेजी के साथ 83,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्चस्तर पर पहुंच गई। बुधवार को सोना 83,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 50 रुपये की तेजी के साथ 83,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी सत्र में यह 83,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

### पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत अक्टूबर तक 20 लाख घरों में होगी सौर प्रणाली: मंत्री

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय बिजली और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्यमंत्री श्रीपाद येसो नाइक ने बृहस्पतिवार को कहा कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत छतों पर लगाये जा रहे सौर संयंत्रों की संख्या अक्टूबर 2025 तक 20 लाख के आंकड़े पर पहुंचने की उम्मीद है। उन्होंने यहां उद्योग मंडल पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) के 'डिस्कॉम' सम्मेलन में कहा कि मार्च तक छतों पर लगभग 10 लाख सौर संयंत्र स्थापित होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि पीएम सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना छतों पर सौर प्रणाली लगाने की दुनिया की सबसे बड़ी पहल है। इस योजना के तहत मार्च, 2027 तक एक करोड़ घरों की छतों पर सौर ऊर्जा प्रणाली स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है।

### रुपया सात पैसे टूटकर 86.62 प्रति डॉलर पर

**मुंबई :** अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के आक्रामक रुख के बीच अमेरिकी मुद्रा के मजबूत होने से बृहस्पतिवार को अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया सात पैसे कमजोर होकर 86.62 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी तथा विदेशी बाजारों में अमेरिकी मुद्रा की व्यापक मजबूती के कारण रुपये पर दबाव जारी है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया कमजोर रुख के साथ 86.58 पर खुला और सत्र के दौरान अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 86.56 के उच्चतम स्तर तक गया और 86.65 के निचले स्तर तक आया।

### अकासा एयर ने प्रयागराज के लिए उड़ानें बढ़ाईं, किराया 30-45 प्रतिशत घटाया

नयी दिल्ली : अकासा एयर ने प्रयागराज के लिए उड़ानों का किराया 30-45 प्रतिशत तक घटाया है। इसके साथ ही एयरलाइन ने शहर के लिए उड़ानों की संख्या में बढ़ोतरी की है। इससे पहले बुधवार को नागर विमानन मंत्रालय ने एयरलाइन कंपनियों से उड़ानें बढ़ाने और प्रयागराज की उड़ानों के लिए उचित हवाई किराया बनाए रखने को कहा था। बृहस्पतिवार को जारी बयान में अकासा एयर ने कहा कि उसने पुणे, हैदराबाद, अहमदाबाद और बेंगलुरु से प्रयागराज के लिए विशेष उड़ानें शुरू की हैं। यह मुंबई और दिल्ली से प्रतिदिन की सीधी सेवाओं के अतिरिक्त है। सूत्रों ने बताया कि अकासा एयर ने प्रयागराज जाने वाली उड़ानों के लिए टिकट की कीमतों में 30-45 प्रतिशत की कटौती की है।

वर्ष 9, पूर्णांक 4135 अंक 285, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in